रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 27 फरवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-187 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### वीर सावरकर की पुण्य तिथि पर मोदी ने याद किया उनका त्याग

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की पुण्य तिथि पर उनके तप, त्याग और संघर्ष का स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने एक्स पर श्रद्धांजलि संदेश में कहा, सभी देशवासियों की ओर से वीर सावरकर को उनकी पुण्यतिथि पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। आजादी के आंदोलन में उनके तप, त्याग, साहस और संघर्ष से भरे अमूल्य योगदान को कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। सावरकर को उनके प्रशंसक वीर सावरकर के नाम से सम्बोधित करते हैं। उनका जन्म 28 मई 1883 को बॉम्बे प्रेसिडेन्सी में नासिक के निकट भागुर गांव में हुआ था।



### वर्षाजनित घटनाओं में 36 लोगों की मौत, 40 घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान में वर्षाजनित घटनाओं में कम से कम 36 लोगों की मौत और अन्य 40 के घायल होने की रिपोर्टें सामने आयी हैं। राजधानी काबुल समेत देश के अधिकतर हिस्सों में सोमवार से भारी बारिश और हिमपात हो रहा है। मौसम विभाग ने 34 में से 32 प्रांतों में हिमपात और रुक-रुक कर बारिश होने का अनुमान जताया है। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनन सैक ने बुधवार को बताया कि आपदा के कारण 300 से अधिक आवासीय घर पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट हो गए हैं तथा सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि बाढ़ की चपेट में है। पश्चिमी फराह प्रांत और उसके निकटवर्ती कंधार और हेलमंद प्रांतों में अचानक आयी बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है।

### मणिपुर में जनता ने 87 हथियारों को किया सरेंडर



**इंफाल।** मणिपुर में चुराचांदपुर, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल, कांगपोकपी, जिरीबाम और इंफाल पश्चिम जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान जनता ने स्वेच्छा से कुल 87 विभिन्न प्रकार के हथियार, गोला-बारूद और अन्य विविध वस्तुएं पुलिस के समक्ष समर्पण किये हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के सामने समर्पण किये गये हथियारों में खाली मैगजीन के साथ छह 7.62 मिमी सेल्फ-लोडिंग राइफलें, बिना पंजीकरण संख्या के इंसास 5.56 एलएमजी, एम-79 40 मिमी लाठी यूबीजीएल बंदूक शामिल हैं।

# महाकुंभः करीब 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में लगायी पावन डुबकी

पायनियर संवाददाता ◂ गोरखपुर
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुंभ में अब तक लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने मां गंगा, मां यमुना व मां सरस्वती की त्रिवेणी में पावन डुबकी लगाकर राष्ट्रीय एकात्मकता का नया संदेश दिया। योगी ने महाशिवरात्रि पर बुधवार को गोरखपुर के प्रमुख शिवालयों के भ्रमणए दर्शन, पूजन और जलाभिषेक के दौरान मुक्तेश्वरनाथ मंदिर पर मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम के भाव के साथ श्रद्धालु सभी को राष्ट्रीयता के प्रति समर्पित होने की नई प्रेरणा भी प्रदान कर रहे हैं। उधर काशी विश्वनाथ धाम में भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटे हैं। पिछले डेढ़ महीने से अधिक समय से लगातार वहां पर आठ से 10 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन बाबा विश्वनाथ धाम में दर्शन कर रहे हैं और आज तो महाशिवरात्रि भी है। अयोध्या धाम में भी यही स्थिति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 से 10 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन वहां श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में आज भी अपार भीड़ है। प्रदेश के सभी अन्य देवालयों जैसे गाजियाबाद में बाबा ददुग्धेश्वरनाथ धाम, बागपत में पुरा महादेवधाम, मेरठ के बाबा औघड़नाथ धाम, बाराबंकी के बाबा लोधेश्वरनाथ मंदिर, गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर, मानसरोवर मंदिर, मुक्तेश्वरनाथ मंदिर, नाथनगरी बरेली, गोंडा बस्ती में बाबा भदेश्वरनाथ मंदिर, झारखंडी महादेव मंदिर, अयोध्या के नागेश्वरनाथ मंदिर, रुद्रपुर देवरिया के दुग्धेश्वरनाथ मंदिरए संतकबीरनगर के तामेश्वरनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जिस लोक कल्याण के भाव की प्रेरणा देवाधिदेव महादेव से हम सबको प्राप्त होती हैए उसी लोकेमंगल की कामना से हम लोग अपने समाज और राष्ट्र के लिए समर्पण भाव से कार्य कर पाएंगे। योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों, प्रयागराज महाकुंभ,बाबा विश्वनाथ धाम समेत विभिन्न स्थानों पर देश-दुनिया से आए श्रद्धालुओं तथा प्रदेश के सभी शिवालयों में उमड़े आस्थावानों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। गोरखपुर के प्रमुख शिवालयों के भ्रमण, दर्शन, पूजन और जलाभिषेक के दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज महाशिवरात्रि है अर्थात देवाधिदेव महादेव की उपासना का विशेष दिवस। देवाधिदेव महादेव कल्याण के देवता हैं। वह सबके प्रति कल्याण का भाव रखते हैं। उनकी कृपा दृष्टि से ही सभी व्यवस्था संचालित हो पाती है। महाशिवरात्रि पर प्रयागराज महाकुंभ में, बाबा विश्वनाथ के धाम काशी में और प्रदेश के अन्य सभी महत्वपूर्ण शिवालयों में श्रद्धालुजन भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था निवेदित कर रहे हैं।

## सड़क हादसे में चार की मौत
## सात घायल, सीएम साय ने जताया दुख




पायनियर संवाददाता ◂ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में ट्रक और बोलेरो की जबरजस्त टक्कर में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, वही सात अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। यह हादसा सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम विशुनपुर प्लांट के पास एनएच- 43 पर हुआ है। हादसे से आक्रोशित लोगों ने ट्रक में आग लगा दी। सूचना के बाद सीतापुर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों व घायलों को सीएचसी सीतापुर भेजा। सरगुजा जिले के ग्राम रेवापुर-सखौली में रहने वाले महिला-पुरुष व बच्चे सहित। लोग महाशिवरात्रि के मौके पर बोलेरो में सवार होकर जशपुर जिले के किलकिला स्थित शिव मंदिर में दर्शन करने गए थे। पूजा-अर्चना के बाद सभी बोलेरो से घर लौट रहे थे। इस दौरान यह हादसा हो गया। हादसे में एक मासूम सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस बीच, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा की सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र में बोलेरो-कंटेनर के बीच हुई सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु की खबर अत्यंत दुःखद है। सरगुजा जिला प्रशासन द्वारा घायलों को त्वरित इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्रशासन को बेहतर चिकित्सकीय व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने व घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ।

## सुप्रीम कोर्ट ने कुमारस्वामी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई रद्द करने से किया इनकार

पायनियर संवाददाता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी के कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल से जुड़े भूमि विमुद्रीकरण मामले में उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई रद्द करने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और राजेश बिंदल की पीठ ने मंगलवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में 2018 के संशोधन के तहत छूट की मांग करने वाली कुमारस्वामी की याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि संशोधन को पूर्वव्यापी रूप से लागू नहीं किया जा सकता।

## महाशिवरात्रि की धूमः हर तरफ 'हर-हर महादेव' की गूंज

**नयी दिल्ली।** देशभर में बुधवार को महाशिवरात्रि का त्योहार धूमधाम से मनाया गया और इस मौके पर वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर सहित विभिन्न



शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इससे साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित विभिन्न नेताओं ने देशवासियों को बधाई दी। सद्गुरु के कोयंबटूर स्थित ईशा फाउंडेशन में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष समारोह का आयोजन किया गया है। यहां उत्सव महाशिवरात्रि की शाम से शुरू होता है और सुबह तक चलता है।केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए वहां पहुंचे हैं।

## सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में त्योहारों की महत्वपूर्ण भूमिका : धनखड़

पायनियर संवाददाता ◂ ईटानगर
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महाशिवरात्रि के अवसर पर कहा कि त्योहार सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले के बोसिमला में पहली बार संयुक्त मेगा न्योकुम युल्लो समारोह के दौरान धनखड़ ने राज्य की विशाल जलविद्युत क्षमता की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में 50 हजार मेगावाट की क्षमता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक मेगावाट बिजली पैदा करने के लिए 10 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होती है। इस क्षेत्र में पांच लाख करोड़ रुपये की भारी निवेश क्षमता है। कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय मंत्री एवं अरुणाचल पश्चिम लोक सभा सांसद किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश में हुए विकास पर प्रकाश डाला।

## बिहार में नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार
## भाजपा के सात विधायक बने मंत्री



पायनियर संवाददाता ◂ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए भारतीय जनता पार्टी कोटे से सात विधायकों को मंत्री बनाया है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री पद की शपथ लेने वालों में दरभंगा नगर से विधायक संजय सरावगी, बिहारशरीफ से डॉ. सुनील कुमार, दरभंगा के जाले विधानसभा क्षेत्र से विधायक जीवेश मिश्रा, मुजफ्फरपुर के साहेबगंज से विधायक राजू कुमार सिंह, सीतामढ़ी के रीगा से विधायक मोतीलाल प्रसाद, अररिया के सिकटी से विधायक विजय कुमार मंडल और अमनौर से विधायक कृष्ण कुमार मंटू शामिल हैं। नवनियुक्त मंत्री मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में भाजपा कोटे से आए हैं। इस विस्तार से सरकार ने आगामी चुनावों से पहले विभिन्न वर्गों और समुदायों को साधने की रणनीति अपनाई है।

## आज के दिन ही वायु सेना के जांबाजों ने बालाकोट में 300 आतंकवादियों को किया था ढेर

पायनियर संवाददाता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




भारतीय वायु सेना के जाबांज पायलटों ने छह वर्ष पहले आज ही के दिन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के बालाकोट में एयर स्ट्राइक कर पुलवामा हमले का बदला लेते हुए सैकड़ों आतंकवादियों के साथ अनेक आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था। जैश ए मोहम्मद के आतंकवादियों ने 2019 में 14 फरवरी को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के काफिले पर विस्फोट से हमला किया था जिसमें करीब 40 जवान शहीद हो गये थे। भारतीय वायु सेना ने इसके जवाब में 26 फरवरी के तड़के पाकिस्तान के कब्जे वाले बालाकोट में एयर स्ट्राइक में ताबड़ तोड़ हमले किये थे। वायु सेना के मिराज -2000 लड़ाकू विमानों ने करीब बीस मिनट की कार्रवाई में जैश ए मोहम्मद के अनेक आतंकवादी ठिकानों पर भीषण बमबारी की जिसमें अनेक आतंकवादी ठिकाने राख के ढेर में तब्दील हो गये और लगभग 300 आतंकवादी मारे गये।

## कैग रिपोर्ट सार्वजनिक हो, पीएसी करे इसकी जांचः कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने दिल्ली की आबकारी नीति पर कैग की रिपोर्ट विधानसभा की पटल पर पेश करने का स्वागत किया है, लेकिन कहा है कि इसे



सार्वजनिक कर लोक लेखा समिति (पीएसी) से इसकी जांच कराई जानी चाहिए। कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव तथा वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने कैग की 14 में से एक रिपोर्ट ही विधानसभा के पटल पर रखी है और इससे साफहै की शराब नीति घोटाले में भाजपा शामिल है इसलिए रिपोर्ट को सार्वजनिक कर इस घोटाले को सबके सामने लाया जाना चाहिए।

## स्वयं को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के निरंतर प्रयास करें महिलाएं : राष्ट्रपति मुर्मु

पायनियर संवाददाता ◂ गढ़ा (छतरपुर)
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश की महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि महिलाएं स्वयं को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के निरंतर प्रयास करती रहें क्योंकि महिलाओं के सफल होने से समाज सफल होता है। मुर्मु मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ा ग्राम स्थित बागेश्वर धाम में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहीं थीं। इस दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खजुराहो सासंद और भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भी उपस्थित थे। मुर्मु ने कहा कि वे 251 बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर अत्यंत प्रसन्न हैं। उन्होंने कहा कि हमारा समाज प्रगति के पथ पर आगे बढ़े, उनकी यही कामना है। इसके साथ ही उन्होंने नवयुगलों को सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि ये समारोह जन सहयोग से हो रहा है और इसमें नवयुगलों को आवश्यक सामान दिया जा रहा है। ये जनकल्याण का कार्य है। आज विवाह बंधन में बंधने वाले दंपत्ति इस दिवस की स्मृतियों को संजो कर रखेंगे, ऐसा विश्वास है। मुर्मु ने कहा कि भारत की परंपरा में संतों ने सदा से अपने कर्मो और वाणी से जनमानस को राह दिखाई है। समकालीन समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने समाज में फैले अंधविश्वास के प्रति जागरुक किया है। भेदभाव को दूर किया है। संतों ने महिला को समाज में उचित स्थान देने के प्रयास किए हैं। उन्होंने कई संतों के नाम लेते हुए कहा कि उन्होंने सदा समाज कल्याण के कार्य किए हैं। इसी के साथ उन्होंने कहा कि हमारे छोटे छोटे प्रयास बेटियों को सशक्त बनाएंगे। उन्होंने कहा कि वे सभी महिलाओं से कहना चाहेंगी कि वे स्वयं को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करें क्योंकि महिलाओं के सफल होने से समाज सफल होगा।

### केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा, इसके बजाय सीटों की संख्या बढ़ेगी

## परिसीमन के बाद तमिलनाडु में एक भी लोकसभा सीट कम नहीं होगी : शाह

वार्ता ◂ कोयंबटूर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी अमित शाह ने कहा कि परिसीमन के बाद तमिलनाडु के एक भी लोकसभा सीट कम नहीं होगी। शाह ने पीलामेडु में भाजपा पार्टी कार्यालय का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करने और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रामनाथपुरम और तिरुवन्नामलाई में पार्टी कार्यालयों का उद्घाटन उद्घाटन किया। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा प्रहार किया और प्रस्तावित परिसीमन के तहत तमिलनाडु सहित दक्षिणी राज्यों में एक भी लोकसभा सीट कम नहीं होगी। गौरतलब है कि स्टालिन ने कहा था कि जनसंख्या के आधार पर किए जाने वाले परिसीमन के तहत तमिलनाडु में आठ लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी। उन्होंने कहा था कि परिसीमन दक्षिणी राज्यों पर लटकी एक घातक तलवार है। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा करने और राज्य के अधिकारों की रक्षा के लिए पांच मार्च को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। शाह ने स्टालिन के दावे का पुरजोर खंडन करते हुए कहा कि परिसीमन प्रक्रिया के तहत तमिलनाडु सहित दक्षिणी राज्यों में एक भी सीट कम नहीं होगी। उन्होंने कहा, इसके बजाय सीटों की संख्या बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि 2025 में दिल्ली में सरकार बनाकर भाजपा के लिए एक नयी सुबह देखी गई और अब 2026 में (जब विधानसभा चुनाव होंगे) तमिलनाडु में एक नयी सुबह देखी जाएगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में द्रमुक के भ्रष्ट और राष्ट्र-विरोधी शासन को समाप्त करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, वर्ष 2025 की शुरुआत दिल्ली में ऐतिहासिक जीत के साथ हुई है और हम 2026 का समापन तमिलनाडु में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बनाकर करेंगे। उन्होंने कहा, तमिलनाडु में राजग सरकार बनने जा रही है। अब भाई-भतीजावाद खत्म होगा, भ्रष्टाचार मिटेगा और राष्ट्र-विरोधी ताकतों को जड़ से उखाड़ फेंका जाएगा। तमिलनाडु में विकास का एक नया युग शुरू होगा, जो भारत की समग्र प्रगति को गति देगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से नए जोश के साथ कमर कसने और 2026 में तमिलनाडु में राजग सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत से आगे बढ़ने की अपील करते हुए द्रमुक पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि द्रमुक के सभी नेताओं ने भ्रष्टाचार में मास्टर डिग्री हासिल की है। उन्होंने कहा, एक नेता नौकरी के लिए पैसे के घोटाले में फंसा है, दूसरा हवाला कारोबार में, तीसरा आय से अधिक संपत्ति के मामले में और चौथा कोयला घोटाले में फंसा है। यहां तक कि 2जी घोटाला भी अभी पूरी तरह से सुलझा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कभी-कभी ऐसा लगता है कि द्रमुक ने चुनिंदा लोगों को ही सदस्यता दी है। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा तमिलनाडु के लिए कोई धनराशि जारी नहीं करने के स्टालिन के आरोप का खंडन करते हुए शाह ने कहा कि केंद्र ने पिछले 10 वर्षों में राज्य के लिए पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि जारी की हैं। उन्होंने कहा, स्टालिन का कहना है कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार तमिलनाडु के साथ गलत व्यवहार कर रही है, लेकिन वास्तव में तमिलनाडु के साथ अन्याय तब हुआ जब केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार सत्ता में थी और आपके मंत्री भी इसका हिस्सा थे।

## सेना ने रासायनिक युद्ध एजेन्टों का पता लगाने वाली प्रणाली की खरीद के लिए अनुबंध किया

पायनियर संवाददाता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




सेना ने रासायनिक युद्ध एजेन्टों का पता लगाने में सक्षम स्वचालित रासायनिक एजेंट डिटेक्शन और अलार्म प्रणाली की खरीद के लिए 80 करोड़ 43 लाख रूपये की लागत से मेसर्स एल एंड टी लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मंगलवार को इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किये गये और इसके तहत 223 अलार्म प्रणाली खरीदी जायेंगी। यह अनुबंध भारतीय खरीद श्रेणी के अंतर्गत है और इससे सरकार के आत्मनिर्भरता अभियान को अच्छा खासा बढ़ावा मिलेगा। इस प्रणाली के उपकरणों के 80 प्रतिशत से अधिक घटक और उप-प्रणालियाँ स्थानीय स्तर पर खरीदी जाएँगी। इस प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान, ग्वालियर द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। यह रासायनिक, जैविक, रेडियोधर्मी और परमाणु क्षेत्र में देश की स्वदेशीकरण पहल में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस प्रणाली का इस्तेमाल पर्यावरण से हवा का नमूना लेकर रासायनिक युद्ध एजेंटों (सीडब्ल्यूए) और प्रोग्राम किए गए विषाक्त औद्योगिक रसायनों (टीआईसी) का पता लगाने के लिए किया जाता है। यह आयन मोबिलिटी स्पेक्ट्रोमेट्री के सिद्धांत पर काम करता है और इसमें हानिकारक एवं विषाक्त पदार्थों का निरंतर पता लगाने और एक साथ निगरानी के लिए दो अत्यधिक संवेदनशील आईएमएस सेल होते हैं। सेना की क्षेत्रीय इकाइयों में इस प्रणाली को शामिल करने से सेना की परिचालन के साथ-साथ शांति काल, विशेषकर औद्योगिक दुर्घटनाओं से संबंधित आपदा राहत स्थितियों से निपटने के लिए रक्षात्मक क्षमता में अच्छी खासी वृद्धि होगी।

## दो मई को खुलेंगे 11वें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के कपाट


वार्ता ◂ उखीमठ/देहरादून
www.dailypioneer.com



विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के कपाट इस वर्ष ग्रीष्मकालीन दर्शनार्थ आगामी दो मई को प्रातः सात बजे, बैशाख, मास, मिथुन राशि, वृष लग्न में विधि-विधान से खुलेंगे। इससे पूर्व, 27 अप्रैल को भगवान भैरवनाथ जी की पूजा होगी। जबकि बाबा केदार की पंच मुखी डोली 28 अप्रैल को ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ से केदारनाथ धाम प्रस्थान करेगी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर, ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ में केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग, केदारनाथ, विधायक आशा नौटियाल, दायित्वधारी चंडीप्रसाद भट्ट एवं बदरीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल सहित पंचगाई समिति के पदाधिकारियों, तथा सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में धर्माचार्यों, वेदपाठियों द्वारा पंचाग गणना पश्चात विधि- विधान से केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि निश्चित हुई। इस अवसर पर ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुजन ओंकारेश्वर मंदिर दर्शन को पहुंचे। भगवान भोलेनाथ के भजन, कीर्तन का आयोजन भी हुआ तथा श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण किया। इसके साथ ही, भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली के केदारनाथ धाम प्रस्थान का कार्यक्रम भी घोषित हो गया। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि कपाट खुलने की तिथि तय होने के साथ ही भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली के केदारनाथ धाम प्रस्थान का कार्यक्रम भी घोषित हो गया।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मध्यप्रदेश औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिय अध्याय बनेगी: विष्णुदत्त

पायनियर संवाददाता भोपाल
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं देशी-विदेशी निवेशकों का आभार जताया है। शर्मा ने कहा कि यह समिट मध्यप्रदेश औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिय अध्याय बनेगी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट विकसित मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश विकास में नित नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। आजादी के बाद वर्षों तक मध्यप्रदेश में शासन करने वाली कांग्रेस के कार्यकाल में अंग्रेजों के जमाने में स्थापित उद्योग भी दम तोड़ दिए थे। 2003 में मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद उद्योगों को प्रोत्साहित किया और आज मध्यप्रदेश में देशी और विदेशी निवेशक लाखों करोड़ का निवेश कर रहे हैं। संभागों में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव व ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 30 लाख 77 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए हैं, जिनमें 21 लाख 40 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। शर्मा ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार मध्यप्रदेश को विकसित मध्यप्रदेश से स्वर्णिम और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश के विकास के लिए भागीरथ प्रयास कर रहे हैं। 30 लाख 77 हजार करोड़ से अधिक के जो निवेश प्रस्ताव आए हैं, वह सब धरातल पर कार्य रूप में परिणित होंगे और मध्यप्रदेश हर क्षेत्र में तेज गति से तरक्की करेगा। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की नीतियों और उनके कार्यों से भारत का वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान बढ़ा है। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता मोदी पर देशी-विदेशी उद्योगपतियों का अटूट विश्वास है। इसी अटूट विश्वास का परिणाम है कि भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 60 से अधिक देशों के 100 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश में निवेश और व्यापारिक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की है। रूस, जर्मनी, जापान, इटली, कनाडा, मोरक्को, पोलैंड, रवांडा और यूनाइटेड किंगडम जैसे 9 देशों ने समिट में कंट्री पार्टनर के रूप में सहभागिता की। 300 से अधिक उद्योग घरानों के प्रमुखों सहित 25 हजार से अधिक देशी-विदेशी निवेशकों ने मध्यप्रदेश में निवेश करने में रूचि दिखाई है।

# हिमाचल प्रदेश में तीन हेलीपोर्ट के निर्माण के लिए मंजूरी: प्रवक्ता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में तीन हेलीपोर्ट के निर्माण के लिए केंद्र सरकार से प्रथम चरण की मंजूरी (स्टेज-वन क्लीयरेंस) मिल गई है। यह जानकारी एक प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि चंबा जिले के होली और पांगी में हेलीपोर्ट के साथ-साथ कुल्लू जिले के मनाली में ग्रीन टैक्स बैरियर के पास एक हेलीपोर्ट भी शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में हेलीपोर्ट के निर्माण में तेजी लाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य में कोई देरी न हो और सभी आवश्यक औपचारिकताएं, विशेष रूप से वन मंजूरी की प्रक्रिया अतिशीघ्र पूर्ण की जाए। प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के उद्देश्य से हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए हेलीपोर्ट के विकास को विशेष प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिला मुख्यालयों और जनजातीय क्षेत्रों में 16 हेलीपोर्ट बनाकर हवाई संपर्क को मजबूत करने के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार पर्यटन के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और आगंतुकों के लिए सुविधाओं में सुधार पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके अतिरिक्त, कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार कार्य में तेजी लाई गई है और भुंतर हवाई अड्डे का विस्तार करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटक प्रदेश में अपने पसंदीदा गंतव्यों तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

# पर्यटकों की कमी से रद्द हो रहे हैं पैलेस ऑन वील्स के फेरे

एजेंसी जैसलमेर
www.dailypioneer.com

दुनियाभर में हुए विभिन्न घटनाक्रमों के कारण विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगातार कमी आ रही है, जिसका सीधा असर राजस्थान की आन शाही रेलगाड़ी 'पैलेस ऑन वील्स' पर देखा जा रहा है। पर्यटन से जुड़े सूत्रों ने बताया कि अमेरिका में हाल ही में हुए चुनाव, रूस यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध, फ्रांस सहित कई यूरोपीय देशों में खस्ता आर्थिक हालात जैसे कई कारण हैं, जिसकी वजह से गत वर्ष 2024-25 के पर्यटन सीजन में विदेशी पर्यटकों की संख्या में काफी कमी आयी है। इस पर्यटन सीजन में ही पैलेस ऑन वील्स के करीब 50 प्रतिशत फेरे पर्यटकों के अभाव में रद्द किये जा रहे हैं। इसमें 26 फरवरी का फेरा भी शामिल है, जिसे पर्यटकों की कमी के कारण रद्द किया गया है। बताया जाता है कि गत वर्ष 27 सितम्बर से शुरू होकर दो अप्रैल तक चलने वाली पैलेस ऑन वील्स के कुल 32 फेरों में से अब तक 15 फेरे पर्यटकों की कमी के कारण रद्द किये जा चुके हैं। पैलेस ऑन वील्स के 43 वर्षों के इतिहास में सम्भवतः यह पहली बार हुआ है। इसमें आने वाले पर्यटकों में 95 प्रतिशत विदेशी एवं पांच प्रतिशत भारतीय होते हैं। देशी- विदेशी पर्यटकों को शाही अंदाज में भ्रमण करवाने के लिए 26 जनवरी 1982 को पहियों पर महल यानी 'पैलेस ऑन वील्स' रेलगाड़ी की शुरुआत की गयी। यह भारतीय रेलवे एवं राजस्थान पर्यटन विभाग का संयुक्त उद्यम था। शुरुआत से लेकर कोरोना काल तक इसका जबरदस्त आकर्षण बना रहा। वर्ष 2023 में इसका निजीकरण कर दिया गया। निजीकरण के बाद इसमें पहले से बेहतर सुविधायें शुरू की गयीं। अब भी खासकर विदेशी पर्यटकों के लिए यह एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विदेशों में बनी हुई कई विपरीत परिस्थितियों के कारण भारत में विदेशी पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। पैलेस ऑन वील्स के संचालन अधिकारी योगेन्द्र फौजदार ने बताया कि विदेशी पर्यटकों की कमी के कारण इस बार पर्यटन सीजन में 12 से ज्यादा फेरे रद्द करने पड़े हैं। इसके पीछे इस बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए कई घटनाक्रम हैं। इजरायल हमास के बीच लम्बे समय से युद्ध चला, वहीं रूस एवं यूक्रेन का युद्ध भी खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। इसके अलावा कई देशों के बीच तनाव का माहौल है। इतना ही नहीं इस वर्ष अमरीकी चुनाव का भी काफी असर रहा और अमेरिकी पर्यटक भारत नहीं आ पाए।

# वानगांव-दहानू रोड के बीच ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित

एजेंसी अहमदाबाद
www.dailypioneer.com



वानगांव और दहानू रोड स्टेशनों के बीच ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुंबई सेंट्रल मंडल के वानगांव और दहानू रोड स्टेशनों के बीच मोनोपोल की शिफ्टिंग/ डायवर्जन/ ऊंचाई बढ़ाने के लिए शनिवार एवं रविवार अर्थात एक और दो मार्च को ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक एक घंटे के लिए अर्थात एक मार्च को 1030 बजे से 1130 बजे तक और दो मार्च को 0950 बजे से 10.50 बजे तक अप एवं डाउन मेन लाइन पर होगा। एक और दो मार्च को प्रभावित होने वाली ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है। एक मार्च को शॉर्ट टर्मिनेट/ निरस्त होने वाली ट्रेनें: विरार से 0930 बजे रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 93013 विरार-दहानू रोड लोकल वानगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इसलिए ट्रेन संख्या 93013 एवं 93014 वानगांव और दहानू रोड स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। चर्चगेट से 0849 बजे रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 93015 चर्चगेट-दहानू रोड लोकल वानगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इसलिए ट्रेन संख्या 93015 एवं 93016 वानगांव और दहानू रोड स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। दो मार्च को शॉर्ट टर्मिनेट/ निरस्त होने वाली ट्रेनें: चर्चगेट से 0742 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 93011 चर्चगेट-दहानू रोड लोकल वानगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा इसलिए ट्रेन संख्या 93011 एवं 93016 वानगांव और दहानू रोड स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। विरार से 0930 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 93013 विरार-दहानू रोड लोकल बोईसर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इसलिए ट्रेन संख्या 93013 एवं 93014 बोईसर और दहानू रोड स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। एक मार्च को रेगुलेट होने वाली ट्रेनें: ट्रेन संख्या 12990 अजमेर-दादर एक्सप्रेस 35 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 12980 जयपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 25 मिनट रेगुलेट होगी।

# एसजीपीसी ने सिकलीगर, वंजारा सिख बच्चों की फीस के लिये दिये 13 लाख 44 हजार रुपये

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सिकलीगर और वंजारा सिख बच्चों की स्कूल, कॉलेज फीस के लिए 13 लाख 44 हजार रुपये की राशि जारी की है। यह राशि शिरोमणि कमेटी द्वारा शिरोमणि कमेटी के सदस्य राजिंदर सिंह मेहता, सुरजीत सिंह भिट्टेवड़, धर्म प्रचार समिति के सदस्य सुखवर्ष सिंह पन्नू और सचिव बलविंदर सिंह काहलवां ने रायपुर और छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों पर पढ़ रहे 111 सिकलीगर और वंजारा सिख बच्चों की फीस स्कूलों को सौंपी। उल्लेखनीय है कि एसजीपीसी ने सिकलीगर सिख बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर साल उनकी स्कूल फीस भरने का फैसला किया है। मेहता ने बताया कि शिरोमणि कमेटी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार पूरे वर्ष की फीस एक ही बार में जमा करवाई जाती है, ताकि उसका उचित उपयोग सुनिश्चित हो सके।

# झारखंड के हजारीबाग में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प, छह से अधिक वाहन आग के हवाले



एजेंसी रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड के हजारीबाग जिले के इचाक प्रखंड के डुमरांव में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प में 12 लोग घायल हो गये और छह से अधिक वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया है। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। दोनों गुटों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इचाक प्रखंड के डुमरांव में महाशिवरात्रि के दौरान झंडा बांधने और साउंड सिस्टम लगाने को लेकर विरोध हुआ था और इसके बाद ही यह घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही तीन थानों की पुलिस गांव में कैंप कर रही है प्रशिक्षु आईएएस सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बरांगे, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति अग्रवाल, इचाक प्रखंड के पदाधिकारी समेत वरीय पुलिस अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद हैं। स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है।

# भजनलाल शर्मा ने की भगवान शिव की पूजा-अर्चना



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास स्थित मां राजराजेश्वरी मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं प्रगति की कामना की। उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा कर आरती उतारी। इस दौरान मुख्यमंत्री निवास पर नियोजित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## महात्मा ज्योतिबा फूले मंडी श्रमिक कल्याण योजना में अब मिलेगी 75 हजार रूपये प्रति विवाह सहायता

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फूले मंडी श्रमिक कल्याण योजना के तहत विवाह सहायता राशि में वृद्धि करने की स्वीकृति प्रदान की है। शर्मा के इस संवेदनशील निर्णय से इस योजना में अब अनुज्ञाधारी श्रमिकों की दो पुत्रियों के विवाह पर 25 हजार रूपये की बढ़ोत्तरी करते हुए प्रति विवाह 75-75 हजार रूपये की सहायता राशि दी जाएगी। यह स्वीकृति बजट वर्ष 2025-26 घोषणा के क्रम में दी गई है।

## मोटरसाइकिल फिसलने से युवक की मौत

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले सदर थाना क्षेत्र में लोहरवाडी गांव में मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त होने से एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार लोहरवाडी गांव का रहने वाला तालीम गत रात अलवर से अपने गांव लौट रहा था, तभी पनियाला शीतल रोड पर लोहरवाडी के पास मोटरसाइकिल फिसल गयी और वह गिर गया। तालीम के सिर में चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे की सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां सुबह मृतक के शव को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।




## एसटीएफ ने मुठभेड़ में बिश्नोई गैंग के सक्रिय सदस्य को किया ढेर

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ जिले के मुधाली क्षेत्र में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की गौतम बुद्ध नगर इकाई और मेरठ पुलिस ने मुठभेड़ में कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सक्रिय सदस्य मारा गिराया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि मुठभेड़ में एसटीएफके दो जवान भी घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा, 22 अक्टूबर 2023 को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य और कॉन्ट्रैक्ट किलर जितेंद्र उर्फ जीतू ने अपने साथियों के साथ मिलकर गाजियाबाद जिले में प्रमोद कसाना की गोली मारकर हत्या कर दी थी। प्रवक्ता ने बताया कि जीतू तभी से फरार था, जिसके बाद पुलिस आयुक्तालय स्तर पर 2023 में उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। हरियाणा पुलिस की ओर से भी उस पर 5,000 रुपये का इनाम घोषित है। प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार रात एसटीएफ टीम को सूचना मिली कि हरियाणा के झज्जर जिले का रहने वाला जीतू मेरठ की तरफजा रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफटीम ने मुढ़ाना पुलिस के साथ मिलकर इलाके की घेराबंदी की। कुछ देर बाद एसटीएफटीम को मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश नजर आए।

# बिहार में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है महाशिवरात्रि का पर्व

एजेंसी पटना
www.dailypioneer.com



बिहार में भगवान शंकर की अराधना का पर्व महाशिवरात्रि धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार है, जो देवों के देव महादेव की पूजा को समर्पित है। महाशिवरात्रि को भगवान शिव की पूजा करने का सबसे बड़ा दिन माना जाता है। सालभर भक्त इस त्योहार की प्रतीक्षा करते हैं। कहा जाता है कि इस दिन भगवान शिव का मां पार्वती के साथ विवाह हुआ था। माना जाता है कि शिवरात्रि के दिन भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करने से कष्टों से भी मुक्ति मिलती है। पूरे देश सहित बिहार में आज महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर्व पर बिहार के अलग-अलग जिलों के शिवालय में सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। सुबह से ही भक्त गण शिवालय में जाकर जलाभिषेक कर रहे हैं। सुबह से शिवालय में लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही है। पूरे बिहार के शिव मंदिरों में हर-हर महादेव की गूंज है। श्रद्धालु भगवान शिव और माता पार्वती के जयकारे लगा रहे हैं। इस मौके पर शिवलिंग पर जल, दूध, दही, गन्ने का रस, शहद, गंगाजल, धतूरा, आक का फूल, भांग, बेर, बेलपत्र आदि अर्पित कर रहे हैं। माना जाता है कि आज शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, बेर आदि चढ़ाने से भगवान शिव की कृपा मिलती है तथा मनोकामनाएं पूरी होती हैं। बिहार के सभी मंदिर 'हर-हर महादेव' उद्घोष से गुंजायमान हैं। भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजन करने के लिए महिला पुरुष सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते नजर आ रहे हैं। भगवान भोलेनाथ को आज बेलपत्र चढ़ाना शुभ माना जाता है। कुंवारी लड़कियां आज के दिन बेलपत्र चढ़ा कर भगवान भोलेनाथ को खुश करती हैं। आज के दिन अधिकांश महिलाएं और लड़कियां उपवास रखकर शिवरात्रि करती हैं।

# स्काईस्कैनर का नया फीचर 'ड्रॉप्स' बेहतरीन फ्लाइट डील तलाशने में करेगा मदद

एजेंसी लखनऊ
www.dailypioneer.com

मशहूर ट्रैवल ऐप स्काईस्कैनर ने यात्राओं के लिए बेहतरीन फ्लाइट डील्स ढूंढने में मदद करने के लिए नया ऐप-एक्सक्लूसिव फीचर 'ड्रॉप्स' लॉन्च किया है। हिंदी और अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध नये फीचर में यात्री उन फ्लाइट्स को खोज सकते हैं जिनकी कीमत पिछले सात दिनों में अपने सबसे निचले स्तर से 20 प्रतिशत से भी ज्यादा कम हुई है। स्काईस्कैनर की ट्रैवल ट्रेंड्स 2025 रिपोर्ट के मुताबिक, कीमत भारतीय यात्रियों के लिए एक अहम कारक बना हुआ है। इसके लिए 62 प्रतिशत लोगों ने माना कि विमान का किराया उनके फैसले को प्रभावित करने में अहम भूमिका निभाती हैं। स्काईस्कैनर ऐप में लॉगइन करते ही यात्रियों को रोज़ाना नए ड्रॉप्स अपने आप मिल जाएंगे। इसमें नजदीकी एयरपोर्ट से वे फ्लाइट्स शामिल होंगी, जिनकी कीमत पिछले सात दिनों के सबसे निचले स्तर से कम से कम 20 फीसदी या उससे ज्यादा कम हुई होंगी। गौरतलब है कि जनवरी में गोवा सबसे ज्यादा ड्रॉप्स के साथ शीर्ष गंतव्य बना जबकि प्रयागराज तीसरे स्थान पर रहा। ट्रैवल एंड डेस्टिनेशन एक्सपर्ट मोहित जोशी ने कहा बजट में यात्रा प्लान करना और आसानी व भरोसे के साथ बुकिंग करना स्काईस्कैनर का मकसद है। यही वजह है कि ड्रॉप्स जैसे फीचर बनाए गए हैं, जो यात्रियों को बेहतरीन डील्स ढूंढने में मदद करते हैं और ट्रिप प्लानिंग को आसान व बिना किसी तनाव के बना देते हैं।

# डेढ़ क्विंटल डोडा पोस्त बरामद एक तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी बीकानेर
www.dailypioneer.com



राजस्थान में बीकानेर जिले के कालू थाना क्षेत्र में एक वाहन से पुलिस ने करीब डेढ़ क्विंटल डोडा पोस्त बरामद करके एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि अमृतसर-जामनगर भारतमाला एक्सप्रेस हाईवे पर जैतपुर टोल नाका के नजदीक पुलिस दल ने कल रात नाकाबंदी की थी। उसी दौरान बीकानेर की ओर से जा रही एक डस्टर गाड़ी के चालक ने नाकाबंदी देखकर गाड़ी वापस घुमा ली। इस पर महाजन पुलिस ने उसका पीछा किया।

लगातार पीछा किये जाने पर गाड़ी का चालक शेखपुर रोड की ओर गया, जहां तंग गलियों में गाड़ी एक दीवार से टकरा गयी। उन्होंने बताया कि इस पर गाड़ी में सवार तीन चार तस्कर गाड़ी से उतरकर पैदल ही भाग निकले। उनमें एक तस्कर वहीं सरसों के खेत में रात में छुप गया। सुबह होने पर ग्रामीणों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। उसकी पहचान पंजाब के मोगा जिले के धर्मकोट क्षेत्र के बलवंत सिंह के रूप में हुई है। गाड़ी से पुलिस ने करीब डेढ़ क्विंटल डोडा पोस्त बरामद किया।

# दुग्धेश्वर नाथ मंदिर में बाबा बैद्यनाथ धाम के तर्ज पर हुआ जलाभिषेक

एजेंसी देवरिया
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के पूर्वी इलाके देवरिया से करीब 20 किमी दूर रूद्रपुर में छोटी काशी के रूप में प्रसिद्ध स्वयंभू शिवलिंग का दुग्धेश्वर नाथ मंदिर में भक्तों ने शिवरात्रि के अवसर पर झारखंड के देवघर में स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम के तर्ज पर चोंगा के माध्यम से बाबा का दूर से जलाभिषेक किया। अपनी विशेषता के लिए प्रसिद्ध यहां के शिवलिंग पर भक्त बुधवार को भोर से ही जलाभिषेक के लिए हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए जलाभिषेक कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने शिवरात्रि में भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए भक्तों को शिवलिंग के स्पर्श करने के लिए 14 सीढ़ियां नीचे उतरकर पूजा अर्चना करने के बजाय दूर से ही चोंगा के माध्यम से जलाभिषेक करने का निर्देश दिया है। अभीतक यहाँ करीब चार लाख लोग बाबा का जलाभिषेक कर चुके हैं। इसी तरह जिले में भक्त आज भोर से ही दीर्घश्वर नाथ मंदिर मझौली राज, देवरिया का सोमनाथ मंदिर, महेन्द्रानाथ मंदिर, फुलेसरा नाथ मंदिर सहित अनेक शिवालयों पर हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए बाबा का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन कर रहे हैं। आज के दिन शिवालयों को अधिक भव्य रूप से सजाया गया है। महा शिवरात्रि पर्व को देखते हुए देवरिया जिले के सभी प्रमुख शिव मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है।श्रद्धालुओं को निर्बाध रूप से पूजा-अर्चना एवं दर्शन कराने के लिए व्यापक स्तर पर इंतज़ाम किए गए हैं, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर द्वारा शिवालयों का भ्रमण किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है और ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। मंदिरों और मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात प्रबंधन को भी सुदृढ़ किया गया है। वाहनों की पार्किंग के लिए विशेष स्थान चिह्नित किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ट्रैफिक पुलिस द्वारा मुख्य मार्गों पर यातायात को नियंत्रित किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालु आसानी से मंदिरों तक पहुंच सकें। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एंटी रोमियो टीम को मेले एवं मंदिर परिसरों में विशेष सतर्कता के साथ भ्रमणशील रखा गया है।

# शीतला धाम: खंडित शिवलिंग की पूजा के लिए उमड़ा सैलाब

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के शीतला धाम कड़ा में गंगाके सुरम्य तट पर स्थित महाकालेश्वर की खंडित शिवलिंग में महाशिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक और पूजा अर्चनाके लिए शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में भक्तों ने जलाभिषेक कर पुण्य फल प्राप्त किया। यह विश्व का पहला ऐसा शिवलिंग है जो खंडित है पर उसकी पूजा अर्चना हो रही है। कहा जाता है कि जब पांडव 12 वर्ष वनवास में बिता रहे थे तब शीतला धाम कड़ा आए थे। उस समय यहांविशाल जंगलथा महाराज युधिष्ठिर यहां महाकालेश्वरगंगा घाट पर शिवलिंग स्थापित गंगाजल से जलाभिषेक करने के बाद पूजा अर्चना की थी और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया था। शिव भक्तोंकी मान्यता है कि यहां आकर पवित्र पावनी गंगा में स्नानकरने के बाद जो भी श्रद्धालु शिवलिंग का गंगाजल से जलाभिषेक करता है वह पाप मुक्त हो जाता है और उसकी वांछित कामनाएं पूरी होती है। यहां स्थित महाकालेश्वर शिवलिंग की चमत्कारी ख्याति सुनकर औरंगजेब ने सैनिकों की टोली शिवलिंग तोड़ने के लिए शीतला धाम कड़ा भेजा था। बताया जाता है कि सैनिकों ने शिवलिंग पर तलवार से प्रहार किया जिसमें शिवलिंग क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसी दौरान शिवलिंगसे मधुमक्खियों का झुंड निकला और औरंगजेब के सैनिकों पर आक्रमण कर दिया। सैनिक मौके से भाग निकले यह जानकारी बादशाह औरंगजेब तक पहुंची वह घबरा गया और सैनिकों को आदेश दिया कि दोबारा शिवलिंग के पास नहीं जाएंगे।

# चित्तौड़गढ़ जिले में करीब 12 लाख की दो किलो से अधिक अफीम बरामद

एजेंसी चित्तौड़गढ़,
www.dailypioneer.com



राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले की पारसोली थाना पुलिस ने बेगूं थाने के एक वर्ष पुराने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में वांछित चल रहे पांच हजार रुपये के एक ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करके उसके पास से दो किलो से अधिक का अवैध अफीम किया हैं। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि ईनामी बदमाश देवराज सिंह निवासी कुलाटिया नई थाना बेंगू को मोटरसाइकिल पर अफीम की तस्करी करते गिरफ्तार करके उसके पास से दो किलो 132 ग्राम अवैध अफीम बरामद की गई हैं। बरामद अफीम की कीमत करीब 12 लाख रुपए आंकी गई है। जोशी ने बताया कि गश्त के दौरान मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्करों पर निगरानी के लिये महेसरा से झरिया महादेव वन क्षेत्र के कच्चे रास्ते पर नाकाबंदी करके मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति रोककर उसके बैग की तलाशी लेने पर एक प्लास्टिक की थैली में यह अवैध अफीम पाई गई। उन्होंने बताया कि अवैध अफीम एवं मोटरसाईकिल को जब्त कर आरोपी देवराज सिंह को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि यह बदमाश पुलिस थाना बेगूं के तस्करी के एक मामले में वांछित पांच हजार रुपये का इनामी अपराधी है। जो करीब एक साल से फरार चल रहा थ।

# अबुझमाड़ मैराथन की जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निर्वहन करें : ममगाई

## स्वीकृत निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



साप्ताहिक समय सीमा की बैठक कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों का लिया गया। उन्होंने नियद नेल्लानार के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने नियद नेल्लानार योजनांतर्गत जिले के चिन्हांकित ग्रामों में स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने जिला स्तरीय अधिकारियों से कार्य के प्रगति का समीक्षा किया। उन्होंने नियद नेल्लानार योजनांतर्गत पेयजल, सड़क निर्माण, सौर उर्जा, नलजल योजना, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता खुलवाने, अंगनबाड़ी भवन, खेल मैदान, लाईब्रेरी और उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होने अबुझमाड़ मैराथन की सौंपे गए जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निर्वहन करने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किये। उन्होंने जिले आश्रम छात्रावासों में किसी भी प्रकार लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ममगाई ने कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने, स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत नगरीय निकायों में इनर्ट वेस्ट के निष्पादन हेतु सेनिटरी लैण्डफिल स्थापित करने, जिले के आत्म समर्पित नक्सली और नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यों को शासकीय सेवा में नियुक्ति देने तथा पुनर्वास योजना से लाभान्वित तथा नक्सली हिंसा में मारे गये आम नागरिकों के वारिशान को शासन की पूनर्वास योजना के तहत् नौकरी प्रदाय करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नारायणपुर जिले के दंतेवाड़ा जिले में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का जाति, आय एवं निवास प्रमाण बनवाने, भवन विहिन आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन मूलभूत सुविधायुक्त भवनों में किये जाने, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में संबंधित निकायों में प्राप्त गबन प्रकरणों पर कार्यवाही किये जाने, श्रम विभाग अंतर्गत सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण मंडल एवं असंगठित कर्मकार राज्य समाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत् नवीन केन्द्र आरंभ करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने आश्रम छात्रावासों के नोडल अधिकारियों को प्रतिमाह निरीक्षण कर प्रतिवेदन समय सीमा में प्रस्तुत करने निर्देशित किया हैं। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित किसान सम्मान निधि से कृषकों को लाभान्वित करने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, खरीफ वर्ष 2024 में राजस्व ग्राम अंतर्गत वनाधिकार कृषकों पट्टा वितरण कराने, मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर जनदर्शन में दिए गए आवेदनों का शीघ्र निराकरण कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण कर धान उठाव एवं बारदाने की व्यवस्था निर्देशित किया। गत् दिवस भ्रमण के दौरान ग्राम कच्चापाल के दिव्यांगजन कलेक्टर से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की मांग किया था। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने बैठक की समीक्षा करते हुए जिले के आपदा पीड़ित परिवारों को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान कराने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। बस्तर विकास प्राधिकरण के तहत् किए जाए रहे अधुरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजनांतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति का समीक्षा किया। जिले के विद्यार्थीयों का शतप्रतिशत जाति निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किए। उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत् नियद नेल्लानार संचालित गांवों में ग्रमीणों को लाभान्वित करें। कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केन्द्र में हितग्राहियों को चिकित्सा सुविधा से लाभान्वित करने स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की रिक्त पदों पर नियुक्ति करने, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के लाभार्थियों को राशि उपलब्ध कराने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किये। कलेक्टर ममगाई ने इंडोर स्टेडियम माहाका का अवलोकन कर मरम्मत हेतु प्राक्कलन, प्रस्ताव तैयार कर मरम्मत करने, सड़क किनारे बन रहे अधूरे नाली को पूर्ण करने, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय में उन्नयीत हाई स्कूल भवन निमार्ण का भुगतान एवं पूर्ण मुल्यांकन करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में जिला पंचायत के सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रॉबिन सन गुरिया, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, डिप्टी कलेक्टर गौतम पाटिल, डिप्टी कलेक्टर डॉ. सुमित गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, सीएमएचओ डॉ. एसएस राज, महिला एवं बाल विकास अधिकारी लुपेन्द्र महिलांग, जनपद सीईओ एलएन पटेल, लोकेश चतुर्वेदी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पलारी में राम मंदिर का भव्य उद्घाटन



पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

अयोध्या में राम मंदिर बनने से भारतवर्ष में खुशी की लहर दौड़ गई की जिसके बाद भारत देश के गांव और शहर में रामचंद्र की मंदिर की स्थापना किया जा रहा हैं। इसी तात्यरम जिला कोंडागांव के ग्राम पलारी में ग्राम वासियों द्वारा हर्षोल्लास से महाकालेश्वर मंदिर पलारी में राम दरबार मूर्ति स्थापना का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें ग्रामीणों का कहना हैं कि, हमारे गांव के महाकालेश्वर मंदिर पर रामचंद्र की दरबार में सीताराम लखन हनुमान का मूर्ति स्थापना किया जाएगा कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विस्तार रूप से कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई हैं। जिसमें सर्वप्रथम 24 फरवरी को सुबह 6 बजे मूर्ति स्थापना और हवन पूजन 25 फरवरी सुबह 7 बजे से अखंड रामायण का प्रारंभ और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर हवन पूजन का कार्यक्रम रखा गया हैं जहां ग्रामीणों द्वारा इसकी तैयारी बड़ी धूमधाम से किया गया।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिसों को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि

**कोंडागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के प्रकरण में वारिसों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा धनोरा तहसील के ग्राम करमरी निवासी सुनीता की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता मनीषा, पिता सन्नूराम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

# कोड़ेनार पंचायत में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की जीत के पश्चात विजय जुलूस निकालकर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया गया



पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन में केसरिया परचम के पश्चात त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत कुआकोंडा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोड़ेनार में सरपंच एवं पंच के पदों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की प्रचण्ड विजय हुई है। निर्वाचन पश्चात मंगलवार को सरपंच मीना मंडावी, पंच तपन दास सहित समस्त विजयी पंचगणों एवं समस्त भाजपा परिवार द्वारा पंचायत की जनता का आभार व्यक्त करने हेतु भव्य विजय जुलूस निकाला गया, जिसका जगह-जगह पुष्पवर्षा, आरती, गुलाल एवं मिष्ठान द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया एवं जमकर आतिशबाजी की गई। बीजेपी के वरिष्ठ नेता सत्यजीत सिँह चौहान एवं मंडल अध्यक्ष किरंदुल विजय सोढ़ी के मार्गदर्शन में दीनानाथ, शैलेन्द्र सिँह, धर्मपाल मिश्रा, आर सी नाहक, मोहित धवन, भावना सक्सेना, खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के राजेंद्र यादव सहित भारतीय जनता पार्टी, भाजयुमो, महिला मोर्चा के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में मातृशक्तियाँ उपस्थित थे।

# अबूझमाड़ मैराथन के लिए ऑफलाइन पंजीयन शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025 के चौथे संस्करण की तैयारियां जोश और उत्साह के साथ जारी हैं। यह मैराथन 2 मार्च 2025 को आयोजित की जाएगी। ऐसे धावक जो स्वयं ऑनलाइन पंजीयन नहीं कर पा रहे हैं, उनकी सुविधा के लिए बालक हाई स्कूल ग्राउंड, नारायणपुर में विशेष शिविर लगाया जाएगा। शिविर में धावक निःशुल्क अपना पंजीयन करवा सकते हैं। इसके सफल आयोजन के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो ने उप संचालक पंचायत विक्रम बहादुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। यह पंजीयन शिविर 27, 28 फरवरी और 1 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक तथा मैराथन के दिन 2 मार्च को सुबह 3 बजे से 4 बजे तक संचालित होगा।

# एनएमडीसी सेवानिवृत्त इम्प्लाइज कल्याण समिति का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी किरंदुल परियोजना से सेवा निवृत्त हुए कर्मचारियों की संस्था एनएमडीसी सेवानिवृत्त इम्प्लाइज कल्याण समिति किरंदुल ने प्रति वर्षो की ही भांति इस वर्ष भी एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मंगल भवन में एनएमडीसी सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति ने वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया । इस दौरान समिति के द्वारा एनएमडीसी किरंदुल परियोजना से सेवानिवृत्त होकर अपने जीवन के 75 साल पूर्ण कर चुके वरिष्ठ सदस्यों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया । साथ ही समारोह उस समय काफी भावुक हो गया जब एनएमडीसी किरंदुल परियोजना से सेवानिवृत्त होकर देवलोक को जा चुके पूर्व वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों की धर्म पत्नियों को भी शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया ।सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वार्षिक मिलन समारोह को एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही ,एनएमडीसी किरंदुल परियोजना की श्रमिक संघ इंटक के सचिव ए के सिंह ,एनएमडीसी बचेली परियोजना के श्रमिक संघ इंटक के सचिव आशीष यादव ने भी संबोधित किया ।इस दौरान एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के सहायक महाप्रबंधक शैलेंद्र सोनी ,सिविल विभाग के प्रमुख टी एस रामनाथ के साथ साथ एनएमडीसी सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ के डी आर यादव ,ज़फ़र अली ,सुकराम कश्यप ,एस के बारले विशेष रूप से मौजूद रहे ।समारोह का मंच संचालन सेवानिवृत्त कर्मचारी रमेश देशमुख ने किया ।

# कलेक्टर ममगाई ने मतदान दलों, सुरक्षा बलों सहित मतदाताओं का आभार व्यक्त किया

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले के नारायणपुर और ओरछा विकासखण्ड अंतर्गत स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगाई ने सभी अधिकारी-कर्मचारियो, सुरक्षा बलों और मतदाताओं के साथ ही जिले वासियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों और मतदान दलों को सफलतापूर्वक कार्य संपादित करने के लिए सभी की सराहना की गई है। उनके द्वारा दिव्यांग मतदाताओं का उनके द्वारा किए गए सहयोग के लिए उन्हे तहेदिल से शुक्रिया अदा किया गया है। कलेक्टर ममगाई ने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया वे बधाई के पात्र है। इसके साथ ही उन्होंने समय-समय पर त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न स्वीप कार्यक्रम जैसे 'जागव बोटर-जाबो' कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को जागरूक करने और मतदान के लिए प्रेरित करने में आगे आये समाजसेवी संस्थाओं, स्कूल-कॉलेज और आम जनता का भी आभार व्यक्त किया है।

# किरंदुल में धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि का पावन पर्व

पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरंदुल में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सुबह 10 बजे महादेव भोले नाथ की जगह जगह विशेष पूजा अर्चना की गई।बता दें समुद्र तट से 3000 फीट की ऊचांई पर किरंदुल के रामाबूटी में विराजमान भगवान आदिनाथ मंदिर में महादेव जी की विशेष पूजा अर्चना की गई। गौरतलब हैं महाशिवरात्रि पर रामा बूटी जलप्रपात स्त्रोत पर्यटन और भोले बाबा की प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है।जहां शंकर जी की मूर्ति की स्थापना की गई है उनके जटाओं से तेज धाराओं में जल निकलते रहता है इस मनमोहक जलप्रपात स्त्रोत को देखने के लिए दूर-दूर से भक्त आते हैं इन भक्तों के लिए सुबह से ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इसके अलावा नगर धरमपुर कैंप वार्ड क्रं 04 स्थित श्री श्री बद्रीनाथ आदिनाथ मंदिर,मेन रोड स्थित दक्षिणेश्वर शिव मंदिर, गाँधीनगर नगर स्थित पहाड़ मंदिर,रिंग रोड न.04 स्थित पशुपतिनाथ मंदिर शीतला नगर स्थित शिव मंदिर इन सभी शिवालयों में बड़े ही धूम-धाम व हर्षोल्लास के साथ भक्तों के द्वारा भगवन भोलेनाथ की प्रिय रात्रि महाशिवरात्रि को पूजन के रूप में मनाया गया। इस दिन हज़ारों भक्तो के द्वारा भगवान् के प्रति आस्था और विश्वास के साथ अपनी मनोकामना हेतु उपवास रखकर बाबा की प्रिय फूल धतूरा और बिल्व पत्र के साथ पूजा अर्चना किया गया।इस दिन भगवान शंकर जी की शिवलिंग को पंचामृत व गंगा जल से स्नानकर बिल्वपत्र और धतूरा के फूल की माला बनाकर शिवलिंग में पुष्पांजलि के रूप में अर्पण कर अपने घरपरिवार,समाज की कल्याण हेतु बाबा और माता पार्वती से कामना की गई।

# वार्षिक परीक्षा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर लगा प्रतिबंध

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले में शाला एवं महाविद्यालयीन शिक्षा सत्र 2024-25 में आयोजित वार्षिक परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों एवं परीक्षार्थियों के अध्ययन में व्यवधान उत्पन्न न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 5 (2) एवं धारा 10 (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेश के अनुसार संपूर्ण कोंडागांव जिले में 26 फरवरी से 31 मई 2025 तक की अवधि में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक अधिनियम की धारा 13 (1) में उल्लेखित अवसरों को छोड़कर कोलाहल एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर आगामी आदेश पर्यन्त प्रतिबंध रहेगा। उक्त आदेश के उल्लंघन पर अधिनियम की धारा 15 के अधीन दंडनीय होगा। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 2 'घ' के तहत अधिनियम की धारा 7 के उपयुक्त अवसरों पर सीमित अवधि के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए अनुज्ञा देने हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी कोंडागांव, फरसगांव और केशकाल उनके स्थानीय क्षेत्राधिकारिता के अंतर्गत विहित प्राधिकारी होंगे।

## कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में आयोजन के संबंध में दिए निर्देश

# बस्तर के जनजाति कला व सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करने बस्तर पंडुम का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक में बस्तर संभाग में आयोजित होने वाले बस्तर पंडुम की तैयारी को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि, राज्य शासन द्वारा बस्तर के जनजाति कला एवं सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करने के लिए बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनजाति लोक नृत्य, लोक गीत, लोक नाट्य, जनजाति वाद्ययंत्र, जनजाति पेय पदार्थ, शिल्प एवं चित्र कला, जनजाति आभूषण और जनजाति पर्व पर आधारित विधाओं पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बस्तर पंडुम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि, प्रथम चरण में विकासखण्ड स्तर पर, द्वितीय चरण में जिला स्तर पर और अंतिम चरण में संभाग स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। बैठक में स्वच्छता अभियान के तहत जिले के नगरीय निकायों में साफ-सफाई के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश सभी सीएमओ को दिए। साथ ही सभी एसडीएम को स्वच्छता अभियान के प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। कलेक्टर ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाने और उपयोग करते पाए जाने पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की गई साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा और यातायात जागरूकता के लिए भी व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर व डीआर ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की मासिक बैठक



पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के अध्यक्षता में अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं मॉनिटरिंग सेल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीषा ठाकुर व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय उपस्थित रहें। इस बैठक में विचाराधीन बंदियों के मामलों की समीक्षा की गई और जेल में निरूद्ध ऐसे विचाराधीन बंदियों जो जमानत की शर्तो को पूरा करने में असमर्थ होने के कारण जमानत का लाभ दिये जाने के बावजूद भी हिरासत में हैं के संबंध में चर्चा की गई व 8 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजस्व न्यायालय के प्रकरण एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण रखे जाने और राजस्व प्रकरण के निराकरण हेतु खण्डपीठ अधिकारी नियुक्त करने एवं पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2011 एवं 2018 के क्रियान्वयन हेतु कार्य करने एवं समय पर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में चर्चा की गई।

# महाशिवरात्रिः श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ अभिषेक





पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

महाशिवरात्रि का पावन पर्व देशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। बलौदा बजार सोनपुरी मार्ग स्थित सोनपुरी मै भूतेश्वर नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर हवन एवं अभिषेक किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना किया। भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और भोलेनाथ के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। शिवलिंग का अभिषेक दूध, गंगाजल, बेलपत्र, भस्म और विभिन्न सुगंधित पदार्थों से किया गया। भक्तों ने रात्रि जागरण कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और विशेष अनुष्ठान किए। मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिससे माहौल भक्तिमय बन गया। कई स्थानों पर शिव बारात भी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़े हर्षोल्लास से भाग लिया। इस शुभ अवसर पर शिव भक्तों ने उपवास रखकर भगवान शिव की अराधना की और मोक्ष, शांति व समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि पर की गई भक्ति और साधना का विशेष महत्व होता है, माना जाता है कि इस दिन की गई पूजा से भक्तों को शिव कृपा प्राप्त होती है और सभी कष्टों का निवारण होता है। बलौदाबाजार में यह पर्व अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ, जिसमें भक्तों की अटूट आस्था और प्रेम की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। दशहरा मैदान गौरव पथ में स्थित शनि देव मंदिर पर भोलेनाथ भगवान का दूध अभिषेक एवं हवन किया गया।

**कई जगह हुए भंडारा का आयोजन**

कई चौक चौराहा में भगवान भोलेनाथ का प्रसाद वितरण किया गया। गांधीचौक बोल बम समिति द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। बजरंग चौक में भी हनुमान मंदिर में हवन एवं प्रसाद वितरण किया गया। भूतेश्वर नाथ मंदिर के सदस्य अरविंद शुक्ला श्याम सुंदर केसरवानी प्रेम नारायण केसरवानी आशीष पाण्डे एवं सदस्य गण उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय साहकारिता वर्ष अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 उल्लास के साथ मनाये जाने हेतु माहवार 12 माह का कैलेण्डर जारी किया गया है। इसी के परिपेक्ष्य में जिले के 129 पैक्स में मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी 129 पैक्स में मॉडल बॉयलाज का वाचन किया गया। समिति में नये सदस्य बनाये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पैक्स कम्प्यूटरीकरण से होने वाले फायदे के बारे में सदस्यों से चर्चा, पैक्स पुनर्गठन योजना पर चर्चा, सहकारी समितियों के पंजीयन के लाभ एवं पंजीयन के प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत चर्चा, पैक्स समिति के सिनियर सिटीजन सदस्यों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र के लाभ पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में समिति प्रबंधक, शाखा प्रबंधक, पर्यवेक्षक, समिति के कार्यक्षेत्र अंतर्गत कृषक सदस्य उपस्थित थे।

# एक और आदतन अपराधी को किया गया जिला बदर

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

एक और आदतन अपराधी को किया जिला बदरधमतरी 25 फरवरी। धमतरी जिले में आने वाले त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुंडे बदमाशों पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धमतरी नम्रता गांधी ने पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर जिले के एक और आदतन अपराधी को जिला बदर किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 क, ख के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले के एक और बदमाश प्रवीण कुमार सोनवानी पिता संतोष कुमार सोनवानी उम्र 23 वर्ष साकीन सिंधी धर्मशाला के पास आमापारा धमतरी को आगामी 01 वर्ष के लिए जिला धमतरी एवं समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग, कोण्डागांव की राजस्व सीमाओं से हट जाने जिला बदर का आदेश पारित किया है।

# पूर्व अध्यक्ष तपन के वार्ड में समस्याओं का अंबार

पायनियर संवाददाता कुरूद/धमतरी
www.dailypioneer.com





पूर्व अध्यक्ष तपन चंद्राकर के वार्ड में समस्याओं का अंबार देखते ही बनता है। मूलभूत कार्यों, तालाब सफाई की वर्षो से अनदेखी की गई। वर्तमान में हुए चुनाव में वार्डवासियों ने नव निर्वाचित अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर को अपना वोंट नहीं दिये, फिर भी बड़ा दिल करके उक्त वार्ड पहुँचे एवं वार्ड 8 मे समस्याओं को ठीक करने दिशा निर्देश जारी किये। कुरूद नगर पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर के नेतृत्व मे तीसरे दिन सुबह वार्ड क्रमांक 5, 7, 8, 9 के गलियों में नव निर्वाचित पार्षद मिथिलेश बैस, सितेश सिन्हा, महेन्द्र गायकवाड़, रवि मानिकपुरी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भ्रमण कर नगर पंचायत के कर्मचारियों को वार्डवासियों के द्वारा बताये वर्षो से लंबित मूलभूत समस्याओं, 4 बरसों से लंबित मरही डबरी तालाब की सफाई कार्यो को तत्काल ठीक करने के लिए अध्यक्ष ने निर्देशित किये। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि आओ हम सब मिलकर कुरूद को स्वच्छ बनाये, विकसित कुरूद बनाने मे सहयोग करें, नगर मे नशा मुक्ति अभियान चलाकर समृद्ध कुरूद बनायें।

# विधायक चातुरी नंद ने विधानसभा में उठाया फ्लाई एश परिवहन का मुददा

## सारंगढ़ सरायपाली स्टेट हाइवे में फ्लाई एश परिवहन से परेशान है ग्रामीण

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



विधायक चातुरी नंद ने विधानसभा में फ्लाई एश परिवहन का मुददा उठाया। विधायक चातुरी नंद के तारांकित प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने अपने लिखित जवाब में प्रदेश में राखड परिवहन के प्रावधान के बारे में बताया कि परिवहन विभाग में मालयान के परिवहन हेतु केंद्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 138 ख में प्रावधान है। राखड़ परिवहन के विरोध में सारंगढ़ सरायपाली स्टेट हाइवे के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने अपने लिखित जवाब में यह भी बताया कि परिवहन विभाग द्वारा सारंगढ़-सरायपाली (स्टेट हाइवे) मार्ग से होते हुए आरंग तक राखड़ परिवहन में लगे वाहनों की 1.1.2024 से 31.1.2025 की अवधि में जिला परिवहन अधिकारी महासमुंद, प्रभारी परिवहन उड़दस्ता रायपुर, रायगढ़ एवं कोरबा के नेतृत्व में जांच की कार्यवाही के दौरान कमी पाए जाने पर 206 वाहनों से रूपये 21,81,500/- शमन शुल्क वसूल किया गया है। इस संबंध में मीडिया को जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक चातुरी नंद ने कहा कि सरायपाली क्षेत्र के ग्राम बोंदा, पाटसेंद्री समेत आधा दर्जन से अधिक के लोग फ्लाई एश परिवहन से परेशान है। क्षेत्र में बिना तिरपाल ढंके फ्लाई एश वाहन सैकड़ों की तादाद में दौड़ रहे है जिससे प्रदूषण बढ़ रहा है और क्षेत्र के लोग आंख, त्वचा, श्वास संबंधी बीमारियों के चपेट में आ रहे है। बड़ी संख्या में ओवरलोड वाहन सड़कों पर दिन रात दौड़ रहे है जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है और क्षमता से अधिक भार वाले वाहन चलने से सड़क भी कमजोर हो रही है। विधायक नंद ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों इतने बेलगाम और लापरवाह है कि मुख्यमंत्री से झूठे जानकारी दिलवा रहे है। उन्होंने कहा कि सारंगढ़-सरायपाली (स्टेट हाइवे) पर 16 जनवरी को फ्लाई एश वाहनों से परेशान ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया था क्या यह बात परिवहन विभाग के अधिकारियों को पता नहीं है जो उन्होंने विधानसभा में झूठी जानकारी दे दी। उन्होंने कहा मैंने स्वयं कई बार कलेक्टर से फ्लाई एश परिवहन कि शिकायत की है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग फ्लाई एश परिवहन पर आंख मूंदे बैठा है और ग्रामीण प्रतिदिन परेशान हो रहे है। विदित हो कि फ्लाई एश के भारी वाहन सारंगढ़-सरायपाली (स्टेट हाइवे) होते हुए आरंग जा रहे है। इसके लिए क्षेत्र के ग्रामीणों ने भी मोर्चा खोला था। विधायक नंद भी कई बार उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत कर चुकी है।

# संघ द्वारा 3 मार्च को प्रस्तुत बजट में महंगाई भत्ता सहित 12 सूत्री मांगों को शामिल करने की मांग

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा बलौदा बाजार के अध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि केंद्र के समान राज्य के कर्मचारी एवं पेंशनरों को महंगाई भत्ता सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में 17 जनवरी 2025 को मुख्य मंत्री एवं मुख्य सचिव को कलेक्टरो के माध्यम से भोजनावकाश में ज्ञापन सौपा गया था। जिलाध्यक्ष मनोज दुबे ने आगे बताया कि चुनाव के पूर्व घोषणा पत्र (मोदी गारंटी) में किए गए वादों के अनुरूप सरकार गठन के 1 वर्ष के पश्चात भी उचित निर्णय लेकर लागू नहीं किए जाने से प्रदेश की कर्मचारियों में हताशा एवं आक्रोश व्याप्त है, इसी का शासन को ध्यान आकर्षण करने 12 सूत्री मांगों जिसमें प्रमुख रूप से केंद्र के समान महंगाई भत्ता, चार स्तरीय वेतनमान, 300 दिनों का अर्जित अवकाश, सभी संवर्ग के कर्मचारियों के वेतन विसंगति दूर करने, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों के रिक्त पदों को नियमित किए जाने तथा मध्य प्रदेश की भांति सेवा सुरक्षा, श्रम सम्मान निधि का भुगतान आदेश सभी विभागों में प्रदान किए जाने, अनुकंपा नियुक्ति के स्वीकृत पदों पर 10% का नियम शिथिल करने, संघो को विभाजित मध्य प्रदेश की भांति स्थाई मान्यता दिए जाने संबंधी मांग शामिल किया है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में ट्रिपल इंजन सरकार का गठन हो चुका है तथा मोदी गारंटी के तहत महिला, किसान सहित विभिन्न संवर्गो के लिए जनहित में आदेश जारी किए जा रहे हैं ऐसी स्थिति में सरकार के रीढ माने जाने वाले अधिकारी/ कर्मचारियों के मांगों को बजट में शामिल करने की मांग संघ द्वारा किया गया।

# लखीराम आडिटोरियम में यादव युवक युवती परिचय सम्मेलन 2 मार्च को

## सभी वर्ग के यादवों का सगाई एवं आदर्श विवाह

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

यादव युवक युवती परिचय सम्मेलन आगामी 2 मार्च को कार्यक्रम स्थल लखीराम अग्रवाल मेमोरियल ऑडिटोरियम प्रेस क्लब के पीछे मिशन हॉस्पिटल रोड बिलासपुर में यादव समाज के झेरिया, कोसरिया, ठेठवार, ग्वाल, देशहा, भोरतीया, अठोरिया, कनोजिया, अहीर, मगधा सभी यादव वर्गो के लिए है। युवक युवती परिचय सम्मेलन का पांचवा वर्ष है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे से होगा। युवक युवती का पंजीयन 2 मार्च तक होगा (युवक युवती एवं तलाकशुदा, विधवा, विधु) एक कलर पासपोर्ट फोटो एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ में लाएं तथा पंजीयन शुल्क 200 रुपए रहेगा। रंगारंग कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह समय 10 बजे से शुभारंभ/ 12 बजे से परिचय सम्मेलन एवं सगाई और आदर्श विवाह/ भोजन दोपहर 2 बजे/ 4:30 बजे समापन समारोह एवं संगठन विस्तार। इस कार्यक्रम मैं युवा युवती का बायोडाटा पीडीएफ बनाकर दिया जाएगा। पंजीयन में युवक युवती को उपस्थित होना अनिवार्य है तथा कृपया कार्यक्रम के सदस्य को महिलाएं पीला साड़ी एवं पुरुष पीला कुर्ता पहनकर आए यादव एकता समिति बिलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित है। कार्यक्रम के संयोजक एवं संभाग अध्यक्ष शंकर यादव एवं नरेन्द्र कुमार यादव (वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष यादव समाज) ने उक्त कार्यक्रम की जानकारी दी है। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने की अपील मनोरथ लाल यादव अध्यक्ष फुलझर राज यादव समाज सरायपाली, बसना क्षेत्र, नरेन्द्र कुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष यादव समाज छत्तीसगढ़, संरक्षक रथराम यादव, पवन यादव युवा अध्यक्ष, सजन साय यादव, प्रेमसाय यादव, पींगेलाल यादव, रामरथ यादव, मुकेश यादव, दिनेश कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव राजू, पदमन यादव, बाला प्रसाद यादव, मयंक यादव, कृष्ण कुमार यादव, तुषार यादव, भीम यादव, कल्याण यादव, बरम लाल यादव, कोमल यादव, अंबर यादव, ऋषि यादव, लक्षित यादव, गणेश यादव, संजय यादव, धनंजय यादव, बृजेश यादव, राजेश यादव, गंगाजल यादव, गोकुल यादव, गोविंद यादव, अंजू यादव, दीपक यादव, दिलचंद यादव, लाला यादव आदि ने की है।

# विद्यार्थियों ने स्कूली जीवन के बारह वर्षो का अनुभव किया साझा



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में कक्षा ग्यारहवीं द्वारा कक्षा 12वीं के छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रेमानंद भोई ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान पाठक शंखलाल जगत, कृष्ण कुमार नायक, डी एल खटकर, रोहित साहू, राकेश प्रधान, सुशांत प्रधान, द्रुपत पटेल, अमित चौरसिया, अहिल्या नायक एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य ने मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अप्पी और आरती ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी कक्षा ग्यारहवीं के छात्राओं ने अतिथियों व बारहवीं के छात्र-छात्राओं के स्वागत और उनके साथ बिताए गए मधुर स्मृतियों को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया ।कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने स्कूली जीवन के बारह वर्षों का अनुभव साझा किया और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया,साथ ही निवेदन भी किया कि इस तरह से हमेशा प्रेम और आशीष मिलता रहे। प्राचार्य प्रेमानन्द भोई ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को आगामी परीक्षा और भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मुसीबतों से न घबराकर साहस के साथ संघर्ष करने का गुण ही हमें आगे ले जाती है। इसलिए कक्षा बारहवीं के बाद भी अपने आपको स्वानुशासित और कर्तव्यनिष्ठ रखें। कार्यक्रम को शिक्षकों और बारहवीं के विद्यार्थियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी आरती साहू ने तथा आभार प्रदर्शन धर्मेश साहू ने किया। अंत में सभी बच्चों को नेवता भोज कराया गया।

# धमतरी में 19 मार्च को किसान नेता राकेश टिकैत करेंगे किसान पंचायत

धमतरी। धमतरी के किसान पंचायत में न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून लागू करने एवं महानदी की रेत बचाओ जल बचाओ व धान की समर्थन मूल्य में 117 रूपये की बढ़ोतरी की राशि में जोड़कर 3217 रुपए दिये जाने की मांग को लेकर 19 मार्च को राकेश टिकैत किसान पंचायत में शिरकत करेंगे। उक्त जानकारी घनाराम साहू द्वारा दी गई।

# राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह महाविद्यालय में इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित




पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनईपी प्रभारी एम. एन. सिदार के निर्देशन में विद्यार्थियों को जीई (जैनरिक इलेक्टिव) एसईसी (स्किल इन्हैसमेंट कोर्स) विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विशेषज्ञों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया, जिसमें कला संकाय की हेमलता पटेल, विज्ञान संकाय की शब्या पटेल तथा वाणिज्य संकाय की प्राची गुप्ता ने विषयों की जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनकी रुचि एवं करियर संभावनाओं के अनुसार सही विषय चयन में सहायता प्रदान करना था। इंडक्शन प्रोग्राम के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा नीति के नवीन पहलुओं से अवगत कराया गया, जिससे वे अपने कौशल को निखार सकें और आधुनिक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ सकें।

# निगम में महिला पार्षद को मिल सकता है सभापति का दायित्व

## महिला पार्षदों के गोपनीय बैठक की चर्चा जोरो पर

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त कर लगभग सभी महापौर सीट पर भाजपा ने अपना परचम लहराया है। नये महापौर के शपथ ग्रहण को लेकर नागरिकों में उत्सुकता बनी हुई है। उनसे अनेक आशाएं व्यक्त की जा रही है वहीं अब भाजपा के नेताओं के बीच निगम में सभापति पद को लेकर संबंधित उम्मीदवार अपने अपने स्तर पर एप्रोच लगा रहे हैं। इनमें अनेक पार्षद ऐसे हैं जो इस पद के योग्य माने जाते हैं किंतु भाजपा पार्टी के द्वारा महिलाओं के सम्मान एवं महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिये जाने की वकालत की जाती रही है। ऐसे में धमतरी निगम में सभापति के पद पर किसी महिला पार्षद को यह जिम्मेदारी दिये जाने की संभावनाओं को नहीं नकारा जा सकता और ऐसे दावेदारों को पार्टी के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाना जरूरी रहता है। निगम में सभापति के पद को लेकर अनेक दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं। सभी में काबिलियत है। ऐसे अनेक पार्षद हैं जो दोबारा निगम में अपने वार्ड का नेतृत्व करेंगे। इनमें ऐसे भी लोग हैं जिन्हें निगम के अधिनियम की जानकारी रखते हैं और सभापति का पद अधिनियम की जानकारी रखने वाले धीर-गंभीर पार्षदों को दिये जाने की अटकलें भी लगाई जा रही हैं। इधर महिलाओं के द्वारा अंदरूनी रूप से लॉबिंग की जा रही है जो शहर के चौक चौराहों में चर्चित नहीं है। लेकिन इनका कहना है कि महापौर यदि पुरूष है तो सभापति के लिये किसी महिला पार्षद को ही मौका दिया जाना चाहिये। इन महिला पार्षदों में सामान्य ज्ञान रखने वाली महिलाएं यदि इन्हें सभापति का पद दिया जाता है तो वे अपने इस दायित्व को बखूबी निभाने की क्षमता रखती हैं। वर्तमान समय में पुरूष पार्षदों में मेघराज ठाकुर, नीलेश लूनिया, तल्लीनपुरी गोस्वामी, विजय मोटवानी का नाम प्रमुखता के साथ शहर में चर्चित है। इसी तरह महिला पार्षदों में भी अनेक ऐसी महिला पार्षद हैं जिनमें नम्रता माला पवार के साथ साथ अनेक ऐसी महिला पार्षद हैं जो इस पद को सुशोभित कर सकती हैं। पूर्व वर्षो में जब नगर पालिका परिषद में महिला अध्यक्ष निर्वाचित हुई थी तो उस वक्त पुरूष पार्षद उपाध्यक्ष बनाये गये थे। अगर इस पैटर्न पर विचार होता है तो निश्चित रूप से सभापति का दायित्व भाजपा समर्थित किसी महिला पार्षद को इसकी जिम्मेदारी दी जा सकती है। इस हेतु भाजपा के नेताओं ने विभिन्न जिलों के लिये सभापति, उपाध्यक्ष पद को लेकर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति भी की है। चूंकि धमतरी नगर निगम में सभापति पद के लिये विधायक मोतीलाल साहू को पर्यवेक्षक बनाया गया है जो शीघ्र ही धमतरी पहुंचकर सभापति का चयन करेंगे। इस वक्त भी पार्षदों के द्वारा अपनी अपनी दावेदारी जताने हेतु अपने समर्थकों के साथ दावा पेश किये जाने की संभावना है। नवनिर्वाचित महापौर जगदीश रामू रोहरा ने अभी तक पदभार नहीं संभाला है, लेकिन उनके द्वारा अभी से विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण कर वहां व्याप्त समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्हें भी कुछ पार्षदों द्वारा कहा गया है कि सभापति का पद उन्हें दिलाया जाये। हालांकि इस मामले को लेकर नवनिर्वाचित महापौर खामोश हैं। उनका कहना है कि जो कुछ भी होगा, उसके लिये पर्यवेक्षक महोदय आ रहे हैं, उन्हीं का निर्णय अंतिम निर्णय होगा। अब देखना है कि नगर पालिका परिषद धमतरी की तर्ज पर महिला अध्यक्ष, पुरूष उपाध्यक्ष की नीति अपनाई जाती है तो निगम में पहली बार महिला सभापति को जगह मिल सकती है।

# कसडोल नगर पंचायत वार्ड नंबर 03 के पार्षद बहुत ही सक्रिय जनसेवक



**बलौदाबाजार।** प्रशांत जयसवाल ने कमलेश साहू के यहां छठी कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चे को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रशांत जायसवाल हमेशा कसडोल नगर के सभी के हर सुख दुख में साथ देखकर अपना एक जन सेवक का कर्तव्य निभाते रहते हैं, साथ में उनके साथ रवि सोनी ननकी साहू गोलू साहू पिंटू साहू और उस वार्ड के वार्ड वाशी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने शहर के विभिन्न स्थानो में गौ जल पात्र रखने के कार्य का किया शुभारंभ





पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

महाशिवरात्रि के अवसर पर तुलसी गौ सेवा समिति कवर्धा द्वारा कार्यकम आयोजित किया मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित अध्यक्ष नगर पालिका कवर्धा के चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कायस्थ समाज के अध्यक्ष शेखर ब साथ ही विशिष्ट अतिथिगण सूचित बोथरा, समाज सेवी व सराफा व्यवसायी एवं पार्षद अजय ठाकुर, मनीषा अनिल साहू दुर्गेश अवस्थी रहे। विदित हो कि समिति द्वारा विगत दो वर्ष से गौ आहार का वितरण शहर भर में किया जा रहा है। इसी अनुक्रम को बढ़ाते हुए सदस्यों द्वारा सामूहिक निर्णय लेते हुए घुमंतु पशुओं के लिए गरमी में पानी की व्यवस्था किए जाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर अमल करते हुए जल पात्र (टंकी) वितरण का कार्यक्रम रखा गया। जिसे हरी झण्डी दिखाकर मुख्य अतिथि ने समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शुभारंभ किया। ज्ञात हो कि तुलसी गौ सेवा समिति द्वारा आक्सीजन के स्तर को बनाये रखने एवं पर्यावरण का संतुलन बनायें रखने हेतु समय-समय पर घर एवं कार्यालय में तुलसी पौधा का वितरण भी किया जाता रहा है। इस कार्यक्रम में चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संतुलन के लिए गाय को उपयोगी एवं इनका संरक्षण को अनिवार्य बताया, इस पर समिति को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी विशिष्ट अतिथि शेखर बख्शी ने अपने उद्बोधन में बताया कि कुछ वर्ष पहले चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी जी ने भी शहर में इस कार्य को आरंभ किये रहे यह पुनीत कार्य है इससे सामाजिक चेतना भी जागृत होगी एवं गौ सेवा को राष्ट्र सेवा के बराबर बताया। पार्षद अजय ठाकुर ने गौ जल पात्र कार्यक्रम को निरंतर आगे बढ़ाने में सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में "तुलसी गौ सेवा समिति के सदस्य संजीव शर्मा, सौरभ वास्तव, मनोज यादव, ओमप्रकाश चंदेल, माधवेश केशरी, जागेन्द्र वास्तव, नंद कुमार सोनी, देवेन्द्र वास्तव, वेद प्रकाश साहू, दिलेश्वर साहू, सौरभ तिवारी, राजेन्द्र सोनी, छोटे लाल सोनी, तातू राम यादव, नीलेष जैन, दुर्गेश ठाकुर ने सहयोग दिया। देवेन्द्र वास्तव ने आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित जन को प्रसाद वितरण कर पूर्ण किया गया।

# फाइलेरिया की रोकथाम के लिए टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

## आंगनबाड़ी व स्कूलो में बुथ बनाकर सभी बच्चों को दवाई खिलाना

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नम्रता चौबे की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विकासखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक रखा गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया है कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर के काटने से एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे संक्रमित व्यक्ति में फैलता है इसलिए फाइलेरिया दवाई सभी को खाना चाहिए ताकि फाइलेरिया (हाथी पांव हाइड्रोसील) की बीमारी समुदाय में नहीं फैल पाए सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 27 फरवरी से 02 मार्च तक आंगनबाड़ी व स्कूलों में बुथ बनाकर एमडीए की दवाई सभी बच्चों को खिलाया जाना है तथा 03 मार्च से 13 मार्च तक समुदाय स्तर पर घर घर जाकर व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, निजी अस्पताल के ओपीडी के पास एमडीए कार्नर बनाते हुए छुटे हुये लोगों को दवाई खिलाया जाना है। कार्यक्रम के तहत ivarmactin की गोली को ऊंचाई के अनुसार गोली की खुराक एवं गोलियों की मात्रा निर्धारित होगी तथा डीईसी गोली को 02 से 05 वर्ष के बच्चों को 100 एमजी की 1 गोली, 06 से 14 वर्ष के बच्चों को 200 एमजी की 2 गोली एवं 15 से अधिक के लोगों को 300 एमजी की 3 गोली खिलाया जाना है। इसी प्रकार एल्बेंडाजोल की गोली 01 से 02 वर्ष के बच्चों को 200 एमजी की आधा गोली तथा 02 वर्ष से लेकर समस्त लोगों को 400 एमजी की 1 गोली खिलाया जाना है। दवाई खिलाने के बाद दाहिने हाथ की छोटी उंगूली में मार्क किया जाना है। गर्भवती, शिशुवती, गंभीर बिमारी से पीड़ित व्यक्तियों एवं 0 से 02वर्ष के बच्चों को फाईलेरिया की दवाई नहीं खिलाया जाना है। विकासखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में अमित हलधर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, दिनेश यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, श्रीधर पण्डा, तहसीलदार प्रकाश मांझी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, शीतल सिंह कार्यक्रम प्रबंधक, मिथिला सिदार, सुपरवाईजर महिला एवं बाल विकास विभाग एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री राम सेवा समिति ने किया शिक्षिका हिम कल्याणी का सम्मान

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

श्री राम सेवा समिति बेमेतरा द्वारा संचालित श्री राम रसोई के एक वर्ष पूर्ण होने एवं महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में श्री राम मंदिर प्रांगण में सम्मान समारोह व भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री राम सेवा समिति बेमेतरा द्वारा 1 वर्ष पूर्व शुरू की गई श्री राम रसोई जहाँ अमीर और गरीब में कोई भेदभाव नहीं किया जाता।बेमेतरा नगर के और आसपास के हर जरूरतमंद व्यक्तियों को भरपेट भोजन प्राप्त होता है। इसमें भोजन की शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है। भोजन पकने के बाद सर्वप्रथम भगवान श्रीरामचंद्र जी को भोग लगाया जाता है। भोग लगने के बाद फिर यह भोजन प्रसाद बन जाता है। वही भोजन प्रसाद लोगों में बाँटा जाता है।



आज से ठीक 1 वर्ष पहले 100 व्यक्तियों को भोजन खिलाने से शुरू हुआ यह श्री राम रसोई में अब तक एक वर्ष पूर्ण होने तक एक लाख पाँच हजार व्यक्ति भोजन कर चुके है।इस सम्मान समारोह एवं भजन संध्या कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवकुमार पाठक श्री मंदिर के पुजारी, डॉ अवधेश पटेल समाधान कॉलेज के डायरेक्टर, अरविन्द मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग, बृजमोहन शर्मा, रामप्रताप मिश्र उपस्थित रहे। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शासकीय प्राथमिक शाला अकोला के प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा को सम्मानित किया गया। प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित होकर कार्य कर रही है। कोरोना काल में शिक्षा ही नहीं अपितु समाज के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य की है। 75% प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग होते हुए भी अपने पूरे दायित्व व जिम्मेदारी को बखूबी निभाती है। नवाचारी शिक्षिका के रूप में पूरे जिले में पहचान बना चुकी हिम कल्याणी को 2024 में शासन ने उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया है। सम्मान समारोह के साथ ही भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें भजन गायक पलाश शर्मा के द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गयी। सभी श्री रामरसोई में भोजन प्रसाद ग्रहण कर भजन का आनंद लिए।

# नव निर्वाचित ग्राम पंचायत ग़ौरखेड़ा के सरपंच बने तुलेश्वरी रोशन यादव

## छत्तीसगढ़ के सुपर स्टार मंच सचालक रोशन यादव का नाम चर्चित हैं

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

रायपुर जिला के अंतर्गत तिल्दा जनपद के ग्राम पंचायत ग़ौरखेड़ा में चुनाव दूसरा चरण में संपन्न हुआ है, जिसमें ग्राम पंचायत ग़ौरखेड़ा से तीन प्रत्याशी उतरे थे मैदान में गौरतलब हो कि लगातार दो पंच वर्षी में पुनीत राम साहू धाख जमाकर रखें हुए थे, लेकिन गांव के युवा प्रत्यशी तुलेश्वरी रोशन यादव युवाओं से कंधों से कंधा मिलाकर चलने वाले रोशन यादव को जनता व युवाओं का बहूत ही सहयोग मिला जिसमें दो बार के सरपंच बने पुनीत राम साहु को मात देकर बडी मार्जन से जीत हासिल किया, ग्राम ग़ौरखेड़ा कई वर्षों के बाद एक



पंचायत बना पहले चिचोली और ग़ौरखेड़ा एक ही पंचायत था, तुलेश्वरी रोशन यादव मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि हमेशा जनता के हित के लिए ही काम करूंगा व गांव के विकास के लिए हमेशा खड़ा उतरूंगा कहाँ, और ग्राम ग़ौरखेड़ा के नवनिर्वाचित पंच पवन यादव, गजरा तुलाराम धीवर, तारिणी दिलीप धीवर, संतोष साहू, सियाराम साहू, बिजेश साहू, कुमारी यादव, उत्तरा प्रेम साहू, रूखमणी गांधी बघेल हैं, आपको यहां भी बता दें कि रोशन यादव कार्यकरणी युवप्रकोष्ट झेरिया यादव समाज रायपुर छत्तीसगढ़ के जिलाध्यक्ष हैं।

# पुलिस का मादक पदार्थ तस्करों पर करारा प्रहार उड़ीसा बॉर्डर से जुड़े सप्लाई नेटवर्क की कमर तोड़ने की तैयारी

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा निर्देशानुसार गांजा सप्लाई से जुड़े नेटवर्क के स्त्रोत से लेकर अंतिम गंतव्य तक सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में कबीरधाम पुलिस ने गांजा तस्करी के संगठित नेटवर्क को ध्वस्त करने में बड़ी सफलता हासिल की। उड़ीसा बॉर्डर से जुड़े तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने शिवम यादव को गिरफ्तार किया, जो ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से गांजा खरीद रहा था। तीसरे आरोपी शिवम यादव को 26.02.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, वहीं धनराज पवार और मोहम्मद इरफान खान पहले ही गिरफ्तार हो चुके थे।



साइबर सेल टीम ने ऑनलाइन ट्रांजैक्शंस, कॉल डिटेल्स और लोकेशन ट्रैकिंग के जरिए आरोपियों तक पहुंच बनाई, जिससे पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन और एसडीओपी प्रतीक चतुर्वेदी एवं कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में कबीरधाम पुलिस द्वारा नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गांजा तस्करी के संगठित नेटवर्क को ध्वस्त करने के तहत पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

# भारतीय संस्कृति की माला मे पिरोने और जोड़ने, विरासत 2025 आईआईटी भिलाई का शुभारम्भ उस्ताद साहिद परवेज़ की प्रस्तुति से होगा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने वाली संस्था जिसे पूरा देश स्पिक मैके के नाम से जानता है। दरअसल यह एक स्वैच्छिक युवा आंदोलन है, जो भारतीय शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोक संगीत, योग, ध्यान, शिल्प और भारतीय संस्कृति के अन्य पहलुओं को बढ़ावा देकर भारतीय संस्कृति के विरासत के अमूर्त पहलुओं को बढ़ावा देता है। यह एक ऐसा आंदोलन है जिसकी दुनिया भर में 300 से अधिक शहरों में शाखाएं हैं। स्पीक मैके की स्थापना डॉ. किरण सेठ ने सन 1977 में आईआईटी दिल्ली में की थी। गौरतलब है कि एक बार फिर से यह सौभाग्य हम छत्तीसगढ़ वासियों को मिलने जा रहा है जिसमें संस्था के संस्थापक डॉ. किरण सेठ स्वयं लोगों से रूबरू होकर उन्हें स्पीक मैके संबंधी छोटी से छोटी जानकारी प्रदान करने वाले हैं। जिसकी बैठक गुरुवार को दोपहर 12:30 से 1:30



तक कोलंबिया कॉलेज रायपुर में निर्धारित की गई है। रायपुर मे आयोजित इस संपूर्ण कार्यक्रम की बागडोर कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर हरजीत सिंग होरा ने अपने हाथों में ली है। इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में लोगों जोड़ने के लिए स्पीक मैके के डॉ. अजय श्रीवास्तव एवं एंपावर एजुप्रीन्योर के डायरेक्टर गोविंद मुदिलर ने अपने कंधों पर लिया हैं। इस बैठक (मीटिंग)के उपरांत स्पीक में के एसआरएफ क्लासिकल सीरीज का शुभारंभ देश के मशहूर सितार वादक उस्ताद साहिद परवेज की अद्भुत प्रस्तुति के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के अगले चरण की संपूर्ण जानकारी के लिए आगामी बैठक शुक्रवार को भिलाई इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में दोपहर 2:00 बजे से 3:00 तक निर्धारित की गई है इसके संचालक दुर्ग बीआईटी के प्रोफेसर नागेंद्र त्रिपाठी है। इसके अलावा इस मीटिंग में डॉ. किरण सेठ सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय स्पिक मैके सम्मेलन इस वर्ष आईआईटी हैदराबाद में 26 मई से 1जून को आयोजित होना निर्धारित है। वे संपूर्ण जानकारी जन मानस से साझा कर लोगों की जिज्ञासाओं को शांत करेंगे। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन इतना भव्य व अदभुत होता है कि इसमें देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग शामिल होते हैं और भारतीय संस्कृति व कलाओं का आनंद उठाते हैं। वहीं शुक्रवार से 2 मार्च तक भिलाई छ.ग. में आयोजित चार दिवसीय विरासत कार्यक्रम में द्रुपद सम्राज्ञी सोमबाला कुमार, एसएनए अवार्ड से सम्मानित विश्वप्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना सुजाता महापात्रा, बीटलनट लीफ(सुपारी के पत्ते) से कला को जीवंत रूप देने वाले कलाकार मिहिर कुमार दत्त का सानिध्य भी सभी को प्राप्त होगा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क दुर्घटना में मृत विजय मल्लाह के परिजनों को दिलाया न्याय

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कवर्धा के बिलासपुर पूल के पास विजय मल्लाह के वाहन दुर्घटना में मृत्यु होने के बाद जहां उनके परिजन न्याय की मांग को लेकर डटे हुए थे, वहीं कांग्रेस ने पीड़ित परिवार की आवाज को बुलंद करते हुए प्रशासन तक उनकी मांगों को पहुंचाया, नेशनल हाईवे में जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 8 घंटे तक पीड़ित परिवार की मांगों को लेकर आवाज बुलंद किया, जिसपर शासन प्रशासन मुआवजा राशि देने पर मजबूर, वहीं कवर्धा के विधायक एवं छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने आखिरकार फोनिक माध्यम से पीड़ित परिवार एवं समाज के प्रतिनिधियों से बात कर 5 लाख रुपए देने की घोषणा की, साथ ही दुर्घटना में घायल जोधू को 2 लाख रुपए एवं उचित ईलाज कराए जाने की घोषणा की, तो इसके साथ ही जिला प्रशासन ने भी 25 हजार रुपए नगद पीड़ितों को दिया, कांग्रेस ने पीड़ित परिवार की स्थिति को देखते हुए हाईवा संचालक से संपर्क कर 50 हजार रुपए की राशि और दिलवाया, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि उक्त मामले में पीड़ितों को लेकर न्यायालय में गुहार लगाएंगे, जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। साथ ही मछुआरों की मृत्यु पर मत्स्य विभाग द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि के लिए भी विभागीय अधिकारी से बात करेंगे। साथ ही अशोक सिंह ने



घटना के बाद पीड़ित परिवारों के साथ सहानुभूति देते हुए यथासंभव मदद पहुंचाया, वहीं कांग्रेस के जिला मीडिया प्रभारी कृष्णा कुमार नामदेव ने सरकार के समक्ष परिवार वालों का दृढ़ता से आवाज बुलंद करते हुए उन्हें न्याय दिलाया साथ ही कहा कि वाहन दुर्घटना में हुए क्षति के लिए जिला प्रशासन से बात कर जो 6/4 की राशि प्रदान की जाती है, उसके लिए भी विधिवत पत्र कबीरधाम कलेक्टर को देंगे, नामदेव ने मृतक के परिजन से चर्चा कर यह भी बताया कि पीड़ित का खुद का कोई आवास नहीं है और पीड़ितों ने प्रधानमंत्री आवास की मांग की है, जिसके लिए भी सा, न्याय मिलने के साथ ही परिजनों ने जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी को उनके लड़ाई में साथ खड़े होने के लिए नाम आंखों से धन्यवाद कहा है, इस बीच उक्त वार्ड के पार्षद मती रूबी सिंह ने कहा कि वह जनता के हर सुख दुख में सदैव उनके साथ डटे रहेंगे। उक्त मामले में कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अशोक सिंह, वार्ड नंबर 16 की पार्षद रूबी सिंह, जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी कृष्णा कुमार नामदेव, पूर्व पार्षद प्रत्याशी रहे सुरेश वर्मा, राजू धुर्वे, मेहुल सत्यवंशी, गोलू खान, आनंद चंद्रवंशी, देवराज पाली एवं अन्य का विशेष योगदान रहा।

## विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपए का नगद पुरस्कार एवं उपविजेता टीम को 100000 का नगद पुरस्कार सहित ट्राफी एवं अन्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा

# प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच आज एवं ग्रैंड फाइनल मैच कल

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व लोह अयस्क खदान समूह राजहरा भिलाई स्टील प्लांट (सी.एस.आर.)के तत्वाधान में आयोजित ऑल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 के छठवें दिन स्थानीय फुटबॉल स्टेडियम में दो लीग मैच खेले गए जहां पहले लीग मैच में पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर ने एस.टी.एफसी. जम्मू कश्मीर को दो के मुकाबले तीन गोल से पराजित किया वहीं दूसरे लीग मैच में राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब की टीम ने इंडिया यूनियन बैंक मुंबई को शुन्य के मुकाबले एक गोल से पराजित किया। और प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसके पहले पंडित जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल स्टेडियम में दल्ली माइंस एवं राजहरा माइंस के इस्पात कर्मचारियों के द्वारा एक प्रदर्शनी मैच भी खेला





जाएगा प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच 27 एवं ग्रैंड फाइनल मैच 28 फरवरी को खेला जाएगा विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपए का नगद पुरस्कार एवं उपविजेता टीम को 100000 का नगद पुरस्कार सहित ट्राफी एवं अन्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 25 फरवरी को खेले गये पहले लीग मैच में जम्मू कश्मीर की टीम ने खेल के 14 वे एंव 35 वे मिनट में जर्सी नं.07 विल्सन ने एक के बाद एक लगातार दो गोल कर अपनी टीम को 00 के मुकाबले 02 गोल की बढत दिलाई। इसके उपरांत जबलपुर के खिलाड़ियों ने काउंटर अटैक करते हुए खेल के 43 वे मिनट में जर्सी नं 14 गुंजन कुमार ने पहला गोल कर गोल के अंतर को कम किया मध्यांतर तक जम्मू-कश्मीर की टीम 01 के मुकाबले 02 से आगे रहा। मध्यांतर के पश्चात दूसरे मिनट में में जोरदार हमला करते हुए जर्सी नं 04 चेतन कुमार ने गोल कर जबलपुर को 02-02 की बराबरी पर ले आया लेकिन खेल के आखिरी समय में जबलपुर की टीम ने जबरदस्त मूवमेंट बनाते हुए विपक्षी टीम पर हमला कर जर्सी नं. 04 चेतन कुमार ने गोल कर जबलपुर टीम को 02 के मुकाबले 03 गोल से विजयी बनाया। वही (पूल बी) के दूसरे लीग मैच में राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब एवं युनियन बैंक मुंबई के जबरदस्त रोमांचक मुकाबला देखा गया दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने काफी तेज फुटबॉल खेलते हुए एक दुसरे पर एक के बाद एक जवाबी हमला किये लेकिन मध्यांतर तक दोनों टीम 00-00 की बराबरी पर रहे। मध्यांतर के उपरांत खेल के 35 वे मिनट में राजहरा माइंस को पेनाल्टी शूट मिला जिसे जर्सी नं 23 श्रीकांत नायडू ने गोल में तब्दील कर राजहरा की टीम को एक गोल का निर्णायक बढ़त दिलाई हालांकि मुम्बई की टीम गोल उतारने का भरपूर प्रयास किये लेकिन असफल रहे और इस तरह राजहरा माइंस फुटबॉल टीम मैच पर जीत दर्ज करते हुए टुर्नामैन्ट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

25 फरवरी को खेले गए लीग मैच के दौरान अतिथि के रूप में पंडित जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल स्टेडियम में एम्युनल राय जी.एम.मेंटेनेंस, एन.के. साहू जी. एम.माइंस मेंटेनेंस एंड अनुरक्षण, गोविंद वाधवानी अध्यक्ष राजहरा व्यापारी संघ, उपस्थित थे।

# जिले में कक्षा 12वीं के 8463 विद्यार्थी एवं कक्षा 10वीं के 11220 विद्यार्थी परीक्षा में बैठेगें

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के समय सारणी के अनुसार परीक्षा 01 मार्च से प्रारंभ हो रही है। सहायक जिला परियोजना अधिकारी डी पी कोसरे ने बताया कि जिले में कक्षा 12वीं के 8463 विद्यार्थी एवं कक्षा 10वीं के 11220 विद्यार्थी परीक्षा में बैठेगे। परीक्षा संचालन हेतु कुल 111 केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के पूर्व एवं परीक्षा कक्ष में बच्चों को कुछ बातों का आवश्यक ख्याल रखना चाहिए। जिसमें परीक्षा के पूर्व बच्चे भयमुक्त रहें। परीक्षा देते समय तनाव से दूर रहें एवं परीक्षा के दिनों में भरपूर नींद लें। बच्चे अपनी दिनचर्या में संतुलित आहार का पालन करे । परीक्षा के पूर्व माता पिता एवं विषय शिक्षक के साथ बात करें। परीक्षा कक्ष में अपने आराध्य का ध्यान करें, घबराएं नहीं अपने परिश्रम पर विश्वास करें और प्रश्न पत्र को शांत मन से अध्ययन करें। उन प्रश्नों को पहले हल करे, जो प्रश्न आपको सरल लगे या जिस प्रश्न की जानकारी हो उन् प्रश्नों को पहले हल करें।

प्रश्नों के उत्तर शब्द सीमा में ही लिखें। इसके साथ ही प्रश्न पत्र में आए सम्पूर्ण प्रश्नों को हल करने की जरूर कोशिश करे। किसी प्रकार की समस्या या सुझाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 9425567867 और 6260985588 पर बात कर सकते हैं।

## संपादकीय

# जर्मनी में चुनाव मर्ज की विजय

**जर्मनी** में चांसलर के चुनाव में कंजरवेटिव मर्ज की विजय हुई है। जर्मनी में पिछले साल के अंत में तीन दलों की गठबंधन सरकार गिरने के बाद तुरंत संघीय चुनाव कराए गए। इस चुनाव में 59.2 मिलियन मतदाताओं ने देश का राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह बदल दिया इससे कंजरवेटिव पार्टी तथा धुर-दक्षिणपंथ का वर्चस्व स्थापित हो गया। कंजरवेटिव क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन-सीडीयू के 69 वर्षीय नेता फ्रेडरिक मर्ज इस दौड़ में सबसे आगे थे और अब वे कई दशक बाद जर्मनी के पहले कंजरवेटिव चांसलर बन गए हैं। मर्ज ने आर्थिक स्थायित्व कठोर आप्रवास नीतियों तथा यूरोप में जर्मनी के नेतृत्व पर पुनः जोर देने का वादा किया था। धुर-दक्षिणपंथी आल्टरनेटिव फार जर्मनी-एएफ्डी को भी ऐतिहासिक रूप से लाभ मिला है और वह दूसरी सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बन कर उभरी है। इन सबका खामियाजा चांसलर ओलाफ शुल्ज़ की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी-एसपीडी को भुगतना पड़ा है जो तीसरे स्थान पर आई है। उसे जर्मनी में व्याप्त आर्थिक गतिरोध तथा पिछली गठबंधन सरकार से जनता के व्यापक असंतोष का खामियाजा भुगतना पड़ा है। ग्रीन पार्टी तथा फ्री डेमोक्रेट्स उनके गठबंधन से अलग हो गए थे जिसके कारण उसे मतदाताओं ने तगड़ा धक्का दिया। इस बीच आंतरिक मतभेदों तथा राजनीतिक भावनाओं में व्यापक परिवर्तन के कारण वामपंथी पार्टी लगभग अप्रासांगिक हो गई है।

जर्मनी में यह चुनाव एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हुआ जब अनेक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों ने राष्ट्रीय विमर्श पर व्यापक प्रभाव डाला है। जर्मनी यूरोपीय संघ की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लेकिन पिछले वर्षों में वह धीमी वृद्धि, बढ़ती मुद्रास्फीति तथा औद्योगिक प्रतियोगिता में पिछड़ने का शिकार हो गई थी। ऐसे में अनेक मतदाता आर्थिक स्थायित्व बहाल करने तथा खोज को बढ़ावा देने वाले नेता की तलाश में थे और उन्होंने मर्ज को पसंद किया है। इसके साथ ही देश में आप्रवास नीतियों पर बहस चल रही थी जिसमें बड़ी संख्या में जर्मन नागरिकों ने बढ़ते आप्रवासियों के कारण जर्मनी की एकजुटता तथा सीमा सुरक्षा पर चिन्ता प्रकट की थी। एएफ्डी ने भी इन भावनाओं का लाभ उठा कर कठोर आप्रवास नियंत्रणों की मांग की थी। बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के साथ ही जर्मनी में चीन, रूस ओर अमेरिका से संबंधों को लेकर विवाद की स्थिति थी। फ्रेडरिक मर्ज ने यूरोपीय संघ पर अमेरिका के बढ़ते प्रभाव को लेकर जो संकेत दिए हैं उनसे जर्मनी की विदेश नीति में परिवर्तनों की संभावना है। जर्मनी यूरोप में अपना वर्चस्व पुनः स्थापित करना चाहता है। जर्मनी में राजनीति विश्लेषक काफी समय से इस मुद्दे पर विचार कर रहे थे कि एएफ्डी को मजबूती क्यों मिल रही है? वास्तव में इसके पीछे अनेक कारण थे। पहला, आर्थिक असंतोष मतदाताओं को लोकरंजक वादों की ओर ले जा रहा था और एएफ्डी स्वयं को परिवर्तन की पार्टी के रूप में पेश कर रही थी। दूसरा, आप्रवास तथा ऊर्जा नीतियों के कारण ओलाफ शुल्ज के गठबंधन के खिलाफ जनता में गुस्सा बढ़ रहा था जिसने राष्ट्रवादी भावनाओं को बढ़ावा दिया। इस चुनाव में शोसल मीडिया व खासकर 'टिकटाक' ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कंजरवेटिव यूनियन तथा एएफ्डी ने टिकटाक का बेहतर प्रयोग कर युवा मतदाताओं तक अपनी मजबूत पहुंच बनाई तथा संक्षिप्त व आकर्षक वीडियो के माध्यम से उनको संदेश भेजे। अक्सर इन संदेशों में नकारात्मक तत्वों का वर्चस्व होता था। जर्मनी में चुनाव के परिणाम ने दुनिया में कंजरवेटिव शक्तियों के प्रति जनता के बढ़ते झुकाव तथा वामपंथी दलों से मोहभंग का संकेत भी दिया है। जर्मनी में कई दशक बाद कंजरवेटिव यूनियन की शानदार विजय तथा एएफ्डी की महत्वपूर्ण बढ़त का न केवल जर्मनी और यूरोप, बल्कि पूरी दुनिया की राजनीति पर असर पड़ेगा। इसका प्रभाव यूरोप-अमेरिका संबंधों तथा 'नाटो' पर भी पड़ सकता है।



# रिजर्व बैंक का उचित दृष्टिकोण

मुद्रास्फीति में लगातार कमी को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने 'तटस्थ' दृष्टिकोण बनाए रखने का निर्णय किया है। वह तरलता तथा मांग को बढ़ावा देना चाहता है।



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 7 फरवरी, 2025 को छः सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति-एमपीसी बैठक के निर्णय की घोषणा की। यह वर्तमान वित्त वर्ष में छठी द्विपक्षीय बैठक थी। इसने नीतिगत दर या रेपो रेट को 25 प्वाइंट घटा कर 6.25 प्रतिशत पर ला दिया, जिस ब्याज दर पर आरबीआई बैंकों को पैसा देता है। यह लगभग पांच साल में रेपो दर में पहली कटौती है। इसके साथ ही उसने अपना तटस्थ दृष्टिकोण जारी रखा है जिसे उसने 10 अक्टूबर, 2024 की बैठक में चौथी मासिक समीक्षा घोषणा में बदल दिया था, जबकि पहले उसका दृष्टिकोण 'विड्राल आफ एकमोडेशन' था।

2016 में केन्द्र सरकार ने एमपीसी को मौद्रिक नीति परिभाषित करने तथा मुद्रास्फीति लक्ष्य को निर्देशित नीतिगत दर समेत प्रमुख ब्याज दर निर्धारित करने का संस्थागत ढांचा तैयार किया था। इसने आरबीआई को पालिसी दर इस प्रकार निर्धारित करने का आदेश दिया था ताकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को लक्षित 4 प्रतिशत से दो प्रतिशत कम या अधिक की सीमा में रखा जा सके। आरबीआई हर वित्त वर्ष में दो महीने पर नीतिगत दर तय करता है। शुरुआत में यह दर पांच साल के लिए 31 मार्च, 2021 को तय की गई थी, पर बाद में इसे अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया था। वर्तमान आदेश 31 मार्च, 2026 तक लागू रहेगा। आरबीआई मुद्रास्फीति को लक्षित करने के साथ तरलता निर्धारित करने का एक और महत्वपूर्ण नीतिगत उपकरण प्रयोग करता है जिसका अर्थ बैंकिंग व्यवस्था में कर्ज की उपलब्धता तय करना है।

नीतिगत दर में कमी के साथ ही ज्यादा तरलता निर्धारित करने से ऐसा परिदृश्य बनता है जिसे 'एकमोडेटिव' नीतिगत दृष्टिकोण कहा जाता है। जून, 2019 में यह शब्दावली निर्वतमान गवर्नर शक्तिकांत दास ने तय की थी, जब उन्होंने नीतिगत दर में आक्रामक कमी के साथ ही कर्ज उपलब्धता बढ़ाने का प्रयास किया था। जून, 2022 में आरबीआई ने अपना दृष्टिकोण बदल कर 'विड्राल आफ एकमोडेशन' कर दिया जो 9 अक्टूबर, 2024 तक जारी रहा। इसके बाद एमपीसी ने अपनी चौथी द्विपक्षीय समीक्षा बैठक में 'तटस्थ' दृष्टिकोण अपनाने का फैसला किया। 'तटस्थ' दृष्टिकोण का अर्थ है कि आरबीआई ने अपने विकल्प खुले रखे हैं जिसका अर्थ है कि वह न कर्ज की उपलब्धता घटा कर तरला कम करेगा ओर न नीतिगत दरों को बढ़ा कर कम ब्याज दरों पर बेलगाम कर्ज को बढ़ावा देगा। हालांकि, मुद्रास्फीति को लक्षित करना महत्वपूर्ण है, पर समान रूप से मौद्रिक नीति पर भी गौर करना जरूरी है जो उच्च वृद्धि दर को बनाए रखने में सहायक है। वर्तमान वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर गिर कर 5.4 प्रतिशत हो गई जो 2023-24 वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 8.1 प्रतिशत थी।

वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में इसके लगभग 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 8.2 प्रतिशत थी। इस पृष्ठभूमि में देखने तथा भारत को 2047 तक 'विकसित अर्थव्यवस्था' बनाने के लिए लगातार 8 प्रतिशत वृद्धि दर बनाए रखने की आवश्यकता को देखते हुए आरबीआई आवश्यक कदम उठा सकती थी। वह 'एकमोडेटिव' नीति को छोड़ कर नीतिगत दर में महत्वपूर्ण कटौती कर बैंकिंग व्यवस्था में समुचित नकदी प्रवाहित कर सकता था। लेकिन उसने रेपो दर में थोड़ी सी 0.25 प्रतिशत कटौती कर 'तटस्थ' दृष्टिकोण बनाए रखा है। आरबीआई की यह हिचक उस सोच का परिणाम है जो पूर्व गर्वनर दास के विचारों में उस समय सामने आई थी जब उन्होंने वर्तमान वित्त वर्ष की पहली द्वैमासिक नीति की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था, 'हाथी अब टहलने निकल गया है और शायद वह जंगल में वापस लौट रहा है। हम चाहते हैं कि हाथी जंगल में वापस चला जाए और वहां स्थाई आधार पर बना रहे।' सरल भाषा में उनका कहना था कि हमें उस समय तक ब्याज दरों में कटौती की कोई आवश्यकता नहीं है जब तक मुद्रास्फीति की दर 4 प्रतिशत पर न पहुंच जाए और उस स्तर पर बनी रहे। निर्वतमान गवर्नर ने यह सोच बनाए रखी। फरवरी, 2023 को नीतिगत दर अपने शिखर 6.5 प्रतिशत पर थी। वित्त वर्ष 2022-23 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-सीपीआई मुद्रास्फीति दर 8 प्रतिशत के आसपास थी।

> समस्या यह है कि आरबीआई मुद्रास्फीति से बहुत भयभीत है। आरबीआई के वर्तमान गवर्नर मल्होत्रा ने माना है कि मुद्रास्फीति में कमी आ रही है। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का हवाला देते हुए तटस्थ दृष्टिकोण छोड़ने से इनकार कर दिया है।

इसके अगले वर्ष इसमें कमी आनी शुरू हुई और यह जुलाई, 2023 में 7.4 प्रतिशत, सितंबर 2023 में 5 प्रतिशत तथा अक्टूबर 2023 में 4.8 प्रतिशत पर आ गई। यह जनवरी-फरवरी 2024 में 5.1 प्रतिशत पर थी। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 5.4 प्रतिशत थी। वर्तमान वित्त वर्ष में भी यह नीची रही है। जून 2024 में यह 5.08 प्रतिशत तथा जुलाई 2024 में 3.54 प्रतिशत थी। अक्टूबर 2024 में थोड़े समय के लिए 6.2 प्रतिशत पर रहने के बाद यह जनवरी 2025 में घट कर 4.3 प्रतिशत हो गई। वित्त वर्ष 2024-25 में आरबीआई ने इसका अनुमान 4.8 प्रतिशत लगाया है। उपरोक्त को देखते हुए वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही से सीपीआई मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत से दो प्रतिशत कम या अधिक के लक्ष्य पर बनी रही है। वर्तमान वित्त वर्ष में भी यही स्थिति बनी हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 में आरबीआई इसके 4.2 प्रतिशत पर बने रहने की आशा कर रहा है। इस प्रकार समुचित तरलता को बढ़ावा देने के लिए रेपो दर में काफी कमी का मजबूत मामला बनता है। इससे मांग बढ़ाने तथा आर्थिक प्रगति को गति देने में सहायता मिलती। इसके साथ ही लाखों कर्जदारों को अपना ईएमआई घटाने के साथ उद्योगों को भी सहायता मिलती। इससे खासकर एमएसएमई पर कर्जों का बोझ घट जाता। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

समस्या यह है कि आरबीआई मुद्रास्फीति से बहुत भयभीत है। आरबीआई के वर्तमान गवर्नर मल्होत्रा ने माना है कि मुद्रास्फीति में कमी आ रही है। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का हवाला देते हुए तटस्थ दृष्टिकोण छोड़ने से इनकार कर दिया है। उनके अनुसार, 'वैश्विक मुद्रास्फीति में कमी की प्रगति थम गई है।' इसका अर्थ है कि उनको इसका प्रभाव सीपीआई पर पड़ने की आशंका है और ऐसे में 'तटस्थ दृष्टिकोण एमपीसी को बदलते मैक्रोइकोनोमिक परिदृश्य को देखते हुए लचीली प्रतिक्रिया का अवसर देगा।' सीपीआई मुद्रास्फीति में खाद्य मुद्रास्फीति का बड़ा योगदान है जिसका हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत है।

इस पर मांग के पक्ष में काम करने वाले मौद्रिक नीति उपकरणों के बजाय सप्लाई पक्ष के मौसमी तत्वों का जदा प्रभाव पड़ता है। इस कारण मौसमी कारणों से सप्लाई में जरा भी बाधा आने पर खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ती है। जब तक खाद्य पदार्थ सीपीआई का हिस्सा बने रहेंगे, मुद्रास्फीति के लक्ष्य हमेशा समस्या का कारण बनेंगे। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने 2023-24 के आर्थिक सर्वेक्षण में इसे तत्काल यहां से हटाने की आवश्यकता बताई थी। उनका तर्क था कि मौद्रिक नीति का खाद्य पदार्थों के मूल्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है जो सप्लाई पक्ष के दबावों से प्रभावित होते हैं।

इन पर अत्यधिक तापमान, बैमौसम बरसात, ओलावृष्टि आदि का ज्यादा असर पड़ता है। मौसमी कारणों से सब्जियों के दाम बढ़ते हैं। मौद्रिक नीति तय करते समय आरबीआई की मुख्य जिम्मेदारी मैक्रोइकोनोमिक स्थिरता सुनिश्चित करना है जिसमें मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखना केन्द्रीय स्थान पर है। लेकिन यदि कर्ज के परिवेश में रियायत न बरती गई तो आर्थिक वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं।

# कांगो गणराज्य में बढ़ता संकट

> पिछले साल एम23 द्वारा कोल्टन समृद्ध क्षेत्र रुबाया पर कब्जा करने से पता चलता है कि आर्थिक हित विद्रोह के प्रक्षेपवक्र को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

देबाशीष जैना
(लेखक, विदेश नीति शोधकर्ता हैं)



कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के पूर्वी हिस्से में हाल ही में बढ़ी हिंसा इस क्षेत्र में गहरी जड़ें जमाए बैठी अस्थिरता की एक स्पष्ट चेतावनी है। एम23 विद्रोह का फिर से उभरना, जिसके कारण गोमा पर कब्जा हो गया और दक्षिण किवु में और आगे बढ़ गए, महज कांगो का आंतरिक संकट नहीं है—यह एक ऐसा संघर्ष है जिसके महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ हैं। रवांडा की भागीदारी, चाहे प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष, विवादास्पद बनी हुई है, क्योंकि एम23 को उसका समर्थन होने के आरोप जारी हैं।

जबकि किगाली इन आरोपों से इनकार करता है, एम23 के संचालन की परिष्कृतता इसके समर्थन को लेकर गंभीर सवाल उठाती है। इस संकट के मूल में जातीय तनाव, राजनीतिक शिकायतों और आर्थिक शोषण का एक जटिल मिश्रण है, विशेष रूप से डीआरसी की विशाल खनिज संपदा के संबंध में।

हालांकि, किगाली इस बात पर जोर देता है कि वह रवांडा मुक्ति लोकतांत्रिक बलों (एफडीएलआर) से उत्पन्न खतरे का हवाला देते हुए आत्मरक्षा में काम कर रहा है, जो पूर्वी डीआरसी में सक्रिय एक हुतु मिलिशिया है जिसका 1994 के रवांडा नरसंहार के अपराधियों के साथ ऐतिहासिक संबंध है।

फिर भी, रवांडा की कार्रवाई सीमा सुरक्षा से परे है। संघर्ष के आर्थिक आयाम को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, रवांडा पर कांगो के खनिजों, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में एक प्रमुख घटक कोल्टन के अवैध दोहन से लाभ कमाने का आरोप है।

पिछले साल एम23 द्वारा कोल्टन समृद्ध क्षेत्र रूबाया पर कब्जा करने से पता चलता है कि आर्थिक हित विद्रोह के प्रक्षेपवक्र को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एम23 पूर्वी डीआरसी में जातीय तुत्सी के अधिकारों के लिए लड़ने का दावा करता है कूटनीतिक माध्यमों से राजनीतिक अधिकारों की वकालत करने के बजाय, यह समूह हिंसा, जबरन विस्थापन और मानवाधिकारों के उल्लंघन में लगा हुआ है। प्रमुख शहरों और संसाधन-समृद्ध क्षेत्रों पर कब्ज़ा करने की इसकी रणनीति आत्मरक्षा से कहीं आगे तक फैले एक एजेंडे का सुझाव देती है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा समर्थित डीआरसी ने एम23 के दावों को खारिज कर दिया है, यह तर्क देते हुए कि यह समूह रवांडा की क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं के लिए एक प्रॉक्सी के रूप में काम कर रहा है।

दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय और पूर्वी अफ्रीकी समुदाय द्वारा तत्काल युद्धविराम का आह्वान करते हुए क्षेत्रीय नेताओं द्वारा शांति स्थापित करने का नवीनतम प्रयास, इस बढ़ती मान्यता को दर्शाता है कि संकट को केवल सैन्य साधनों के माध्यम से हल नहीं किया जा सकता है। हालाँकि, ज़मीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। एम23 ने हमलों को फिर से शुरू करने से पहले कुछ समय के लिए युद्धविराम की घोषणा की थी, जो यह संकेत देता है कि कूटनीतिक प्रयास युद्ध के मैदान के घटनाक्रमों के साथ तालमेल बिठाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

रवांडा के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के लिए डीआरसी का आह्वान, किंशासा में विरोध प्रदर्शनों के साथ, जहाँ प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति पॉल कागामे के चित्रों को जलाया, दोनों देशों के बीच गहरी दरार का एक संकेत देता है।

राजनयिक संबंध टूटने और शत्रुता बढ़ने के साथ, बातचीत के ज़रिए समाधान की संभावनाएँ धूमिल बनी हुई हैं। विशुद्ध सैन्य समाधान से स्थायी शांति मिलने की संभावना नहीं है। कांगो की सेना ने ऐतिहासिक रूप से अच्छी तरह से सुसज्जित विद्रोही समूहों को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष किया है, और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन, मोनूस्को की उपस्थिति ने हिंसा की नवीनतम लहर को रोकने के लिए बहुत कम किया है।

विदेशी सैन्य हस्तक्षेप, चाहे क्षेत्रीय बलों से हो या अंतर्राष्ट्रीय अभिनेताओं से, स्थिति को हल करने के बजाय इसे बढ़ाने का जोखिम उठाता है। आगे बढ़ने का सबसे व्यवहार्य मार्ग सैन्य नियंत्रण और राजनीतिक जुड़ाव का संयोजन है। आगे के क्षेत्रीय नुकसान को रोकने के लिए डीआरसी के सुरक्षा बलों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है।

लेकिन राजनयिक प्रयासों को जातीय शिकायतों और आर्थिक शोषण सहित संघर्ष के मूल कारणों को भी संबोधित करना चाहिए। कोल्टन और अन्य कीमती संसाधनों की वैश्विक मांग यह सुनिश्चित करती है कि सशस्त्र समूह अवैध खनन कार्यों के माध्यम से खुद को बनाए रख सकते हैं। मजबूत अंतरराष्ट्रीय नियमों और जवाबदेही उपायों के बिना, संघर्ष क्षेत्रों से खनिजों का स्रोत बनाने वाली कंपनियां हिंसा के वित्तपोषण में मिलीभगत करती रहेंगी। संघर्ष के चक्र को तोड़ने के लिए संसाधन शोषण में उनकी भूमिका के लिए राज्य और गैर-राज्य अभिनेताओं दोनों को जवाबदेह ठहराना आवश्यक है। पूर्वी डीआरसी में चल रहा संकट सिर्फ़ एम23 या रवांडा की कथित संलिप्तता के बारे में नहीं है - यह एक बड़े भू-राजनीतिक संघर्ष का हिस्सा है जिसने दशकों से इस क्षेत्र को त्रस्त कर रखा है। जब तक क्षेत्रीय अभिनेता वास्तविक शांति प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध नहीं होते और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अवैध खनिज व्यापार के खिलाफ़ सख्त उपाय लागू नहीं करता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

स्थिरता के मार्ग के लिए सुरक्षा चिंताओं और आर्थिक प्रोत्साहनों दोनों को संबोधित करने की आवश्यकता है जो सशस्त्र समूहों को प्रेरित करते हैं। सार्थक कार्रवाई के बिना, पूर्वी डीआरसी हिंसा के चक्र में फंसा रहेगा, और इसके लोग एक ऐसे युद्ध का खामियाजा भुगतेंगे जो इसकी सीमाओं से बहुत दूर शक्तिशाली अभिनेताओं के हितों की सेवा करता है।

## आप की बात

### अद्वितीय पहल

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मोटापे के बढ़ते प्रकोप को कुचलने के लिए एक अद्वितीय और संकल्पबद्ध पहल की शुरुआत की है। इस महाअभियान के लिए उन्होंने 10 तेजस्वी और प्रभावशाली व्यक्तित्वों, उमर अब्दुल्ला, आनंद महिंद्रा, मोहनलाल, निरहुआ, मनु भाकर, मीराबाई चानू, नंदन नीलेकणि, आर. माधवन, श्रेया घोषाल और सुधा मूर्ति—को चुना है। इन प्रबुद्ध आत्माओं को यह पवित्र दायित्व सौंपा गया है कि वे इस मुहिम को न केवल गति दें, बल्कि देश के हर प्रांत, हर गांव तक स्वस्थ जीवन का प्रकाश फैलाएं। मोटापा अब महज सौंदर्य का शत्रु नहीं, बल्कि यह उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर जैसे प्रलयंकारी रोगों का सूत्रधार बन चुका है। आधुनिक जीवन की अंधी दौड़, असंयमित भोजन और शारीरिक जड़ता ने इस संकट को और भयावह बना दिया है। प्रधानमंत्री का यह संकल्प एक शंखनाद है—जनता को झकझोरने, संतुलित आहार और सतत व्यायाम के प्रति जागृत करने और भारत को स्वास्थ्य-संपन्न, शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में गढ़ने का। इन 10 प्रेरणादायी शख्सियतों से प्रधानमंत्री ने आह्वान किया है कि वे इस आंदोलन को एक जनक्रांति में परिवर्तित करें, इसे एक अजेय शक्ति बनाएं। अब समय है कि हर देशवासी इस महायुद्ध का योद्धा बने, मोटापे के इस दानव से टकराए और भारत को ऊर्जा, बल और सामर्थ्य का प्रतीक बनाएं।

- **आरके जैन**, बड़वानी, मप्र

### संघर्ष करते मजदूर

**दो** जून रोटी के लिए काम करते मजदूर न सुरंग न सीवर और न ही खदानों में सुरक्षित है। जब हादसे होते है तब मजदूरों की सुरक्षा पर सवाल उठते है लेकिन समय बीतने के साथ ही सब कुछ विस्मृत हो जाता है। जबकि शुरुआत में ही हादसे के बाद सुरक्षा उपायों पर होने वाली चर्चा और ठोस सुरक्षा इंतजाम की होती है। ऐसे जोखिमपूर्ण कार्यों में आधुनिक तकनीक और बचाव दल की तत्परता अनिवार्य होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की त्रासदियों को टाला जा सके तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के निर्माणाधीन हिस्से के ढहने से आठ श्रमिक पिछले दो दिनों से फंसे हुए हैं। इनके बचने की संभावना अत्यंत कम है क्योंकि सुरंग के अंदर लगभग 30 फीट में से 25 फीट तक कीचड़ जमा है, जिससे फंसे हुए श्रमिकों तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण हो गया है। हालांकि उन्हें निकालने के लिए हर संभव प्रयास जारी हैं। बचाव कार्य में 2023 में उत्तराखंड की सिल्कयारा बेंड-बरकोट सुरंग में फंसे श्रमिकों के लिए लगी रैट माइनर्स की टीम भी शामिल है। दुर्घटना स्थल पर कीचड़ और मलबे की अधिकता के कारण बचाव कार्य में तीन से चार दिन लग सकते हैं। इस घटना ने सुरंग, सीवर और खदानों में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

- **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### आनलाइन सुरक्षा का सवाल

**म्यांमार** के साइबर अड्डे से 70 भारतीयों को छुड़ाया गया है, जिन्हें बंधक बनाकर ऑनलाइन साइबर अपराध को अंजाम दिया जा रहा था। यह पहली बार नहीं है जब ऐसा हुआ है, इससे पहले भी कुछ लोगों को छुड़ाया गया है। लेकिन जब तक अपराधियों के गठजोड़ और गिरोह को पूरी तरह नष्ट नहीं किया जाता, तब तक यह गोरख धंधा चलता ही रहेगा। अनुमान है कि अभी भी कई लोगों इनके जाल में फंसे हुए हैं। सरकार को म्यांमार सरकार से बात करके इस गिरोह का खत्म करना होगा और सभी भारतीयों को सुरक्षित देश में लाना होगा। साथ ही, यह भी ध्यान रखना होगा कि कहीं यह भारत में आकर भी खुद का साइबर गिरोह न बना ले। साइबर अपराध का यह जाल बहुत ही खतरनाक है, और इसके लिए हमें बहुत ही सावधान रहना होगा। हमें अपने डेटा की सुरक्षा के लिए बहुत ही सावधानी से काम लेना होगा, और हमें अपने ऑनलाइन लेन-देन के लिए बहुत ही सावधानी से काम लेना होगा। इसके अलावा, हमें अपने बच्चों को भी साइबर अपराध के बारे में जागरूक करना होगा, और उन्हें ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जानकारी देनी होगी। हमें अपने समाज में भी साइबर अपराध के बारे में जागरूकता फैलानी होगी, और लोगों को इसके बारे में जानकारी देनी होगी। सरकार को भी साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी।

- **विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद

### न्याय या अन्याय

**दिल्ली** की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 में सिक्ख विरोधी दंगे के अपराधी पूर्व सांसद सज्जन कुमार को 40 साल बाद उम्रकैद की सजा सुनाई. इससे पूर्व आरोपी पहले से ही उम्र कैद की सजा काट रहा है. जबकि पीड़ित पक्ष मृत्यु दंड देने की मांग कर रहा है. ये पीड़ित पक्ष के साथ न्याय है या अन्याय क्या कहेंगे ? एक तो न्याय देने में इतनी लम्बी समयावधि की प्रक्रिया हुई कि आरोपी से ज्यादा पीड़ा पीड़ित पक्ष को हुई होगी. क्योंकि उम्र कैद की सजा तो आरोपी काट ही रहा था तब उसी तरह की सजा उम्रकैद की दी जाने से फरियादी के साथ कितना न्याय/अन्याय हुआ ये सोचने वाली बात है. देश में किसी भी फरियादी/मुवक्किल को न्याय तभी सही मिल पायेगा जब समय पर फैसला हो. इतनी लम्बी अवधि के पश्चात फैसले से तो ऐसा लगता है जैसे दोषी को नहीं बल्कि फरियादी को ही बिना जेल की सजा काटने को मजबूर होना पड़ जाता है. अतः कोर्ट छोटी हो या बड़ी न्यायविद/सरकार कुछ ऐसे सुशासनित संवैधानिक प्रबंध करें कि समय पर फरियादी को न्याय और दोषी को सजा मिल सके किसी को ऐसा महसूस न होने लगे कि ये मेरे साथ कैसा न्याय हुआ है।

- **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# कल्पना योगेश तिवारी की 18294 मतों से ऐतिहासिक जीत



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 से भाजपा समर्थित प्रत्याशी कल्पना योगेश तिवारी ने 18294 मतों के रिकॉर्ड अंतर से शानदार जीत दर्ज की। इस ऐतिहासिक जीत ने उन्हें छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी बढ़त से जीतने वाले प्रत्याशियों में शामिल कर दिया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद, कल्पना योगेश तिवारी ने बेमेतरा की जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया। योगेश तिवारी ने कहा मैं पिछले 12 वर्षों से बेमेतरा की जनता की सेवा कर रहा हूँ। हर सुख-दुख में जनता के साथ खड़ा रहा हूँ और जनता ने मेरे इस सेवा भाव को स्वीकार कर कल्पना योगेश तिवारी को जीत दिलाई। छत्तीसगढ़ प्रदेश में सबसे अधिक मतों से जीत हासिल करना गर्व की बात है। लगभग 19,294 मतों से विजयी होकर कल्पना योगेश तिवारी ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। कल्पना योगेश तिवारी ने यह भी कहा कि उनकी प्राथमिकता गाँव-गाँव तक विकास को पहुँचाना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बुनियादी सुविधाओं को सशक्त बनाना होगा। आप सभी का सहयोग और विश्वास मेरी ताकत है। हम सब मिलकर बेमेतरा को एक आदर्श जिला बनाएंगे और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। कल्पना योगेश तिवारी की इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे बेमेतरा में उत्सव और जश्न का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और विजय जुलूस के साथ जीत का जश्न मनाया। इस जीत से स्पष्ट हो गया है कि बेमेतरा की जनता ने भाजपा समर्थित नेतृत्व और विकास की राजनीति पर एक बार फिर भरोसा जताया है। सेवा, समर्पण और सुशासन के संकल्प के साथ बेमेतरा के विकास की नई दिशा तय करेगा।

# ब्रेक शू के घिसने से फटा ट्रक का टायर, लगी आग, चालक ने कूद कर बचाई जान, आधी रात डेढ़ बजे 2 किमी तक लगा जाम





पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

नेशनल हाइवे 30 पर आयरन ओर से भरी ट्रक में आग लग गई। जिससे ट्रक धू-धूकर करीब डेढ़-दो घंटे तक जलता रहा। किसी तरह ट्रक चालक ने ट्रक से नीचे कूद कर अपनी जान बचाई। मंगलवार-बुधवार की बीती रात करीबन डेढ़ बजे बालोद जिले के पुरूर थाना क्षेत्रान्तर्गत धमतरी-जगदलपुर मार्ग एनएच-30 पर जगतरा टोल प्लाजा के पास जगदलपुर की ओर से आ रही ट्रक में ब्रेक शु के घिसने से पिछला टायर फट गया और ट्रक में आग लग गई। बालोद से फायर ब्रिगेड बुलाकर ट्रक में लगी आग को बुझाया गया। ट्रक में आयरन गिट्टी लोड थी, जो जगदलपुर से धमतरी की ओर जा रही थी। इस दौरान टोल प्लाजा के दोनों ओर 2 किमी तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। घटना के समय नेशनल हाईवे सड़क के दोनों ओर करीब डेढ़ से 2 किलोमीटर तक वाहनो की लंबी कतार लगने से करीब 2 घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुरूर पुलिस ने ट्रक में लगी आग पर काबू पाने के बाद यातायात को दुरुस्त किया गया।

## कड़ी मशक्कत के बाद बुझी आग

पुरूर थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा ने बताया कि, आग लगने से हाईवे पर रात 1 बजे से 2:30 बजे तक दोनों ओर करीब 2 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही धमतरी और बालोद की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई। इसके बाद देर रात तक सड़क को पूरी तरह क्लियर कराया गया। घटना में करीब 5 लाख से अधिक के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की सूचना ट्रक मालिक को दे दी गई। उनके आने के बाद ही वास्तविक नुकसान का आंकलन करने की बात कही गई। राहत की बात यह रही कि ट्रक चालक सुरक्षित है। समय रहते वाहन से कूदकर उसने अपनी जान बचा ली। बहरहाल, मामले पर आगे की जांच की जा रही है।

# बलौदा बाजार मामले में रिहाई के बाद सतनामी समाज के युवाओं का बेमेतरा में भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार आगजनी मामले में नौ महीने जेल में बिताने के बाद भीम रेजीमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक दिनेश चतुर्वेदी समेत अन्य सतनामी समाज के युवकों को हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद रिहा कर दिया गया। जहाँ अपने गृह जिला बेमेतरा नगर पहुंचने पर जिला सतनामी समाज द्वारा सिग्नल चौक पर उनका भव्य स्वागत किया गया। सतनामी समाज को गहरी साजिश के तहत फंसाया गया, 2,261 करोड़ रुपये के शराब घोटाले की फाइलें जली, मीडिया से बातचीत में दिनेश चतुर्वेदी ने कहा कि समाज ने एक महीने से लगातार प्रशासन को ज्ञापन दिया था, लेकिन न्याय नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि महकोनी गुफा में जैतखाम कटने की घटना की न्यायिक जांच के बजाय आंदोलन को षड्यंत्रपूर्वक दंगा करार देकर सतनामी समाज को फंसाया गया। उन्होंने दावा किया कि आगजनी के दौरान 2,261 करोड़ रुपये के शराब घोटाले की फाइल जलने की खबर मिली, बाकी फाईलें सुरक्षित है। इसमें सतनामी समाज का कोई हाथ नहीं है। उन्होंने इसे एक गहरी साजिश बताया और न्यायपालिका पर भरोसा जताया कि उन्हें इंसाफ मिलेगा।

## आरोप निराधार, सरकार को नार्को टेस्ट की खुली चुनौती : दिनेश चतुर्वेदी

सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए चतुर्वेदी ने कहा कि उनके खिलाफ सात नामजद एफआईआर और 13 अन्य मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें उन्हें मुख्य षड्यंत्रकारी बताया गया है। उन्होंने इन आरोपों को निराधार बताते हुए सरकार को नार्को टेस्ट की खुली चुनौती दी और कहा अगर मेरे भाषण से दंगा भड़का हो या मेरी कोई मंशा रही हो, तो मुझे फाँसी पर लटका दिया जाए। इस अवसर पर जेल से रिहा प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक दिनेश चतुर्वेदी, भीम रेजिमेंट जिलाअध्यक्ष अविनाश घृतलहरे, बेरला ब्लॉक सतनामी समाज अध्यक्ष हेमंत चंदेल, भीम रेजिमेंट प्रदेश सचिव रेखराम सोनवानी, हेमंत बंजारे, पत्रकार फ्लेश मधुकर, अश्वनी रात्रे, कवर्धा जिला अध्यक्ष कमलेश लहरें, अजय बघेल एवं अन्य का स्वागत किया गया। वही इस दौरान बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समय-सीमा बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों तथा अधोसंरचना निर्माण की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य समाप्त हो चुके हैं, इसलिए अब सभी अधिकारी पूरी ऊर्जा के साथ अपने नियमित कार्यों में जुटें और लंबित आवेदनों एवं कार्यों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करते हुए पूरा करें। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि प्रारंभ हो चुके कार्यों में गति लाई जाए और जो कार्य अभी तक आरंभ नहीं हुए हैं, उन्हें तुरंत प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर ने प्रभारी मंत्री, विधायक निधि, सांसद निधि एवं अनुसंशा से स्वीकृत विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने व सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में मिनी स्टेडियम निर्माण, नाली निर्माण, सीसी रोड, मंच निर्माण और महतारी सदन के लिए कई घोषणाएं की गई हैं, जिसका कार्य प्रारंभ हो चुका है, अब इन कार्यों को शीघ्र और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जहां किसी भी प्रकार की समस्या आए, उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित करते हुए कार्य को पूरा किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कौडों, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, नरेन्द्र पैकरा, विनय पोयाम सहित सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर और जिला स्तरीय स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के सभी विकासखंडों में चल रहे प्रधानमंत्री आवास और आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी आवास लंबित नहीं रहना चाहिए। यदि किसी कारणवश कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है, तो तत्काल समस्या का समाधान कर आवास निर्माण प्रारंभ किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने अमृत सरोवर योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि ग्रामों में अमृत सरोवर का निर्माण किया जाना है। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि वे जल्द से जल्द स्थल का चिन्हांकन कर प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने कहा कि सरोवर निर्माण के दौरान निकाली गई मिट्टी और मुरम का सदुपयोग किया जाए। इसका उपयोग सड़क निर्माण, खेल मैदान और अन्य सार्वजनिक स्थलों के लिए किया जा सकता है। कलेक्टर वर्मा ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की और संबंधित एजेंसियों को समन्वय स्थापित कर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिंचाई योजनाओं के तहत भू-अर्जन प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और हल्का पटवारी सहित सभी संबंधित विभागों को इन प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को भू-अर्जन प्रकरणों के त्वरित निपटान के लिए सख्त समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने को कहा, ताकि इन योजनाओं पर जल्द से जल्द प्रगति लाया जा सके। कलेक्टर ने जिले में छूटे हुए नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने एग्रीस्टेक परियोजना के अंतर्गत कृषि भूमि धारक का कृषि भूमि पहचान पत्र (फार्मर आईडी) का निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि इसमें प्रगति लाने की आवश्यकता है।

# ग्राम पंचायत घोटमर्रा में आंचल युवराज दुबे सरपंच पद पर 380 वोटों से एतिहासिक जीत



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेरला विकासखंड के ग्राम पंचायत घोटमर्रा के सरपंच पद पर आंचल युवराज दुबे 380 वोटों से एतिहासिक जीत मिली है। आंचल दुबे से ठीक पहले युवराज दुबे ग्राम पंचायत घोटमर्रा के सरपंच रहे हैं।लगातार दूसरी बार सरपंच निर्वाचित होने पर ग्राम पंचायत घोटमर्रा के तीनों गांव घोटमर्रा, चोटमर्रा, हड़गांव के समस्त ग्रामवासियों ने खूब बधाई देकर अनेक अनेक हर्ष व्यक्त किए। अपनी जीत पर आंचल दुबे ने समस्त ग्रामवासियों व मतदाता भाइयों, बहनों व माताओं का हार्दिक अभिनंदन कर आभार माना। पूर्व कार्यकाल की भांति मन, वचन, कर्म से अपने तीनों गांव की चहुंमुखी विकास, सुख-शांति व संपन्नता की प्रतिबद्धता दोहराई।

# चोरी किए गए 229 नग लोहे का सेट्रींग प्लेट के साथ चोरी के समाग्री खरीदने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




चोरी किए गए 229 नग लोहे का सेट्रींग प्लेट के साथ चोरी के समाग्री खरीदने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है इस संबंध में पुलिस ने बताया कि प्रार्थी नफीस अली पिता निसार अली उम्र 27 साल साकिन स्टेशन रोड सत्कार गली हॉटल, नर्मदा पारा रायपुर जिला रायपुर ने 16.02.2025 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका मामा रिजवान खान निवासी आनंद नगर रायपुर के द्वारा आई. के. कन्ट्रक्शन के नाम से ग्राम बोहारडीह पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा में पुलिया निर्माण कार्य ठेका मे लेकर कार्य करवा रहे है। जहां पुलिया बनाने का काम चल रहा है। जिसका देखरेख वह करता है। ग्राम बोहारडीह के निर्माणाधिन पुलिया के पास 229 नग लोहे का सेट्रींग प्लेट प्रत्येक का वजन 35-35 किलो पुरानी इस्तमाली, 20 नग लोहे का वैकेट प्रत्येक का वजन करीबन 20-20 किलो पुरानी इस्तमाली जुमला किमती 4,00,000 रूपये को खुले स्थान पर रखा था। 13.02.25 को दरम्यानी रात्रि एवं 15.02.25 को दरम्यानी मध्य रात्रि में लगभग 229 नग लोहे का सेट्रींग प्लेट को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर धारा 303 (2), 317 (4), 3(5) बीएनएस सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। उक्त घटना के संबंध में अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने तत्काल चोरी गये मशरूका एवं आरोपी का पता तलाश कर आरोपी के विरूध्द्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेरला विनय कुमार के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी कंडरका प्रभारी सउनि कंवल सिंह नेताम एवं स्टॉफ को चोरी गये मशरूका एवं आरोपी का पता तलाश कर आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। विवेचना कार्यवाही के दौरान 20 व 21 फरवरी 2025 को आरोपीगण बलवीर सिंह उम्र 21 साल साकिन वार्ड 15 कुम्हारी, वीर देवार उर्फ भैरा उम्र 20 साल साकिन वार्ड नं. 4 सब्जी मार्केट के सामने कुम्हारी अपने साथी विधि से संघर्षरत् बालको के साथ आरोपी बलवीर सिंह के वाहन बड़ा दोस्त क्रमांक सीजी 04 पीएम 5289 मे पुनः रात्रि के समय चोरी करने के नियत से घटना स्थल के पास आये हुये को पकड़कर पुछताछ करने पर पता चला कि आरोपीगण द्वारा अपने साथी विधि से संघर्षरत् बालको के साथ मिलकर 13 फरवरी एवं 15 फरवरी को दरम्यानी रात्रि में घटना स्थल के पास से चोरी गये सम्पत्ति को चोरी कर वाहन बडा दोस्त वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएम 5289 मे भरकर चोरी कर कुम्हारी ले जाकर आरोपी समीरउद्दीन कबाड़ी दुकान वाले के पास बिक्री कर देना बताये है। आरोपीयो से पुछताछ के आधार पर चोरी गये सम्पत्ति 229 नग लोहे का सेट्रींग प्लेट कीमती करीबन चार लाख रूपये को आरोपी समीरउद्दीन के कब्जे से जप्त किया गया है। प्रकरण में आरोपी समीरउद्दीन द्वारा चोरी का सम्पत्ति बार-बार खरीदना पाये जाने से प्रकरण मे धारा 317(4), 3(5) बीएनएस जोडी गई हैं।

# कलेक्टर ने नगर विकास कार्यों का किया निरीक्षण, निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे महत्वपूर्ण विकास कार्यों का निरीक्षण किया और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ठाकुर देव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक बनने वाली सड़क चौड़ीकरण परियोजना का मुआयना किया, जिसकी कुल लागत 11 करोड़ रुपए है। इस दौरान उन्होंने बिजली पोल शिफ्टिंग के कार्य को प्राथमिकता देने, निर्माण कार्यों में कुशल श्रमिकों की संख्या बढ़ाने और समय सीमा के भीतर सभी परियोजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर वर्मा ने करपात्री स्कूल के सामने 50 लाख रुपए की लागत से बन रहे पाथवे और गार्डन निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इसके अलावा नगर पालिका कार्यालय के सामने 1 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित हो रही चौपाटी तथा डीएफओ कार्यालय के सामने निर्माणाधीन चौपाटी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्यों को शीघ्रता और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि जो स्थल पहले ही तैयार हो चुके हैं, वहां से निर्माण सामग्री को तुरंत हटाया जाए ताकि यातायात बाधित न हो। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एसडीएम आकांक्षा नायक, लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता रंजीत घाटगे, विद्युत विभाग के अधिकारी, सीएमओ रोहित साहू, लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर सौंदर्यीकरण और सुव्यवस्थित विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है कवर्धा

कबीरधाम जिले का प्रमुख नगर कवर्धा, समृद्ध कवर्धा सुव्यवस्थित कवर्धा के मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से नगर को सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की गई हैं। ठाकुर देव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक की चौड़ी और पक्की सड़क इस योजना का एक अहम हिस्सा है, जिससे आवागमन सुगम होगा और यातायात दबाव कम होगा। इस मार्ग के उन्नयन से शहरवासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी और हाईटेक बस स्टैंड का बेहतर कनेक्टिविटी से लाभ मिलेगा। इसके अलावा, नगर पालिका के सामने अत्याधुनिक चौपाटी और गार्डन का निर्माण भी शहर के सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं में बढ़ोतरी करेगा। इन स्थानों को मनोरंजन केंद्र और सार्वजनिक सुविधाओं के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां बैठने की बेहतर व्यवस्था, हरियाली और अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि नगर के विकास कार्यों को समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों की सतत निगरानी करें और किसी भी प्रकार की देरी न हो।

## सड़क चौड़ीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ठाकुर देव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक की 11 करोड़ रुपए की लागत से बन रही सड़क का निरीक्षण किया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली पोल शिफ्टिंग और मलबा हटाने की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने को कहा ताकि यातायात प्रभावित न हो।

## चौपाटी और गार्डन से मिलेगा शहर को नया स्वरूप

नगर पालिका कार्यालय और डीएफओ कार्यालय के सामने निर्माणाधीन चौपाटी और गार्डन का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इसे शहर के सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

# टेकाम को छत्तीसगढ़ के तरफ से निर्णायक हेतु चयनित किया गया




पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

14वीं फेडरेशन कप बाडी बिलिंड्ग प्रतियोगिता 22-23 फरवरी को लखनऊ उत्तरप्रदेश मे आयोजित हुई। बेमेतरा के सहकारिता विभाग में कार्यरत वरिष्ठ सहकारिता अधिकारी महेंद्र टेकाम को छत्तीसगढ प्रदेश की ओर से निर्णायक के रूप मे आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर टेकाम के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाया साथ ही सम्मानित होने का अवसर मिला।

# हद हो गई रेलवे प्रशासन की उदासीनता की, आज तक एक ईंट भी नहीं रखी गई निर्माण की

## सक्ती के टेमर एवं सोंठी रेलवे ओवर ब्रिज के 1 साल पहले आज के दिन ही प्रधानमंत्री मोदी ने किया था वर्चुअल भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com




नवगठित जिला मुख्यालय शक्ति के टेमर एवं सोंठी रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की आधारशिला आज के दिन ही 26 फरवरी 2024 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से पूरे देश भर के 554 रेलवे स्टेशनों में एक साथ हजारों रेलवे ओवर ब्रिज एवं अंडरग्राउंड ब्रिज निर्माण के भूमि पूजन- लोकार्पण के रूप में रखी थी, इस अवसर पर जिला मुख्यालय शक्ति के रेलवे स्टेशन शक्ति परिसर में तत्कालीन आईएएस कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की उपस्थिति एवं भाजपा नेताओं की मौजूदगी में यह वर्चुअल शिलान्यास समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया था, जिसमें सैकड़ो की संख्या में स्कूल के बच्चे एवं जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक मौजूद थे, किंतु विडंबना यह है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के भूमि पूजन के बाद भी 26 फरवरी 2025 को 1 साल व्यतीत हो चुका है, किंतु उपरोक्त दोनों निर्माण कार्यों की आज तक एक ईंट भी नहीं रखी गई है, जिससे क्षेत्र वासियो में काफी नाराजगी है, एवं रेलवे प्रशासन की इस उदासीनता से लोग आक्रोशित हैं, एवं क्षेत्र वासियों का कहना है कि ऐसे शिलान्यास समारोह का क्या औचित्य है जिसमें केंद्र सरकार के मुखिया ने जब इसका शिलान्यास कर दिया है तो 1 साल में तो यह बनकर तैयार हो जाना चाहिए किंतु यह दुर्भाग्य कहे या की रेलवे की लापरवाही एक ईंट भी नहीं रखी गई। आखिर में इसका दोषी कौन है, एवं इसके दोषियों परअविलंब कार्रवाई होनी चाहिए, तथा जब उपरोक्त निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर दिया गया है, तो निश्चित रूप से उक्त निर्माण कार्य की निविदा जारी कर एजेंसी भी तय कर दी गई होगी, तो क्या निर्माण एजेंसी की भी इसमें लापरवाही है, निर्माण एजेंसी ने आज तक इस संबंध में कोई पहल नहीं की,अन्यथा ऐसे बड़े आयोजनो में लोग पहुंचते हैं तथा पहुंचने के बाद ऐसे आयोजनों के उद्देश्यों को जब गति ही नहीं मिलेगी तो फिर भला शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह का औचित्य ही क्या है, छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है एवं केंद्र में भी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार है, किंतु इसके बावजूद शक्ति के इन दोनों महत्वपूर्ण रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण प्रारंभ ना हो पाना एक बड़ा सवालिया निशान लगाता है, तथा टेमर एवं सोंठी रेलवे फाटक वर्तमान में लोगों के सर दर्द बन गए हैं, इन रेलवे फाटकों में 24 घंटे माल वाहक ट्रेनों एवं यात्री ट्रेनों का भारी आवागमन रहता है जिससे पांच-पांच मिनट में ये रेलवे फाटक बंद हो जाते हैं,तथा घंटो तक लोग धूप एवं बारिश में खुले आसमान के नीचे ट्रेन के गुजरने का इंतजार करते हैं, तो आखिरकार जनता को राहत कब मिलेगी। ज्ञात हो की शक्ति रेलवे स्टेशन एवं स्टेशन से लगे हुए क्षेत्र हमेशा से ही रेल सुविधाओं के मामले में उपेक्षा का शिकार बने हुए हैं,शक्ति रेलवे स्टेशन में देखा जाए तो आज एक यात्री प्रतीक्षालय भी नहीं है,तथा पूर्व में जो यात्री प्रतीक्षालय था, उसे रेलवे प्रशासन ने ही अपना कब्जा कर लिया है, तथा जब स्टेशन में पहुंचने वाले रेल यात्रियों को यात्री प्रतीक्षालय की आवश्यकता महसूस होती है तो उन्हें खुले प्लेटफार्म में ही अपना समय व्यतीत कर ट्रेनों का इंतजार करना पड़ता है, तथा दोनों रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण का मामला तो एक बड़ा मामला है, तथा सरकार को चाहिए कि इस पूरे मामले पर गंभीरता पूर्वक संज्ञान ले एवं आखिरकार इनका निर्माण क्यों प्रारंभ नहीं हो पाया, इसमें क्या दिककतें हैं, इसे सार्वजनिक करें, अन्यथा क्षेत्र की जनता एक बड़ा जन आंदोलन करने का मूड बना रही है।

# रिटर्निंग अधिकारी ने किया जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन का सारणीकरण

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के आदेशानुसार जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन के लिए नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर वासु जैन द्वारा आज जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत आने वाले जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 01 सकरेली, जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 02 मसनियाकला और जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 03 नगरदा के लिए, इसी प्रकार जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत आने वाले जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 11 देवरघटा, जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 12 कोटमी, जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 13 किरारी और जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 14 सकराली के लिए कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में सारणीकरण किया गया। रिटर्निंग ऑफिसर की उपस्थिति में क्षेत्रवार कुल पड़े मतों की संख्या, कुल विधिमान्य मतों की संख्या, कुल अविधिमान्य मतों की संख्या और प्रत्येक प्रत्याशी को प्राप्त मतों की संख्या का सारणीकरण किया गया। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा सारणीकरण उपरांत क्षेत्रवार परिणामों की घोषणा की गई एवं निर्वाचित प्रत्याशी या उनके एजेंट को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बीरेंद्र लकड़ा, विश्वास कुमार सहित विभिन्न सारणीकर्ता अधिकारी और सारणीकरण सहायक उपस्थित थे।

# उप जेल में कैदियों ने महाकुंभ से लाए गए गंगाजल से किया स्नान

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ सरकार ने जेलों में बंद कैदियों के नैतिक उत्थान और आध्यात्मिक शुद्धि के उद्देश्य से एक अनूठी पहल की है। इस पहल के तहत सक्ती जिला अंतर्गत उप जेल सक्ती के कैदियों को प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए पवित्र गंगाजल से स्नान कराया गया। सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य कैदियों को आध्यात्मिक लाभ पहुंचाना और उन्हें आत्मशुद्धि का अनुभव कराना हैद्य उप जेल सक्ती में आज विशेष रूप से प्रयागराज से मंगवाए गए गंगाजल को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद जल टैंक में डाला गया। इसके बाद सभी बंदियों ने "जय गंगा मैया" के जयघोष के साथ पवित्र स्नान किया। इस दौरान कैदियों के चेहरे पर खुशी और आत्मिक सुकून झलक रहा था। उप जेल सक्ती के सहायक जेल अधीक्षक सतीश चन्द्र भार्गव के अनुसार, इस आयोजन में कुल 138 बंदियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ गंगाजल से स्नान किया, महाकुंभ का महत्व और इसकी ऐतिहासिक विशेषता-भारत में हर 12 वर्ष में चार प्रमुख स्थानों–प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में महाकुंभ का आयोजन होता है। इनमें से प्रयागराज महाकुंभ को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि यह गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर स्थित है। इस बार प्रयागराज में महाकुंभ का 12वां चक्र पूरा हुआ है, जो 144 वर्षों में एक बार आता है। इस कारण इसकी आध्यात्मिक महत्ता और अधिक बढ़ गई है। महाकुंभ में स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति का विश्वास किया जाता है, और इसी भावना से उप जेल सक्ती के कैदियों ने भी इस पवित्र स्नान का लाभ उठाया,सरकार की पहल की सराहना-कैदियों के आत्मिक कल्याण के लिए उठाए गए इस कदम को समाज में सकारात्मक दृष्टि से देखा जा रहा है। इस अनूठी पहल से कैदियों में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाने और उनमें नैतिक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया गया है।

## कौशल विकास प्राधिकरण अंतर्गत वार्षिक कार्ययोजना बनाने बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज ने जिला कौशल विकास प्राधिकरण अंतर्गत



वार्षिक कार्ययोजना बनाने के संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक ली। उन्होंने पंजीकृत संस्था एवं आईटीआई मुंगेली, पथरिया और लोरमी को 03 दिवस के भीतर वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही तीनों आईटीआई को शीघ्र वीटीपी पंजीयन किए जाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर सहायक परियोजना अधिकारी निशि देवांगन एवं सभी वीटीपी संचालक उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत के तीन नव निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित



पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तृतीय चरण के तहत हुए मतदान के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर निष्ठा पांडेय तिवारी ने नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों के नाम की घोषणा की और उन्हें प्रमाण पत्र वितरित कर बधाई दी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की उप संचालक भूमिका देसाई ने बताया कि जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 लौदा से संतोषी परमेश्वरी ठाकुर, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 जुनवानी से अनिला देवेन्द्र राजपूत (बाबा) और निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 मोहभट्ठा से अंबालिका साहू विजयी हुई हैं। गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तीसरा चरण के तहत 23 फरवरी को पथरिया विकासखंड में मतदान हुआ था। इसके बाद मतदान परिणामों की गणना कर विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# जिला व जनपद पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का निर्वाचन 04 व 05 मार्च को

## पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति की

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन की तिथि घोषित कर दी गई है। जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव 05 मार्च को सुबह 10.30 बजे जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में होगा, जबकि जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन 04 मार्च को सुबह 10.30 बजे संबंधित जनपद पंचायतों के सभाकक्ष में संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति की है। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए अपर कलेक्टर जी. एल. यादव पीठासीन अधिकारी और तहसीलदार चंद्रकांत राही सहायक पीठासीन अधिकारी होंगे। इसी तरह जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल पीठासीन अधिकारी और तहसीलदार कुनाल पांडेय सहायक पीठासीन अधिकारी, जनपद पंचायत लोरमी के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु एसडीएम लोरमी अजीत पुजारी पीठासीन अधिकारी और तहसीलदार शेखर पटेल सहायक पीठासीन अधिकारी और जनपद पंचायत पथरिया अध्यक्ष-उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु एसडीएम पथरिया बी. आर. ठाकुर पीठासीन अधिकारी और तहसीलदार छाया अग्रवाल सहायक पीठासीन अधिकारी होंगी।

# उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर नगर पालिका के भाजपा समर्थित पार्षद हुए एकजुट

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद शक्ति में भारतीय जनता पार्टी भले ही अपने अध्यक्ष बनाने में जनता के बीच सफल न हो पाई हो, किंतु नगर पालिका शक्ति में जितनी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद चुनकर आए हैं उस आंकड़े के आधार पर उपाध्यक्ष भाजपा का ही होगा यह तय है, किंतु सामान्य रूप से देखा जाता है कि उपाध्यक्ष के चुनाव में भी समय-समय पर बदलते समीकरण के चलते बहुमत होने के बावजूद राजनैतिक दल सफलता हासिल नहीं कर पाते, किंतु प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है तथा भाजपा यह चाहती है कि भले ही अध्यक्ष पद पर वह सफल न हो पाई हो किंतु उपाध्यक्ष उनका ही होगा, इस बात को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपने पार्षदों को एकजुट करना चालू कर दिया है, तथा पार्टी ने यह फरमान जारी किया है कि भाजपा समर्थित सभी पार्षद एक रहे तथा पार्टी जिसे भी उपाध्यक्ष के लिए अपना उम्मीदवार तय करेगी उसी के समर्थन में सभी को अपना वोट देना है। इन्ही सब बातों को लेकर 24 फरवरी को प्रदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर पालिका परिषद शक्ति के उपाध्यक्ष चुनाव के लिए नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक जोगेश लम्बा कोरबा ने जिला भाजपा कार्यालय शक्ति में एक बैठक आयोजित की, इस बैठक में जहां नगर पालिका शक्ति के सभी नवनिर्वाचित पार्षद,एवम कोर कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहे तो वहीं इस दौरान पर्यवेक्षक जोगेश लांबा ने सभी पार्षदों को उनकी जीत के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा कहा कि आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में विष्णु देव की सरकार ने जो काम किया है।

# जिला जेल देवरी में गंगा जल से कैदियों ने किया आत्मशुद्धि स्नान



पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



महाकुंभ प्रयागराज से लाए गए पवित्र गंगा जल से जिला जेल देवरी में विशेष स्नान का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर प्रदेश के 05 सेंट्रल जेल, 20 जिला जेल और 08 सब-जेल में यह आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर त्रिवेणी संगम, प्रयागराज से लाए गए गंगा जल की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद इसे जेल परिसर की टंकी में मिलाकर सभी कैदियों को स्नान कराया गया। कैदियों ने 'हर-हर गंगे' के जयघोष के साथ इस आध्यात्मिक स्नान में भाग लिया। जेल अधीक्षक ममता पटेल ने बताया कि महाकुंभ के ऐतिहासिक अवसर पर राज्य सरकार की यह पहल कैदियों के आत्मशुद्धि, नैतिक उत्थान और मानसिक शांति के लिए की गई है। इस आयोजन से कैदियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट न्यू रेल लाईन विस्तारीकरण परियोजना का अवरूद्ध कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





रेलवे डिवीजन बिलासपुर के पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य अधिवक्ता विजय प्रकाश पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव तथा रेलवे बोर्ड अध्यक्ष सतीश कुमार को पत्र प्रेषित कर उनके हस्तक्षेप के बावजूद साझा वित्तीय मंजूरी प्राप्त चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट न्यू रेल लाईन विस्तारीकरण परियोजना का अवरूद्ध कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की है। अधिवक्ता पटेल ने अपने पत्र में कहा है कि उपरोक्त बहुप्रतीक्षित जीवनदायिनी परियोजना को 2 वर्षों में पूर्ण कर लेने हेतु वर्ष 2018 में हरदी बाजार कोरबा एवं चिरमिरी रेल परिसर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा भूमि पूजन तत्कालीन रेलमंत्री पीयूष गोयल एवं छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के द्वारा सम्पन्न हो चुका है। केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा परियोजना के लागत का 50-50 प्रतिशत की साझा वित्तीय जिम्मेदारी स्वीकारते हुए एमओयू हस्ताक्षर किए गए थे, लेकिन दुर्भाग्यवश इस बीच छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार सत्तारूढ़ हो जाने से यह परियोजना 5 वर्षों के लिए अधर में लटक गई और भूपेश सरकार ने अपने हिस्से का 50 प्रतिशत फण्ड अंत तक रिलीज नहीं किया, जिसका खामियाजा कांग्रेस सरकार को भुगतना पड़ा, जो अपने विधायकों के साथ सत्ताच्युत हो गई तो दूसरी ओर इन बीते वर्षों की लम्बी प्रतीक्षा के बाद एवं पूरी तैयारी के बावजूद भी यह परियोजना आज तक प्रारंभ नहीं की जा सकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप कर यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ कराने 4 जुलाई 2024 को गुहार लगाने पर जब पीएमओ द्वारा निर्देशित किया गया, तब दपू मध्य रेलवे बिलासपुर के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/परियोजना अधिकारी (निर्माण) द्वारा 7 अगस्त 2024 को मुझे पत्र प्रेषित कर अपने कर्त्तव्य की इतिश्री कर ली गई है। वहीं कलेक्टर कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में भूमि-अधिग्रहण विचाराधीन है, जबकि केन्द्र सरकार अपने हिस्से का फण्ड वर्ष 2018 को सम्पन्न भूमि पूजन के पश्चात् हर बजट में उपलब्ध करा रही है और छत्तीसगढ़ शासन ने भी 1 वर्ष पूर्व 9 फरवरी 2024 को अपने हिस्से का फण्ड रिलीज कर दिया है।

## हर हर महादेव के जयघोष से गुंज रहा था शिवालय

# शिवरीनारायण में चंद्रचूर्ण महादेव का जल, दूध, दही, शहद और पंचामृत से वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य हुआ अभिषेक

पायनियर संवाददाता ‹ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




आस्था, धर्म और अध्यात्म का संगम, मंदिरों की नगरीय गुप्त तीर्थ, नारायण क्षेत्र पावन शिवरीनारायण धाम में आज महाशिवरात्री के पावन अवसर पर श्रद्धालुओ का जन सैलाब उमड़ पड़ा। नगर के चारो और श्रद्धालुओ और मेलार्थियों की अपार भीड़ नजर आया शबरी सेतु पर भी लोगों को घंटो जाम में झूझना पड़ा।गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य का सबसे बड़ा और पंद्रह दिनों तक लगातार चलने वाला मेला शिवरीनारायण में प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि पर्व पर लगता है जो इस वर्ष 12 फरवरी से 28 फरवरी तक नगर के मेला ग्राउंड स्थल पर लगा हुआ है। नगर के मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर में भगवान श्री शिवरीनारायण जी का नवीन वस्त्रों से मनमोहक आकर्षक श्रृंगार किया गया भगवान श्री को सोने चांदी के जेवर के साथ विविध फूलो की माला धारण कराकर सुबह महा आरती किया गया। सुबह से देर रात्रि तक श्रद्धालुओ की दर्शन पूजन करने के लिए मंदिर में काफ़ी भीड़ लगी रही। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान श्री शिवरीनारायण जी और श्री चंद्रचूर्ण महादेव के दर्शन हेतु लाखो श्रद्धालुओ का रेला उमड़ा 6वी 7वी शताब्दी में बना नगर का सबसे पुराना शिव मंदिर श्री चंद्रचूर्ण महादेव जी के मंदिर में सुबह 5 बजे से जलाभिषेक का सिलसिला प्रारंभ हुआ है जो देर रात्रि तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न कराए जाने की सम्भावना है । 25 फरवरी की देर रात्रि से ही नगर सहित दूसरे प्रदेशों से आए हुए श्रद्धालुओं के साथ ही दूर दूर से आने वाले श्रद्धालुओ के द्वारा नगर की जीवनदायनी नदी चित्रोत्पला गंगा महानदी के त्रिवेणी संगम मे आस्था की पवित्र डुबकी लगाकर पुण्य स्नान किया गया तपश्चात महानदी का पवित्र जल लेकर भगवान श्री चंद्रचूर्ण महादेव जी का जलाभिषेक किया गया। श्रद्धालु भगवान भूतभावन के एक झलक पाने के लिए घंटो लाइन में लगकर अपनी पारी का इंतजार करते रहे। श्री चंद्रचूर्ण महादेव मंदिर में श्रद्धालुओ और पुरोहितों के द्वारा जलाभिषेक किया गया। दूध, दही, शहद और पंचामृत से वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य अभिषेक किया गया।पुष्प, और सवा लाख बेलपत्र चढ़ाकर पूजन अर्चना किया गया। जाप, हवन, रूद्राभिषेक, रुद्राष्टक तथा धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। श्री चंद्रचूड़ महादेव जी के ऊपर फूलेरा लगाया गया। मंदिर के गर्भगृह को फूलो से सजाया गया। श्री चंद्रचूड़ महादेव मंदिर को विद्युत झालरों से आकर्षक सजावट किया गया। नमः शिवाय, भोलेबाबा की जय, हर हर महादेव के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। भीड़ अधिक होने के कारण घंटों लाइन में लगकर श्रद्धालुओ ने भगवान श्री चंद्रचूर्ण महादेव जी का दर्शन पूजन किया। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के मुख्य पुजारी पं. हरीश तिवारी भोगहा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के ज्योतिलिंग के रूप में विख्यात श्री चंद्रचूर्ण महादेव जी का पुरातन मंदिर 6वी7वी शताब्दी का बना हुआ है मंदिर में स्थपित शिवलिंग स्वयंभू शिवलिंग है और जागृत अवस्था में है मंदिर में शिवलिंग के समीप पूजा अर्चना करने से इच्छित मनोकामनाओं की पूर्ति होती है इसीलिए श्रावण माह में पूरे एक माह तक तथा महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान श्री चंद्रचूर्ण महादेव जी के पूजन और जलभिषेक के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ ही दूसरे प्रदेशों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में शिवरीनारायण आकर भगवान श्री चंद्रचूर्ण महादेव जी का दर्शन पूजन करते हैं। मंदिर के गर्भगृह में भगवान श्री शंकर जी का पूरा परिवार विराजमान हैं दक्षिण की और श्री गणेश जी और भगवान कार्तिकेय जी की नयनाभिराम मूर्ति है, उत्तर दिशा में माता जी की मूर्ति और भगवान नरसिंग जी की मूर्ति है। शिवलिंग की पूजा अर्चना करते राजा और रानी हाथ जोड़े पद्मासन मुद्रा में विराजमान हैं।चंद्रचूर्ण महादेव शिवलिंग के सामने विशालकय नंदी जी की प्रतिमा है। नंदी की मूर्ति के समीप ही एक सन्यासी की मूर्ति है। मंदिर के बाहरी दीवाल पर पाली भाषा में लिखा हुआ एक शिलालेख अंकित है। शिलालेख में राजा पृथ्वी देव के भाई सहदेव, उनके पुत्र राजदेव पौत्र गोपालदेव और प्रपौत्र अमानदेव के पुण्य कर्मो का उल्लेख किया गया है। चंद्रचूर्ण महादेव मंदिर में श्रावण माह,

**महाशिवरात्री पर्व और हर -** माह में पड़ने वाले प्रदोष व्रत पर भी विशेष पूजन, धार्मिक अनुष्ठान किया जाता है। पं.हरीश तिवारी ने बताया कि माह के प्रत्येक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि शिवरात्रि कहलाती है और फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि महाशिवरात्रि कहलाती है अर्धरात्रि में चतुर्दशी तिथि हो उसी दिन शिवरात्रि होता है शिवरात्रि तिथि को विधिविधान पूर्वक व्रत और पूजन करना चाहिए।महाशिवरात्रि का व्रत और पूजन करने से साधक के समस्त चिंताओं और दुखो के समन होने के साथ ही समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है तथा भगवान भोलेनाथ की कृपा सदैव बना रहता है। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में स्थित श्री दशावतार महादेव जी का मंदिर, श्री चिंताहरण महादेव जी का मंदिर, शबरी मंदिर के समीप सिद्ध सर्वमनोकामना महादेव मंदिर, मठ मंदिर में स्थपित शिव मंदिर, श्री राम मंदिर स्थित भगवान भोलेनाथ जी का मंदिर, सावघाट स्थित माहेश्वर महादेव जी का मंदिर,बाबा घाट के पास स्थित भूतेश्वरनाथ महादेव जी का मंदिर, मरार मंदिर स्थित महादेव जी, काली मंदिर शबरी सेतु के पास महादेव जी का मंदिर, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर स्थित महादेव जी के मंदिर के साथ ही नगर के सभी शिव मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओ की दिनभर भीड़ लगी रही।

# प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय में महाशिवरात्रि महोत्सव का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ब्रह्माकुमारी बेमेतरा के शाखा में महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन किया गया। जिसमे ब्रम्हाकुमारी बी.के शशि दीदी, मुख्य अतिथि आशीष छाबड़ा, डा.चेतना मिश्रा, मनीषा तिवारी, ज्योति सिंघानिया, रेणुका शर्मा, अवधेश पटेल ने शिवध्वजारोहण कर शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताया। महाशिवरात्रि का महापर्व एवं कई आध्यात्मिक रहस्यों का भी वर्णन किया। तत्पश्चात सभी अतिथियो द्वारा दीप प्रज्वलन कर महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारम्भ किये। बी.के शशि दीदी के लिये बी.के सुनीता दीदी ने कहा कि हम महाशिवरात्रि महोत्स्व मनाने जा रहे है। हम सब जानते है की महाशिवरात्रि पर्व क्या संदेश देता है, हम सबके पिता कहे वो जो परमात्मा इस धरा पर आते है और उसकी यादगार के रूप में हम सब इस महान पर्व को मानते हैं तथा इस पर्व के बारे में विस्तार से भी उन्होंने जानकारी देकर इस पर्व की महत्व और विशेषता के बारे में भी जानकारी पर प्रकाश डाली। मुख्य अतिथि आशीष छाबड़ा ने कहा कि निश्चित रूप से इस संस्थान के कोई भी कार्यक्रम में आने से एक सकारात्मक भाव हमारे अंदर प्रकट होती है अगर हम देखेंगे की 3 मिनट का मैडिटेशन जो दीदी ने कराया व्यक्तिगत रूप से मेरा तो अनुभव है ऐसा लगा की सब विकारो, चिंतायो से मुक्त एक नई दुनिया में प्रवेश कर लिया है। इस 3 मिनट के मैडिटेशन की शक्ति को हम सबने देखा डा.चेतना मिश्रा ने कहा विगत एक सौ दस देशो में आठ हजार से ज्यादा आध्यात्मिक केंद्र का होना ब्रह्मकुमारियों की बहुत बड़ी उपलब्धियां है, जो 87 वर्षो से चल रहे है और उद्योगिक क्रांति तो हम सभी जानते है कि जो समाज के देश के विकास के लिए जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक है आध्यात्मिक केंद्रो का होना और इसमे ब्रम्हकुमारी द्वारा किये जाने वाला सहयोग पूरे वैश्विक स्तर पर ना केवल भारत पर बल्कि हमारे छत्तीसगढ़ में भी मै कहती हु की अभी आध्यात्मिक केंद्रो की संख्या इतनी उपस्थित है। सदस्य किशोर न्याय बोर्ड बेमेतरा मनीषा तिवारी (राष्ट्रीय अध्यक्ष वत्सला फाउंडेशन) ज्योति सिंघानिया और बालक कल्याण समिति सदस्य बेमेतरा रेणुका शर्मा ने भी अपने शुभ वचन प्रस्तुत किये और कहा की निश्चित रूप से इस आयोजन में उनकी सहभागिता उनके लिए सौभाग्य की बात है और अपने-अपने विचार भी उन्होंने रखें। डायरेक्टर समाधान कॉलेज अवधेश पटेल ने कहा की भारत के कई राज्यों में जब बात करता हुं दादी जानकी का जरूर करता हुं। समाज में आदमी जब रहते है तो नॉर्मल वेश में रहते है। दादी जानकी के बारे में 25 वर्षों में रिसर्च किये की 24 घंटे डेल्टा वोर्स में रहती थी। ब्रह्मकुमारी संस्थान से जुड़के जिस तरीके से पूरे विश्व में विकास किये जो देशो में फैले पूरे संस्था को संभाला उनको मोस्ट स्टेबल माइंड का आवर्ड है। पूरे विश्व के आधार पर मै बहुत प्रभावित हुं, उनसे जैसे छोटे बच्चे सोने के बाद डेल्टा स्टेट में रहते है। समाज में आदमी तो बिटा अल्फा के उपर नही उठ पाते वो 24 घंटे डेल्टा जिसमे व्यक्ति समाधी में पहुंचने के बाद पहुँचता है उस स्थिति में रहती थी।

# मोबाइल मेडिकल यूनिट से मोहल्ले मे मिल रही क्लिनिक की सुविधा



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार/भाटापारा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से शहरी क्षेत्र के वार्डो एवं मोहल्लो में लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है।घर के पास ही मेडिकल टीम एवं स्वास्थ्य जांच मिलने से लोग समय पर अपनी स्वास्थ्य जांच व उपचार करा पा रहे हैं। प्रत्येक यूनिट में प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट और तकनीशियन होते हैं जो मरीजों का रक्तचाप, शुगर टेस्ट, हीमोग्लोबिन टेस्ट, प्रेग्नेंसी टेस्ट, सामान्य बीमारी की जांच और अन्य आवश्यक टेस्ट करते हैं। मंगलवार को लवन तहसील अंतर्गत खम्हरिया के स्कूल पारा में एमएमयू पहुंची जिसमें मोहल्ले के लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। स्कूलपारा निवासी विमला बंजारे ने बताया कि सामान्य कमजोरी के इलाज के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट से आई थी। मुझे डॉक्टर से जांच के बाद उचित उपचार मिला। गर्भवती सुंदर बाई बंजारे ने भी चेक अप कराया और बताया कि डॉक्टर अच्छे से जांच किया और सारी जानकारी दी। एमएमयू बहुत अच्छा सुविधा है। इसीतरह राजेंद्र कुर्रे ने बताया कि मुझे सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट से मदद मिली। डॉक्टर ने मेरी जांच की और कुछ जरूरी दवाइयां भी दीं। यह पहल हमारे जैसे लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। मुख्यमंत्री का धन्यवाद जो इस तरह की स्वास्थ्य सेवा लेकर आए हैं।

# हितग्राहियों को पीएम आवासों को पूर्ण कराने किया जा रहा प्रोत्साहित



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना में गति लाने हेतु घर-घर दस्तक अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत प्रत्येक पंचायत में प्रोत्साहन दल का गठन किया गया है। जिले के प्रत्येक पंचायत में प्रोत्साहन दल एवं जिले से निरीक्षण दल की टीम द्वारा आवास हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दल में बिहान की सक्रिय महिला, रोजगार सहायक, आवास मित्र, ग्राम संगठन सहायिका शामिल है। स्वीकृत आवास को पूर्ण कराने के उद्देश्य से आवास बनाने में आ रही समस्याओं के बारे में हितग्राहियों से जानकारी ली जा रही है। सेंट्रिंग प्लेट की समस्या के कारण रुके हुए आवास में महिला समूहों द्वारा सेंट्रिंग प्लेट त्वरित क्रय कर हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक 218 महिला समूहों द्वारा सेंट्रिंग प्लेट आवासों में सप्लाई किया जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं के द्वारा प्रत्येक आवास में प्रति दिन प्रोत्साहन दल के माध्यम से आवास हितग्राही से मिलकर उन्हें अपने आवास को पूर्ण कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले से निरीक्षण दल द्वारा प्रोत्साहन दल के कार्यो को जमीनी स्तर में क्षेत्र भ्रमण कर जायजा लिया जा रहा है।

# तेरहवें फुलझर कप का उद्घाटन, केंदूढार में चल रहा ड्युज गेंद क्रिकेट प्रतियोगिता



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

### कुंडापाली ने जीता उदघाटन मैच

उद्घाटन मैच कुंडापाली और घासी इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें कुंडापाली के अंतिम दोनों बल्लेबाजों की शानदार 56 रन की साझेदारी से यह मैच जीत लिया। अन्य टीम शारदा इलेवन, खम्हारपाली, खपरीडीह, जंगलबेड़ा, केंदूढार, भैरोपुर, गड़पटनी, भंवरपुर, बैतारी, लाखागढ़, बसना, कलेंडा, संकरी और मल्दामाल फुलझर कप खेलने पात्र हैं।

फुलझर क्रिकेट संघ का बहुप्रतिक्षित टूर्नामेंट तेरहवें फुलझर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ केंदूढार में सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने मैदान में पूजा अर्चना किया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ की घोषणा की गई। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की विजेता ट्राफी स्वतंत्रता सेनानी भूतपूर्व विधायक जयदेव सतपथी की स्मृति में उनके सुपुत्र विद्याभूषण सतपथी के द्वारा प्रदान की जाती है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि नर्सिंग होम के डायरेक्टर डाक्टर योगेश बरिहा थे। अध्यक्षता पीसीएस संरक्षक देवराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में डाक्टर प्रेमलाल साहू, सरपंच पूर्णिमा रोहित साहू, पीसीएस सलाहकार युधिष्ठिर साहू थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल शरीर को स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण है। बीमारियों से बचने के लिए खेल से जुड़ाव जरुरी है। आयोजन के लिए उन्होंने फुलझर क्रिकेट संघ तथा आयोजन समिति केंदूढार की सराहना की। आयोजन समिति के अध्यक्ष चुडामणि साहू ने बताया कि इसमें वरियता प्राप्त कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं जो क्वालिफायर टूर्नामेंट खेलकर प्रवेश कर रही हैं। इसमें मैन आफ द टूर्नामेंट का ईनाम जयप्रकाश साहू की स्मृति में उनके भाई सतीश साहू की ओर से दिया जाता है। प्रतियोगिता का समापन 5 फरवरी को होगा। उदघाटन अवसर पर पीसीएस अधिकारी देवदत्त बारीक, मालिक राम पटेल, किरोटी स्वाई, झनेन्द्र साहू, हरीश साहू, चेतनधर साहू आदि आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि का पर्व ग्राम अल्दा में धूमधाम से मनाया गया







पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अल्दा में महा शिवरात्रि का पर्व धुमधाम व हर्षो उल्लास पूर्वक भगवान महादेव माता पार्वती के विवाह स्वरूप महाशिवरात्रि का पावन पर्व पर रचनात्मक व जनहित कार्य हेतु समर्पित समर्पण समिति द्वारा ग्राम में सुबह रामधुनी करते हुए प्रभात फेरी, तत्पश्चात श्री शिव पार्वती मंदिर पे रुद्राभिषेक कर खीर प्रसादी का वितरण किया गया। उक्त पुनीत कार्य में समिति के डॉं. हरिशंकर वर्मा, यश कुमार वर्मा, मोहनलाल वर्मा, संजय वर्मा, प्रकाश वर्मा, दुर्गेश वर्मा, अक्षय साहू, चुनेश वर्मा, लुकेश साहू, टिकेश यादव, सतीश वर्मा, दिलीप तिवारी, पंकज वर्मा, मनीष वर्मा, जागेश वर्मा व हेम प्रकाश वर्मा आदि का भरपूर सहयोग रहा। ग्राम के प्रबुद्ध वर्गों ने उत्साही युवाओं के द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य की खूब सराहना की तथा उन्हें उनकी समर्पण समिति के सदस्यों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दी।

# लीनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा मेन क्लब में पार्षद नीतू कोठारी का सम्मान



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लीनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा मेन क्लब में पार्षद नीतू कोठारी का सम्मान किया गया। मंगलवार को लीनेस क्लब प्रेरणा मेन की बीओडी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्लब की गतिविधि पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न सामाजिक विषयों पर विचार व्यक्त किए गए बैठक में बेमेतरा नगरपालिका के नव निर्वाचित पार्षद नीतू कोठारी का सम्मान किया गया। बैठक में अध्यक्ष शशि तिवारी, सचिव आरती साहू, कनक लता मिश्रा, वर्षा गौतम बीओडी सलमा शरीफ बीओडी डॉ वीणा त्रिपाठी रानी रवानी, मुमताज रवानी, नीलम साहू, ममता ताम्रकार, नीतू कोठारी मंजू शर्मा, रानी दुबे, दीपा भट्ट, अन्नू पांडेय, पिंकी नेमा समस्त लीनेस सदस्य उपस्थित थी।

# महाशिवरात्रि पर्व में शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव





पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

### श्रद्धा पूर्वक रहे उपवास किया दूग्धाभिषेक

शिवरात्रि व्रत के दिन बहुत से श्रद्धालु गण उपवास रहे जिन्होंने भगवान शिव की पूजा अर्चना किया वहीं के कई श्रद्धालुओं ने शिवरात्रि पर्व के अवसर पर महादेव मंदिर में तथा अपने घरों में आचार्य के सानिध्य पर विधि विधान के साथ मंत्रों के उच्चारण साथ दुग्ध अभिषेक कर भगवान शिव जी से आशीर्वाद लिया। जबकि कई लोगों ने रतजगा कर भगवान की अलग-अलग समय पर पूजा अर्चना की।

### महारूद्राभिषेक शिव गंगा आश्रम सपाद लक्षेश्वर धाम सल्धा में लक्ष्य

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर शिव जी का महारुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस बार यह आयोजन 26 फरवरी को शिवगंगा आश्रम सपाद लक्षेश्वर धाम-सलधा में ब्रम्हचारी ज्योर्तिमयानंदः के दिशा-निर्देश में निर्माणाधीन मंदिर परिसर में किया गया।

### जिले के कई स्थानों पर आयोजित हुआ मेला

शिवरात्रि के अवसर पर जहां पर लोगों ने अपने स्तर पर घर में रहकर उपवास रहे। वहीं जिले के विभिन्न स्थानों पर मेला का आयोजन भी किया गया, जहां पर दिन भर सुबह से लेकर दिन भर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आचार्यों की उपस्थिति पर संपन्न हुआ। जिले के ग्राम भेड़नी दही मही मरका सल्धा सहित बेमेतरा के वार्ड नंबर 2 में भी मेला का आयोजन किया गया था जहां पर नवधा रामायण का भी आयोजन किया गया।

महाशिवरात्रि पर्व पर जिले के श्रद्धालुओं के द्वारा श्रद्धा भक्ति एवं आस्था के साथ मनाया गया इस अवसर पर जिले में स्थित वह विभिन्न शिवालयों में हर हर महादेव के गूंज सुबह से लेकर देर रात तक जारी रहा महाशिवरात्रि पर्व पर विभिन्न स्थानों पर जहां मेला मड़ाई का आयोजन किया गया वहीं दिन भर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी संपन्न हुआ बुधवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर जहां मेला लगा वही सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं का पहुंचना प्रारंभ हो गया था जहां पर श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान महादेव को दुध जल चढ़ाएं और चंदन फूल बेलपत्र अर्पित किया तद्उपरांत विभिन्न फल श्रीफल भेंट किया एवं कुछ श्रद्धालुओं ने सिंगार के समाग्री भी भेंट किया और धूप अगरबत्ती दीया बाती से आरती कर आशीर्वाद लिया।

# सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी को दी गई विदाई



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला जनसम्पर्क कार्यालय बलौदाबाजार में पदस्थ सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी का स्थानांतरण जनसम्पर्क संचालनालय रायपुर होने पर सोमवार को कार्यालय में विदाई दी गई। चक्रधारी को कार्यालय में अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा शाल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर साम्मानित किया गया। इसके साथ ही नये पदस्थापना स्थल पर उत्कृष्ट कार्य करने एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी गई। उल्लेखनीय है कि नितेश चक्रधारी, सहायक सूचना अधिकारी के पद पर जिला जनसम्पर्क कार्यालय बलौदाबाजार में वर्ष 2019 में पदस्थ हुए थे और अपने कर्तव्य का निर्वाहन किया। इस अवसर पर उप संचालक जनसम्पर्क डी.एस. सिदार, सहायक ग्रेड- 1 सुशीलचंद्र पैकरा, जिला समन्वयक सोशल मीडिया तोरण साहु, कम्प्यूटर ऑपरेटर उजेंद्र धृत लहरे, भृत्य राजू सिन्हा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण निर्वाचन संपन्न जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया आभार व्यक्त

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण निर्वाचन संपन्न होने पर जिले के सभी मतदाताओं, राजनैतिक दलों, प्रत्याशियों, प्रबुद्धजन के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने सभी मतदान दलों एवं मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों, सुरक्षा प्रबंध में लगे पुलिस के जवानों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर ने कहा है कि सभी के साझा प्रयासों और सहयोग से ही जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न हो सका है। उन्होंने कहा कि दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों सहित अन्य सभी वर्गों के मतदाताओं की सराहनीय सहभागिता रही।

# गंभीर चोट पहुंचाने वाले अपचारी बालक सहित 03 गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



गुलशन साहू निवासी चांटीपाली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी सिरपुर रोड कसडोल में किराने की दुकान है जिसमें वह और उसके पिताजी दोनों बैठते हैं। कि 24.02.2025 को सुबह करीबन 08:15 बजे आरोपीयान उसकी दुकान में आए एवं प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए, दुकान को जला देने की धमकी दिए तथा आरोपियों द्वारा मारपीट करते हुए अपने हाथ में रखे ब्लेड से प्रार्थी के हाथ की कलाई में मारकर गंभीर चोट पहुंचाए है कि रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्र. 130/2025 धारा 296,351(3),115(2),3(5),118(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल एक अपचारी बालक सहित तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा एक राय होकर प्रार्थी की दुकान में जाकर उसके साथ गाली गलौज कर, उसे जान से मारने की धमकी देते हुए ब्लेड मारकर प्रार्थी को गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग (छ.ग.)**
दूरभाष क्र. 0778-2323633 E-mail :- eedurg-phe-cg@nic.in

नि.सू.क्र.09/तशा./(निविदा)/का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2025 दुर्ग, दिनांक : 25/02/2025

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ''प्रपत्र ए'' में प्रतिशत दर निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 17.03.2025 शाम 5.30 बजे है।

| समूह क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | दुर्ग जिले के ग्राम बोरई में स्थित पी.एम. श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में 90 मि.मी. व्यास के PVC पाईप स्पेशल्स सहित प्रदाय कर जोड़ने, बिछाने, इंटरकनेक्शन, टेस्टिंग ट्रायल रन तथा कार्यरत नल कनेक्शन प्रदाय करने संबंधी आदि समस्त कार्य सहित 02 माह तक संचालन संधारण का कार्य। PVC pipe 6kg/cm$^2$ - 90mm dia, 1800 mtr. | 9.20 Lakhs |

यह निविदा सूचना मूल निविदा का एक अंग है। विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी इस कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

G-242505552/3

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, दुर्ग (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विरेन्द्र कुमार डहरिया पिता छत्तूराम निवासी बालपुर तह. चांपा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. का निवासी है। उनके पुत्री का जन्म दिनांक 16-05-2021 को हे.रा.मेमो.हा. चांपा में हुआ है। उनके पुत्री का नाम जन्म के समय अंशिका डहरिया पिता विरेन्द्र कुमार डहरिया दर्ज करा कर कार्यालय नगर पालिका परिषद् चांपा से जारी किया गया था। चूंकि वर्तमान में उनके पुत्री का सही नाम अंशिका सतनामी पिता विरेन्द्र कुमार सतनामी माता प्रियंका डहरिया निवासी बालपुर चांपा दर्ज किये जाने हेतु यह सूचना प्रकाशन कराया जा रहा है तथा आज के प्रकाशन पश्चात उसके शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, बैंकों, एवं जहां कहीं भी आवश्यकता हो अंशिका सतनामी पिता विरेन्द्र कुमार सतनामी माता प्रियंका सतनामी के नाम से जाना, माना, पढ़ा एवं पहचाना जावें। इससे जिस किसी भी व्यक्ति विशेष, संस्था, समुदाय अन्य किसी को भी आपत्ति हो तो नगर पालिका परिषद् चांपा में स्वयं उपस्थित हो कर 15 दिवस में अपना आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। 15 दिवस के पश्चात आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। एवं यह संशोधित प्रति जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा। सूचना जानें।
दिनांक 24/02/2025

**आवेदक की ओर से**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद चांपा**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लकेशर भार्गे पिता पुक सिंग निवासी सुखापाली तहसील-बसना, जिला महासमुंद छ.ग. का निवासी है। उनके पुत्र/पुत्री का जन्म दिनांक (1) 09/11/2020 (2) 24/09/2022 को हेमिन बाइ रा. मेमो हा. चांपा में हुआ है। उनके पुत्र/पुत्री का नाम जन्म के समय (1) मायरा भार्गे (2) प्रियांश भार्गे पिता लकेशर रत्नाकर दर्ज करा कर कार्यालय नगर पालिका परिषद् चांपा से जारी किया गया था। चूंकि वर्तमान में उनके पुत्र/पुत्री का सही नाम (1) मायरा भार्गे (2) प्रियांश भार्गे पिता लकेशर भार्गे माता सावित्री रत्नाकर निवासी सुखापाली बसना महासमुंद दर्ज किये जाने हेतु यह सूचना प्रकाशन कराया जा रहा है तथा आज के प्रकाशन पश्चात उसके शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, एवं जहां कही भी आवश्यकता हो (1) मायरा भार्गे (2) प्रियांश भार्गे पिता लकेशर भार्गे माता सावित्री भार्गे के नाम से जाना, माना, पढ़ा एवं पहचाना जावें। इससे जिस किसी भी व्यक्ति विशेष, संस्था, समुदाय अन्य किसी को भी आपत्ति हो तो नगर पालिका परिषद् चांपा में स्वयं उपस्थित हो कर 15 दिवस में अपना आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। 15 दिवस के पश्चात आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। एवं यह संसोधित प्रति जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा। सूचना जानें।
दिनांक 25/02/2025

**आवेदक की ओर से**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद चांपा**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

# आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ की संस्कृति और विरासत को संरक्षण करने वाला समाज : विधायक इंद्र साव

■ आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए विधायक

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र झिरिया सिमगा का वार्षिक अधिवेशन ग्राम कामता के चितावर स्थित गोंडवाना भवन में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक इन्द्र साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मूल निवासी के रूप में गोंड आदिवासी समाज की पहचान है जो कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और विरासत के संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हुए आजादी की लड़ाई में भी अहम भूमिका निभाई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष शंकर लाल मरई ने की। इस अवसर पर विधायक साव ने कहा कि आदिवासी समाज एक ऐसा समाज है जो भारत राष्ट्र की मूल सनातन पहचान की रक्षा के लिए प्रकृति के प्रति आस्था रख पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वस्व न्योछावर करके अपना अहम योगदान दिया है समाज की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए हर व्यक्ति को शिक्षित होना पड़ता है आदिवासी समाज को भी आधुनिकता के इस समय में मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अधिक संख्या में शिक्षित होना आवश्यक है। साव ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के मूल निवासी के रूप में गोंड आदिवासी समाज की पहचान है जो कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और विरासत के संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हुए आजादी की लड़ाई में भी अहम भूमिका निभाई वही मुझे देखने को मिला कि किस प्रकार आप अपनी संस्कृति भाषा और पर्व त्योहार को अपनी आपसी भाईचारे के साथ मनाते हुए अपने समाज के उत्थान और युवाओं के लिए जो कार्यक्रम बनाते हैं वह सराहनीय है जहां विवाह या मृत्यु भोज में अन्य समाज के लोग दिखावा करते हुए कर्ज में डूब रहे हैं वही आप लोगों के आदर्श विवाह की परंपरा अन्य समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय अध्यक्ष शंकर लाल मरई ने कहा कि प्रत्येक वर्ष आदिवासी समाज परिक्षेत्र झिरिया द्वारा वार्षिक महा अधिवेशन का आयोजन होता है जिसमें कलश यात्रा एवं भगवान बुढादेव पूजा आरती से प्रारंभ होकर आदर्श विवाह किये जाते हैं। इस वर्ष भी 6 जोड़ों के आदर्श विवाह चितावर देव में हुए समाज की सांस्कृतिक विरासत को युवाओं के साथ आगे बढ़ाते हुए सुआ, कर्मा, लोकगीत के द्वारा गोंडवाना संस्कृति और धरोहर को संजोने का कार्य भी ऐसे अधिवेशनों के द्वारा किया जाता है एवं रात में सामाजिक बैठक कर समाज की समस्याओं का निराकरण भी किया जाता है। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने सभी जोड़ों को 1001 रुपए भेंट कर उनके वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया तथा चितावर देव में भव्य वैवाहिक भवन बनाने की घोषणा की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभिनव यदु ने भी सभा को संबोधित किया। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत कामता के नवनियुक्त सरपंच घनश्याम गिरि गोस्वामी, झिरिया सरपंच प्रतिमा पोमेश साहू, नवागांव सरपंच मीरा धर्मेंद्र कोसले, शेषनारायण साहू, मनीराम ध्रुव, कलाराम ध्रुव, केशव ध्रुव, होरीलाल ध्रुव, रिखी राम ध्रुव, विशंभू ध्रुव, पवन ध्रुव, गणेशाराम बैगा, डोमार सिंह, खेदुराम, हीरा सिंह, जती राम ध्रुव सहित काफी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित थे।

# प्योर ईवी ने लॉन्च किया रोमांचक कैशबैक ऑफर के साथ 'प्योर परफेक्ट 10' रेफरल प्रोग्राम

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के अग्रणी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माताओं में से एक, प्योर ईवी ने अपने मूल्यवान ग्राहकों को अभूतपूर्व कैशबैक इनाम देते हुए 'प्योर परफेक्ट 10' रेफरल प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। शिवरात्रि, होली, उगादि और रमजान ईद सहित आगामी त्यौहारी सीजन के साथ बिल्कुल सही समय पर, यह विशेष पहल ग्राहक जुड़ाव को बढ़ाने और देश भर में ईवी अपनाने को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। प्योर परफेक्ट 10 रेफरल प्रोग्राम सभी मौजूदा प्योर ईवी ग्राहकों, साथ ही नए ग्राहक जो 31 मार्च, 2025 तक या संबंधित आउटलेट्स पर स्टॉक रहने तक प्योर ईवी वाहन खरीदने वालों के लिए के लिए खुला है। इस योजना के तहत, ग्राहक प्योर ईवी वाहन खरीदने के लिए दोस्तों और परिवार को रेफर करके 40,000 रुपए तक का कैशबैक रिवॉर्ड कमा सकते हैं। सभी मौजूदा और नए प्योर ईवी ग्राहकों को उनके रजिस्टर्ड व्हॉट्सएप नंबर (रिकॉर्ड के अनुसार) के माध्यम से 10 यूनिक रेफरल कोड्स प्राप्त होंगे। प्रत्येक सफल रेफरेंस के लिए रेफरर को 4,000 रुपए का कैशबैक वाउचर मिलेगा, जिसे अधिकतम दस नए खरीदार खरीद सकेंगे। रेफरल के जरिए कमाए गए कैशबैक वाउचर का इस्तेमाल भविष्य में सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की जरूरतों के लिए किया जा सकता है। ग्राहक इनका इस्तेमाल अपग्रेड, वाहन एक्सचेंज और बैटरी एक्सचेंज ऑफर के लिए भी कर सकते हैं या रेफर किए गए दोस्त या परिवार के सदस्य की प्योर ईवी खरीद पर सीधे नकद छूट का लाभ उठा सकते हैं। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, प्योर के सह-संस्थापक और सीईओ, रोहित वडेरा ने कहा, हमारे ग्राहक हमारे हर काम के केंद्र में हैं, और हम इस विशेष रेफरल कार्यक्रम के साथ उनके त्यौहारों के जश्न में और भी अधिक खुशी जोड़ना चाहते हैं। यह पहल न सिर्फ हमारे ग्राहकों को उनके भरोसे और लॉयल्टी के लिए पुरस्कृत करती है, बल्कि उन्हें अपने प्रियजनों के साथ प्योर ईवी अनुभव साझा करने में भी सक्षम बनाती है। रेफरल देकर, वे आकर्षक कैशबैक इंसेंटिव से लाभान्वित होते हैं, जबकि वे सस्टेनेबल मोबिलिटी के बड़े लक्ष्य में योगदान करते हैं। हमारा मानना है कि इससे हमारे ग्राहक समुदाय को मजबूती मिलेगी और पूरे भारत में ईवी को अपनाने में तेजी आएगी। प्योर ईवी का लक्ष्य ग्राहक संबंधों को मजबूत करना और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है, साथ ही सस्टेनेबल मोबिलिटी को और अधिक सुलभ बनाना है।

# कलर्स के सेलेब्स ने महाशिवरात्रि के अपने रिवाजों और मान्यताओं के बारे में खुलकर बात की

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलर्स के 'राम भवन' में ओम का किरदार निभा रहे मिश्कत वर्मा कहते हैं, मुझे महादेव का दर्शन बेहद प्रासंगिक लगता है, अतीत की बातों को भूलकर, वर्तमान में यकीन करो, और आगे की सफर के प्रति पूर्ण समर्पण करो। इन मान्यताओं ने मुझे एक इंसान के तौर पर बेहतर बनाया है, जिससे मुझे अपनी ज़िंदगी और अपने क्राफ्ट में शांति और स्पष्टता मिली है। इससे भी खास बात यह है कि राम भवन में मेरा किरदार, ओम, इन्हीं आदर्शों का प्रतीक है, दृढ़ता, सच्चाई, और नियति पर अटूट विश्वास ये आदर्श महादेव की शिक्षा के मूल में हैं। मैं महा शिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिर जाऊंगा और कुछ समय ध्यान करूंगा। यह पवित्र रात हमें याद दिलाती है कि धैर्य, यकीन, और ईश्वर की कृपा पर विश्वास हमें सबसे कठिन तूफानों से भी निकाल सकता है। मेरी कामना है कि हम सभी को भगवान शिव के आशीर्वाद से बीती बातों को भूलकर आगे बढ़ने और वास्तविकता को स्वीकार करने का ज्ञान मिले। हर हर महादेव। कलर्स के 'शिव शक्ति-तप त्याग तांडव' में मीनाक्षी की भूमिका निभा रहीं सुभा राजपूत कहती हैं, शिव शक्ति-तप त्याग तांडव का हिस्सा बनना ऐसा आशीर्वाद है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। दर्शकों ने शो को जो प्यार और समर्पण दिखाया है, उसने इस सफर को और भी अधिक सार्थक बना दिया है, और मैं खुद को सौभाग्य मानती हूं कि मुझे हमारी संस्कृति और आध्यात्मिकता में इतनी गहराई से निहित कहानी को जीवंत करने का अवसर मिला है। महा शिवरात्रि भक्ति, कृतज्ञता, और अपने मन में झांकने का समय है। मेरे लिए, यह समय हमेशा खुद को दुनिया की उथलपुथल से अलग करने, और जाप करके व ध्यान लागकर महादेव की अनुभूति से जुड़ने के बारे में रहा है। इस साल, महा शिवरात्रि के अवसर पर हमारा शो मीनाक्षी और सुंदर की पवित्र शादी की दिव्य कहानी को प्रदर्शित करेगा। यह दो आत्माओं का मिलन और शिव और शक्ति के शाश्वत रिश्ते का सुंदर प्रतिबिंब है, जिससे शक्ति और अनुग्रह का आलौकिक संतुलन बना। इस शुभ अवसर पर, इस कहानी की भव्यता, भक्ति और आध्यात्मिक गहराई भगवान शिव के प्रति आदर्श सम्मान का प्रतीक है। मेरी कामना है कि यह महा शिवरात्रि हमें उस मार्ग के करीब लाए जो महादेव ने हमारे लिए निर्धारित किया है। ओम नमः शिवाय।

# सारेगामापा संगीत विद्यालय के वार्षिक समारोह में छोटे-छोटे बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

सारेगामापा संगीत विद्यालय का वार्षिक समारोह मयाराम सुरजन हाल, रजबंधा मैदान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा बहुत ही रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि योगेश अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि आदर्श स्कूल टाटीबंध की वाइस प्रिंसिपल देबर्चना राय भी उपस्थित थे। संस्था के डायरेक्टर संगीत गुरु डॉ एन डी चक्रबर्ती के मार्गदर्शन और संगीत गुरु राहुल चक्रबर्ती के संगीत निर्देशन में लाईव म्यूजिक के साथ सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। अर्धशास्त्रीय और सुगम फिल्मी संगीत पर आधारित इस कार्यक्रम में 5-6 वर्ष के बच्चे से लेकर 20-25 साल के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां दी जिसमें अद्विता चक्रबर्ती, सान्वी बजाज, साहित्या ठाकुर, आरव ठाकुर, भूमि सागर, सोमा कश्यप, महिमा सोमावार, ललित ध्रुव, हर्षिका बैद, शिवानी बानी, प्रिया साहू, अनुष्का भट्टाचार्य, प्रिया नायक, कबीर पाल, वेदांती कामले, एकांश बाकलीवाल, संचित आदित्य, शरण्या आदित्य, ईशान दत्त झा, सौम्या ठाकुर, दिव्या ठाकुर, अनन्या ठाकुर, नलिनी प्रभा तिवारी, रूमा सेनगुप्ता ने अपने गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पालकगण और अभिभावक उपस्थित थे। जिनमें लक्ष्मी नारायण लाहोटी, पायल नागरानी, प्रतिभा नारायण ठाकुर, सविता नवीन आदित्य, सपना गिरीश बजाज, गरिमा नीरज बाकलीवाल, ज्योति सुनील कोरी, रेखा रामेश्वर राव, लता जलन सागर, रोज़ा अश्वनी कामले, राखी आशीष कुमार बैद, कंचन अभिषेक पाल, कृति रुपेश कुमार झा, पूर्णिमा संजय भट्टाचार्य, श्वेता अभिषेक ठाकुर, विनिता मुकेश झा, सुनीता अनिल साहू आदि उपस्थित थे।

# रायपुर मंडल ने आपरेशन नन्हे फरिस्ते के तहत नाबालिक बच्चों को उनके परिजनों को सुपुर्द किया



**रायपुर।** रेसुब पोस्ट भाटापारा ने मंसुनि कक्ष रायपुर से सूचना प्राप्त हुआ कि गाडी संख्या 12853 अमरकंटक एक्सप्रेस मे अनुरक्षण पार्टी सहायक उप निरी एस एस यादव द्वारा एक नाबालिक बच्चा जो घर से भाग गया है, जिसे भाटापारा स्टेशन में सूपूर्द किया जाना है। सूचना पर पाली अधिकारी सउनि एम के पोर्ते व स्टॉफ द्वारा उक्त ट्रेन भाटापारा स्टेशन पर समय 20.21 बजे आगमन पर उक्त ट्रेन को अटेन्ड किया गया तथा अनुरक्षण पार्टी द्वारा एक नाबालिक बच्चा उम्र 11 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 14 चकरभाठा थाना चकरभाठा जिला बिलासपुर छ.ग. का रहने वाला है को सूपूर्द करने पर पोस्ट पर लाया गया तथा उक्त नाबालिक बालक से पूछने पर बताया कि उसे उसके पिता द्वारा डाट दिया था, जिसके कारण वह घर में बिना बताए भाग कर रायपुर चला गया था और वापस गाड़ी संख्या 12853 एक्सप्रेस से बिलासपुर के लिए जा रहा था। तब नाबालिक बच्चे की सूचना उनके माता पिता को दिया गया। 25.02.25 को रात्री समय करीबन 02.00 बजे नाबालिक बच्चा के पिता अखिलेश पाठक पिता सुदामा प्रसाद पाठक उम्र 38 वर्ष निवासी चकरभाठा थाना चकरभाठा जिला बिलासपुर छ.ग. तथा स्थानीय पुलिस थाना चकरभाठा से आरक्षक क्रमांक 109 संजय सूर्यवंशी, गुमशुदगी रिपोर्ट के साथ पोस्ट में उपस्थित हुआ एवं उक्त नाबालिक बच्चे के संबंध में सही जॉच पड़ताल कर सुपुर्दनामा में दिया गया।

# सांसद विजय बघेल से रवेली की नवनिर्वाचित सरपंच नें की मुलाकात



पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत रवेली पाटन की नवनिर्वाचित सरपंच लता ताराचंद वर्मा ने अपने पंच सदस्यों और कार्यकर्ताओं के साथ दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल से उनके निवास पहुंचकर मुलाकात की और आशीर्वाद लिया तथा आभार व्यक्त किया। सरपंच एवं उपस्थिति पंचों ने रवेली गांव को नशामुक्त एवं आदर्श गांव पुनः स्थापित करने की बात सांसद दुर्ग से कही। उनके साथ पंचगण मोहनी साहू, रमेश बया, प्रेम वर्मा, सुधा वर्मा, जागेश्वर साहू, टॉमिन वर्मा, रेखा ठाकुर, संतोष यादव, भीम साहू, और गोमती साहू के साथ रूपेंद्र वर्मा टिकेंद्र वर्मा, घासीराम साहू, मंगलेश साहू, बिहार निर्मलकर, दामोदर ठाकुर, संदीप वर्मा, रोहित साहू, गंगा साहू, ओम प्रकाश साहू, राहुल यादव ने सांसद विजय बघेल से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। सांसद विजय बघेल ने इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस जीत से हमें नई जिम्मेदारियां मिली हैं। हमें जो जनता की उम्मीदें हैं उनका ध्यान रखना है और उसके अनुरूप काम करना है।

# इलेक्रामा 2025 में 20 स्टार्टअप्स की प्रतिस्पर्धा में एआई, स्वचालन और सस्टेनेबिलिटी सबसे आगे

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

एक दिन पहले पीयूष गोयल के एक प्रभावशाली संबोधन के बाद, बहुप्रतीक्षित आईईईएमए के स्टार्टअप्स से जुड़े प्रमुख कार्यक्रम इलेक्ट्रावर्स स्पार्क्स के तीसरे संस्करण के उद्घाटन के साथ इलेक्रामा 2025 के चौथे दिन उत्साह का माहौल बना रहा। इस मंच पर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई, ऑटोमेशन और सस्टेनेबिलिटी समाधानों में अपने सफल नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए अर्ली-स्टेज और लेट-स्टेज स्टार्टअप्स एक साथ आए। यह कार्यक्रम 20 सबसे भरोसेमंद स्टार्टअप्स के लिए एक प्रतिस्पर्धी मंच के तौर पर सामने आया, जिनमें से प्रत्येक ने उद्योग को बदलने की क्षमता वाले अत्याधुनिक समाधान प्रस्तुत किए। मिनिस्ट्री ऑफ हैवी इंडस्ट्रीज में संयुक्त सचिव विजय मित्तल (आईओएफएस) की उपस्थिति में वर्ल्ड यूटिलिटी समिट (डब्ल्यूयूएस) का समापन हुआ और इसमें ग्रिड आधुनिकीकरण, सस्टेनेबिल एनर्जी से जुड़ी नीतियों और बिजली क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन के बारे में बहुमूल्य जानकारियां दी गई। इसके साथ ही, उभरती टेक्नोलॉजीज के लिए उद्योग के प्रमुख फोरम ईटेकनेक्स्ट का समापन एआई इंटिग्रेशन, आईओटी-आधारित स्मार्ट ग्रिड और एनर्जी मार्केट्स में ब्लॉकचेन एप्लिकेशंस पर चर्चा के साथ हुआ। मिनिस्ट्री ऑफ हैवी इंडस्ट्रीज में संयुक्त सचिव विजय मित्तल (आईओएफएस) ने डब्ल्यूयूएस के समापन के दौरान कहा, विद्युत ऊर्जा उत्पादन और यूटिलिटीज के क्षेत्र में सेक्टर से जुड़े विशेषज्ञों के साथ जुड़ना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। पेशे से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में, पनबिजली (हाइड्रो पावर) उत्पादन से लेकर वर्तमान भूमिका तक की मेरी यात्रा के दौरान हैवी इलेक्ट्रिकल सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति मेरा भरोसा और मजबूत हुआ है। भारत में ऊर्जा की मांग वैश्विक औसत से ज्यादा गति से बढ़ रही है और हमारा ध्यान घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने, सप्लाई चेन में लचीलेपन को मजबूती देने और ग्रीन एनर्जी समाधानों को अपनाने में तेजी लाने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा, एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल्स के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव और बेहतर क्वालिटी स्टैंडर्ड्स जैसे रणनीतिक उपाय, एक ऐसे इकोसिस्टम को बढ़ावा दे रहे हैं जो 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के भारत के विज़न के अनुरूप है। इसके अलावा, प्रमुख रॉ मटेरियल और टेक्नोलॉजी से जुड़ी साझेदारियां करने के लिए एफटी.ए. का दोहन करना एक मजबूत और आत्मनिर्भर ऊर्जा क्षेत्र सुनिश्चित करने में सहायक होगा।

# फाइलेरिया से बचाव के लिए सामूहिक दवा सेवन सभी आंगनबाड़ी केन्द्र एवं सभी स्कूलों में आज





पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दल्लीराजहरा नगर में 27 वार्डों में सामूहिक दवा सेवन सभी आंगनबाड़ी केन्द्र एवं सभी स्कूलों में गुरूवार को स्वास्थ्य कर्मचारीगण, मितानिनगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एवं स्कूलों में शिक्षकगण के द्वारा दवाई खिलाई जायेगी। स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने बताया फाइलेरिया मादा क्यूलेस मच्छर के काटने से फैसला है, लक्षण हाथ पैर में सूजन, बुखार, जननांग के आसपास सूजन एवं दर्द दिखाई देता है। रुके हुए पानी में मच्छर पनपता है, संक्रमित व्यक्ति को मच्छर काटकर संक्रमित हो जाता है। संक्रमित मच्छर स्वस्थ व्यक्ति को काटकर संक्रमित कर देता है। फाइलेरिया से बचाव के लिए उम्र के अनुसार डी ई सी एवं एलबेन्डाजाल की दवाई खिलाई जायेगी। नगरवासियों से निवेदन है कि नजदीक के आंगनबाड़ी केन्द्र में जाकर फाइलेरिया से बचाव के लिए दवाई अवश्य खायें और सुरक्षित रहें।

# भैरमगढ़ एवं जगरगुण्डा एरिया कमेटी अंतर्गत नेंड्रा आरपीसी के मिलिशिया प्लाटून सदस्य ने किया पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com



पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, पुलिस महानिरीक्षक केरिपु सीजी सेक्टर छ.ग. रायपुर, उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज, उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर सेक्टर के मार्ग दर्शन व पुलिस अधीक्षक बीजापुर के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी, बस्तर फाईटर, एसटीएफ, कोबरा व केरिपु बल के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से तथा छ.ग. शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति साथ ही छ.ग. शासन द्वारा चलाये जा रहे नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर भैरमगढ़ एरिया कमेटी एवं जगरगुण्डा एरिया कमेटी के मिलिशिया प्लाटून सदस्य कुल 02 माओवादियों ने बुधवार को पुलिस उप महानिरीक्षक केरिपु बीजापुर देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 199 आनंद कुमार, कमांडेंट 210 कोबरा अशोक कुमार, अति.पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान मयंक गुर्जर, अति.पुलिस अधीक्षक युलैण्डन यार्क, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी विनीत साहू के समक्ष आत्मसमर्पण किये। आत्मसमर्पित माओवादी के नाम सुखराम सोढ़ी ऊर्फ सुकड्डु पिता मंगडू सोढ़ी उम्र 27 वर्ष निवासी केशकुतुल थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर केशकुतुल आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य वर्ष 2015 से सक्रिय, नारू ईरपा ऊर्फ नारायण पिता विरैया उम्र 36 वर्ष निवासी बलम नेण्ड्रा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर मिलिशिया प्लाटून सदस्य वर्ष 2021 से सक्रिय। संगठन में कार्य वर्ष 2015 बाल संगम सदस्य के पद पर कार्य किया। वर्ष 2016 से संगठन में मिलिशिया प्लाटून सदस्य के पद पर कार्यरत था। घटना वर्ष 2017 में जांगला भैरमगढ़ के बीच झाड़ काट कर मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल, वर्ष 2019 में ग्राम केशकुतुल से हल्लूर जाने वाली सड़क पर गडढा खोदकर स्पाईक्स लगाने में शामिल, वर्ष 2020 में केशकुतुल से तोड़ोपारा कच्ची मार्ग को खोदकर स्पाईक्स लगाने में शामिल, वर्ष 2021 में केशकुतुल से सूराखेड़ा मार्ग पर गडढा खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने में शामिल, वर्ष 2020 में केशकुतुल से करकादोर्रा पहाड़ी किनारे कच्ची मार्ग को खोदकर स्पाईक्स लगाने में शामिल, वहीं नारू ईरपा ऊर्फ नारायण पिता विरैया संगठन में वर्ष 2021 से सक्रिय, संगठन छोड़ने छ.ग. शासन की पुनर्वास नीति के व्यापक प्रचार-प्रसार, पुनर्वास योजना के तहत लाभ व परिवार के साथ खुशहाल जीवन जीने की सोच लिये समाज के भटके माओवादियों ने संगठन में उनके कार्यो की उपेक्षा करने, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं माओवादियों के द्वारा आदिवासियों पर किये जा रहे अत्याचार से त्रस्त होकर, छ.ग. शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीतियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए उक्त माओवादियों द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया। आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 25000-25000/- रूपये (पच्चीस हजार रूपये) नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।

# बजाज ने महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए 24×7 सेवा केंद्र खोलकर उनकी यात्रा को सुगम बनाया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



महाकुंभ मेला 2025 में जहां लाखों लोग आस्था की डुबकी लगाने निकले हैं, वहीं बजाज ने 24×7 सेवा केंद्र की सुविधा के साथ उनकी यात्रा को आरामदायक बना दिया। पवित्र मौनी अमावस्या के दिन से, बजाज ने थके हुए श्रद्धालुओं को मुफ्त गर्म पानी की थैलियां दीं, जिससे उन्हें कड़ाके की ठंड में जरूरी गर्माहट और आराम मिला। लगभग 1,00,000 से ज्यादा भक्तों को यह सेवा देकर, बजाज ने हर यात्रा में एक भरोसेमंद साथी होने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। इस पहल में आकर्षण का केंद्र था, बजाज पेंटाकल डिजी वॉटर हीटर, जो निरंतर गर्म पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करता है। हर परिस्थिति में बेहतर प्रदर्शन और मजबूती के साथ बना यह गीजर, बजाज के भरोसेमंद होने के वादे को पूरा करता है। बजाज भारतीय घरों के लिए पीढ़ियों से भरोसेमंद साथी रहा है, जो ऐसे उपकरण बनाता है जो रोज़ाना की जिंदगी को सुखद बनाते हैं। भारतीय घर की हर जरूरत को पूरा करने के लिए बजाज के भरोसेमंद वॉटर हीटर, शक्तिशाली मिक्सर ग्राइंडर और किफायती पंखा आदि सभी टिकाऊ उत्पाद शानदार कीमत पर उपलब्ध हैं। आप सिर्फ बजाज का एक उपकरण नहीं खरीदते बल्कि ऐसे ब्रांड में निवेश करते हैं जो हर दिन आपके आराम, सुविधा और बेहतरीन परफार्मेंस का वादा करता है।

# पेटीएम ने व्यापारियों के लिए भारत का पहला सोलर साउंडबॉक्स लॉन्च किया




पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड), जो भारत की अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा वितरण कंपनी है तथा क्यूआर कोड, साउंडबॉक्स और मोबाइल भुगतान की अग्रणी रही है, ने व्यापारियों के लिए 'पेटीएम सॉलर साउंडबॉक्स' लॉन्च किया है, जो भारत में अपनी तरह का पहला उपकरण है। यह इनोवेशन हल्की धूप में भी जल्दी चार्ज होकर पूरे दिन की पावर प्रदान करता है, जिससे छोटे दुकानदारों और व्यापारियों को बिना किसी परेशानी के भुगतान और विश्वसनीय सेवा मिलती है। भारत में बना यह पेटीएम सॉलर साउंडबॉक्स एक एनवायरमेंट फ्रेंडली समाधान है, जो कम लागत वाले वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत का उपयोग करता है। यह ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के साथ-साथ उन स्थानों में भी व्यापारियों को डिजिटल इकोसिस्टम का हिस्सा बनने में सक्षम बनाता है जहां बिजली की कमी होती है। इसके साथ, पेटीएम व्यापारियों को समर्थन देना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और पूरे देश में स्थायी प्रथाओं को प्रोत्साहित करना जारी रखता है।

# साल्ही ग्राम में हुआ पीसीबी ट्रॉफी अंतर्ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ पहले दिन के रोमांचक मुकाबले में साल्ही, परसा और चंदननगर ने दर्ज की जीत




पायनियर संवाददाता ➤ उदयपुर
www.dailypioneer.com

## उद्घाटन के पश्चात खेले गए तीन मुकाबले में छह टीमों ने दिखाया अपना शानदार खेल

फुटबॉल प्रेमियों के लिए आज का मुकाबला बेहद रोमांचक भरा रहा, क्योंकि पीसीबी ट्रॉफी के तहत खेले गए तीन कड़े मुकाबलों में साल्ही, परसा और चंदननगर की टीमें विजयी रहीं। मैदान पर खिलाड़ियों के जोश, दर्शकों की तालियों और निर्णायक पलों ने टूर्नामेंट को यादगार बना दिया। मैच रेफरी संतोष कुमार श्रीवास्तव, योगेंद्र सिंह उइके और राजेंद्र सिंह मरकाम ने अपनी सूझबूझ और अनुभव से इस टूर्नामेंट को सफल और निष्पक्ष रूप से संचालित करने में अपनी अहम भूमिका निभाई।, जिससे खिलाड़ियों को बेहतरीन मार्गदर्शन मिला।

सरगुजा जिले के उदयपुर प्रखण्ड में फुटबॉल प्रेमियों के लिए रोमांच और उत्साह से भरपूर पीसीबी ट्रॉफी अंतर्ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) के सामाजिक सरोकारों के तहत परसा कोयला खदान (पीसीबी) के नाम पर ग्राम साल्ही के मैदान में 1 मार्च 2025 तक चलने वाले इस फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम तारा की नव नियुक्त सरपंच संपत्तियां देवी ने किया। इस टूर्नामेंट में स्थानीय के साथ साथ कोरबा और सूरजपुर जिलों की कुल 24 टीमों के 360 खिलाड़ियों के मध्य कुल 23 मुकाबले खेले जाएंगे। खेल और खेल भावना से खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में पाँच दिनों तक शाम 5 बजे से तीन पेशेवर रैफरीयों, संतोष कुमार श्रीवास्तव, योगेंद्र सिंह उइके और राजेंद्र सिंह मरकाम के मार्गदर्शन और नेतृत्व में दर्शक उच्च स्तरीय फुटबॉल का आनंद लेंगे। संतोष कुमार श्रीवास्तव, जो 1994 में संतोष ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश से बतौर गोलकीपर खेल चुके हैं, और गुजरात में शारीरिक शिक्षा शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, उन्होंने अपने अनुभव से टूर्नामेंट को बेहतर दिशा दी। वे 2007 और 2009 में सुब्रतो मुखर्जी कप में अंडर-14 और अंडर-17 राष्ट्रीय टीम के कोच भी रह चुके हैं। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 1 मार्च को खेला जाएगा, जिसमें दो सर्वश्रेष्ठ टीमें पीसीबी ट्रॉफी के खिताब के लिए भिड़ेंगी। विजेता टीम को 31000 तथा उपविजेता टीम को 21000 का नगद पुरस्कार सहित पीसीबी ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। पीसीबी ट्रॉफी अंतर्ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट की आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह पोर्ते, सचिव आनंद सिंह श्याम, उपाध्यक्ष बजरंग उईके, कोषाध्यक्ष उज्जैन पोर्ते, संरक्षक पन्ने सिंह उईके तथा अन्य सदस्यगण में मिथुन पोर्ते, गंगा श्याम, सुमान उईके, कुलदीप कुसरो, मन्नू पोर्ते, उमेश पोर्ते, चंदन सिंह पोर्ते, अनुज कुसरो इत्यादि के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। वहीं ग्राम सरपंच संपत्तियां देवी ने टूर्नामेंट उद्घाटन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह आयोजन न केवल क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है, बल्कि युवाओं को खेल संस्कृति से जोड़ने की दिशा में एक बेहतरीन पहल भी है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने और अपने प्रदर्शन से खेल प्रेमियों का दिल जीतने के लिए प्रेरित किया। विशेष अतिथि के तौर पर ग्राम साल्ही के नवल साय, अदाणी इन्टरप्राइसेस लिमिटेड से अधिकारी राम द्विवेदी, राजीव रंजन द्विवेदी, राजकुमार पांडे, अदाणी फाउंडेशन से अशोक पंडा व उनकी टीम सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने किया त्रिवेणी संगम में शाही स्नान, भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के लिए की मंगल कामना



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर राजिम कुंभ कल्प में त्रिवेणी संगम में पूज्य संतों के साथ शाही स्नान किया। इस शुभ अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। शाही स्नान के बाद उप मुख्यमंत्री शर्मा ने भगवान राजीव लोचन और भगवान भोलेनाथ का विधिवत पूजन-अर्चन कर प्रदेश की समृद्धि और उन्नति के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी आध्यात्मिक परंपरा, भक्ति और सनातन संस्कृति का महोत्सव है, जो हमें जीवन में संयम, त्याग और साधना का मार्ग दिखाता है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने श्रद्धालुओं और संत समाज का अभिवादन करते हुए कहा कि राजिम कुंभ कल्प छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बन चुका है, जहां संत-महात्माओं की उपस्थिति से पूरा वातावरण शिवमय हो जाता है। उन्होंने इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया और कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरती संत परंपरा की धरोहर रही है, जिसे सशक्त बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।

# राजेश मूणत और पुरंदर मिश्रा ने इंडोर स्टेडियम में आयोजित महापौर मीनल चौबे और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे एवं नवनिर्वाचित 70 वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह गुरूवार को दोपहर 3 बजे नगर पालिक निगम रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित है। शपथ ग्रहण समारोह की प्रशासनिक तैयारियां लगभग पूर्णता की ओर अग्रसर है। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने इंडोर स्टेडियम पहुंचकर शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का प्रत्यक्ष निरीक्षण नगर पालिक निगम रायपुर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे, नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा, रमण मन्दिर वार्ड क्रमांक 14 के नवनिर्वाचित पार्षद सूर्यकान्त राठौड़, पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रमेश सिंह ठाकुर, अपर आयुक्त यू. एस. अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, अंशुल शर्मा जूनियर सहित सम्बंधित निगम अधिकारियों की उपस्थिति में लिया एवं सम्बंधित निगम अधिकारियों को शपथ ग्रहण की तैयारियों के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए।

## 14 उद्योगों पर 10.51 लाख रुपये का पर्यावरणीय जुर्माना

**रायपुर।** रायगढ़ जिले में कच्चे माल, उत्पाद और अपशिष्ट परिवहन के दौरान पर्यावरणीय सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर कार्तिकेय गोयल के निर्देश पर गठित संयुक्त जांच दल द्वारा बीते सप्ताह की गई निरीक्षण कार्रवाई में 14 उद्योगों पर कुल 10.51 लाख रुपये का पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति शुल्क अधिरोपित किया गया है। क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी अंकुर साहू ने बताया कि 15 से 21 फरवरी 2025 के दौरान गठित जिला स्तरीय जांच कमेटी ने चंद्रपुर, कोडातराई, हमीरपुर, ढिमरापुर, तमनार, घरघोड़ा और पलगढ़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों में कच्चे माल, उत्पाद और अपशिष्ट परिवहन करने वाले वाहनों की सघन जांच की।

# खालिन जोशी ने शानदार 60 का स्कोर किया, हाफ वे लीड पर कब्जा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



बेंगलुरु के गोल्फर खालिन जोशी ने शानदार नौ-अंडर 60 का स्कोर करते हुए आईएनआर 1 करोड़ एसईसीएल छत्तीसगढ़ ओपन 2025, जो छत्तीसगढ़ पर्यटन द्वारा प्रस्तुत किया गया है और नया रायपुर के फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिज़ॉर्ट में खेला जा रहा है, के दूसरे दौर में एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली। उनके कुल स्कोर 14-अंडर 124 हो गया है। अंतरराष्ट्रीय विजेता खालिन जोशी (64-60), जिन्होंने शौर्य बिनु द्वारा पहले दौर में बनाए गए टूर्नामेंट के न्यूनतम स्कोर 60 की बराबरी की, पहले दिन संयुक्त 13वें स्थान से 12 स्थान की छलांग लगाकर बुधवार को एकल बढ़त पर पहुंच गए। दिल्ली के शौर्य भट्टाचार्य (64-61) और गुरुग्राम के कार्तिक शर्मा (63-62) ने बोगी-फ्री राउंड के साथ क्रमशः 61 और 62 का स्कोर किया और संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। दोनों का कुल स्कोर 13-अंडर 125 रहा। शौर्य 11 स्थान ऊपर आए, जबकि कार्तिक ने 5 स्थानों की छलांग लगाई। पहले दौर के लीडर शौर्य बिनु ने 67 का स्कोर किया, जिससे वह संयुक्त आठवें स्थान पर खिसक गए। उनका कुल स्कोर 11-अंडर 127 है। कोलकाता के शंकर दास ने दूसरे होल पर होल-इन-वन किया और 66 का स्कोर बनाया। वह संयुक्त 43वें स्थान पर चार-अंडर 134 के स्कोर के साथ रहे। कट चार-अंडर 134 पर घोषित किया गया, जिसमें 60 प्रोफेशनल्स ने जगह बनाई। खालिन जोशी का फ्रंट-नाइन थोड़ा शांत रहा, जहां उन्होंने तीन बर्डी और एक बोगी बनाई। लेकिन उनका बैक-नाइन शानदार रहा, जिसमें उन्होंने 12वें होल पर चिप-इन ईगल और छह बर्डी बनाई, जबकि एक बोगी हुई। छह प्रो टाइटल जीत चुके और पूर्व पीजीटीआई नंबर 1 रह चुके जोशी ने 11वें होल पर शानदार चिप लगाकर टेप-इन बर्डी बनाई।

# पॉवर कंपनी में डॉ. अबीर मिश्र ने किया नि:शुल्क दंत परीक्षण एवं उपचार



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com


छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी डंगनिया औषधालय द्वारा निःशुल्क दंत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आये ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने दंत परीक्षण एवं परामर्श का लाभ लिया। दंत विशेषज्ञ डॉ अबीर मिश्र (एम.डी.एस कंजर्वेटिव एंड माइक्रो एंडोडोन्टिक्स) ने मरीजों के दांतों के परीक्षण के साथ लोगों को दांत की देखभाल के घरेलू उपचार भी बताये। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग दांत मे दर्द, सूजन और केविटी होने पर ही जॉच करवाने आते हैं। इस स्थिति में उपचार के अलावा कोई विकल्प नही रहता जबकि दांतों के नियमित देखभाल और वार्षिक परीक्षण से दांतों को लंबे समय तक सुरक्षित तक रखा जा सकता है।

# 4 मार्च को मनाया जाएगा लाइनमेन दिवस: राष्ट्रीय स्तर पर होगा उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित लाइनमेन का सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अंतर्गत पूरे प्रदेश में कार्यरत विद्युत लाइनमेन की सेवाओं को रेखांकित करने तथा उनके कल्याण हेतु विविध आयोजन करने हेतु 4 मार्च 2025 को लाइनमेन दिवस आयोजित करने का निर्देश जारी किया गया है। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा इस संबंध में परिपत्र जारी करते हुए प्रत्येक राज्य से उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाइनमेन के नाम भी मंगाए गए है जिनमें से चयनित लाइनमेन को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत और सम्मानित भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2021 में राष्ट्रीय स्तर पर लाइनमेन दिवस मनाए जाने की पहल की गई थी। वर्ष 2025 को पांचवां लाइनमेन दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर आंधी, तूफान, बारिश तथा लू के थपेड़ों के बीच कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में काम करते हुए विद्युत आपूर्ति की निरंतरता बनाए रखने वाले लाइनमेन की सेवाओं के संबंध में जन-जागरण किया जाएगा। विद्युत उपभोक्ताओं को लाइनमेन की सेवाओं के बारे में बताया जाएगा। लाइनमेन के सम्मान के साथ ही उनकी सुरक्षा के उपाय भी किए जाएंगे। प्रदेश के प्रमुख सचिव ऊर्जा तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने विभिन्न क्षेत्रीय मुख्यालयों के प्रभारियों तथा अधीनस्थ कार्यालयों से अपील किया है कि लाइनमेन दिवस का आयोजन मैदानी स्तर तक किया जाए।

## तेन्दूपत्ता अग्रिम विक्रय के लिए ऑनलाइन निविदाओं की स्वीकृति



**रायपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति की बैठक में वर्ष 2025 के तेन्दूपत्ता सीजन में संग्रहित होने वाले तेन्दूपत्ते के अग्रिम विक्रय हेतु द्वितीय चक्र की ऑनलाइन निविदाओं को स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित इस बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि निर्धारित समयावधि में कुल 80 निविदाएं प्राप्त हुई हैं। इसके साथ ही बैठक में तेन्दूपत्ता संग्रहण, बांस की बहुउद्देशीय उपयोगिता और वनवासियों की आय में वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी गहन चर्चा की गई।

## सड़क सुरक्षा, पर्यावरण जागरूकता के लिए आयोजित दो दिवसीय राहगीर दिवस कार्यक्रम बोर्ड परीक्षा को देखते हुए स्थगित किया गया

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के अंतर्गत सड़क सुरक्षा, पर्यावरण जागरूकता को लेकर जीई रोड में 1 मार्च को संध्या 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक और 2 मार्च को सुबह 7 बजे से 10 बजे तक दो दिवसीय राहगीर दिवस कार्यक्रम आयोजन किया जाना था, जिसमें जुम्बा, योग, विविध गतिविधियां मेडिकल कैम्प, साइकिल चलाना, खेल स्पर्धाएं आदि गतिविधियां होनी थीं। उक्त दो दिवसीय राहगीर दिवस कार्यक्रम का आयोजन शिक्षण संस्थानों द्वारा बोर्ड परीक्षा को देखते हुए प्राप्त निवेदन अनुसार आगामी तिथि तक स्थगित कर दिया गया है।

# भाजपा में शामिल होंगी निर्दलीय पार्षद, सांसद बृजमोहन से मिलीं



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर ग्रामीण नगरीय निकाय चुनाव में महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 08 सडडु की नवनिर्वाचित निर्दलीय पार्षद सावित्री भारत धीवर ने बुधवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं विकासोन्मुखी दृष्टिकोण से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सावित्री धीवर का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति से प्रभावित होकर जनता भाजपा से जुड़ रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सावित्री धीवर भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतों के अनुरूप जनसेवा को प्राथमिकता देंगी और अपने वार्ड के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। भारतीय जनता पार्टी निरंतर समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है और नए जनप्रतिनिधियों के जुड़ने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403